* बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

* रजि. नंबर : 52290/90 * वर्ष : 36 * अंक : 146 * पृष्ठ : 16 * औरंगाबाद, गुरुवार, 23 अक्टूबर 2025 * मूल्य : 3.00 रुपये * औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित * www.navbihartime.com



चित्रगुप्त पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं

# देश में मिसाल बनी जीविका योजना बदली महिलाओं की तकदीर : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को कहा कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए शुरू की गई जीविका योजना आज देश में एक मिसाल बन चुकी है। अब तक एक करोड़ 40 लाख महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ चुकी हैं। केंद्र सरकार के मंत्री भी इस मॉडल को देखने बिहार आए और इसकी सराहना की। नीतीश ने गोपालगंज के कटेया में एनडीए की चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। सीएम ने दावा किया कि जीविका योजना से महिलाओं की तकदीर बदल गई। उन्होंने कहा कि अब जीविका समूहों का विस्तार ग्रामीण से लेकर शहरी इलाकों तक हो गया है। हजारों महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। राज्य के सभी पंचायतों में विवाह भवनों का निर्माण लगभग 4 हजार करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वृद्धजन, दिव्यांग और विधवा पेंशन की राशि बढ़ाई गई है। हर घर की एक महिला को रोजगार देने के लक्ष्य के



तहत 10 हजार रुपये की सहायता राशि योजना शुरू की गई है। बिहार आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है और इसमें महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। सीएम ने कहा कि आज से 20 वर्ष पहले बिहार के लोग घरों से निकलने में डरते थे। चारों ओर भय और अराजकता का माहौल था। लोग शाम होते ही घरों में दुबक जाते थे। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। आज लोग दिन-रात कभी भी बेखौफ घूम सकते हैं। यह परिवर्तन हमारी सरकार के आने के बाद संभव हुआ है। मुख्यमंत्री नीतीश बुधवार को कटेया प्रखंड के खुरहुरिया खेल मैदान में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कुचायकोट, भोरे और हथुआ विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं से क्रमशः अमरेंद्र कुमार पांडेय उर्फ पप्पू पांडेय, सुनील कुमार और रामसेवक सिंह के पक्ष में वोट देने की अपील की। नीतीश कुमार ने राजद और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और बिजली की स्थिति बेहद खराब थी। लेकिन अब बिहार के हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। राज्य में शांति, सौहार्द और भाईचारे का वातावरण है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2006 से कब्रिस्तानों की घेराबंदी और 2016 से 60 वर्ष पुराने मंदिरों की सुरक्षा दीवार का काम कराया गया ताकि धार्मिक सौहार्द और सुरक्षा दोनों सुनिश्चित हो सके।

# देशव्यापी एसआइआर को लेकर हुआ मंथन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** देशव्यापी विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर चुनाव आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात की है। इस बैठक में आगामी चुनावों से पहले मतदाता सूचियों को दुरुस्त करने और देशव्यापी एसआईआर पर योजना को अंतिम रूप देने पर मंथन हुआ है। एसआईआर का मुख्य उद्देश्य पुराने और गलत रिकॉर्ड हटाकर मतदाता सूची को अद्यतन करना है। इसमें खासतौर पर अवैध विदेशी प्रवासियों के नामों की पहचान और उन्हें सूची से हटाने पर जोर दिया जाएगा। आयोग इस बार यह अभियान चरणबद्ध तरीके से शुरू करने पर विचार कर रहा है। चुनाव आयोग की योजना है कि एसआईआर की शुरुआत उन राज्यों से की जाए जहां 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन राज्यों में असम, केरल, पुदुचेरी, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल शामिल है। इनके अलावा कुछ और राज्यों को भी पहले चरण में शामिल किया जा सकता है। वहीं जिन राज्यों में फिलहाल स्थानीय निकाय चुनाव चल रहे हैं या होने वाले हैं, वहां यह अभियान बाद में शुरू होगा ताकि स्थानीय चुनावी मशीनरी पर अतिरिक्त दबाव न पड़े। हर राज्य में पिछली बार हुए एससआई के रिकॉर्ड को इस बार के अभियान का आधार बनाया जाएगा। जैसे, बिहार में आखिरी एसआईआर 2003 में हुआ था और हाल ही में वहां 7.42 करोड़ मतदाताओं की अंतिम सूची 30 सितंबर को प्रकाशित की गई। दिल्ली में आखिरी बार गहन पुनरीक्षण 2008 में हुआ था। जबकि उत्तराखंड में 2006 में । वहीं ज्यादातर राज्यों में पिछली एसआईआर 2002 से 2004 के बीच कराई गई थी। अब राज्यों ने मौजूदा मतदाताओं का मिलान उस पुरानी सूची से लगभग पूरा कर लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मोहनियां की राजद प्रत्याशी का नामांकन रद्द

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** महागठबंधन सुगौली के बाद अब मोहनियां विधानसभा सीट पर बिना चुनाव लड़े ही हार गया। महागठबंधन से इस सीट पर राष्ट्रीय जनता दल ने अपना उम्मीवार उतारा था। तेजस्वी यादव यहां से श्वेता सुमन को प्रत्याशी बनाया। उन्होंने अपना नामांकन भी कर दिया लेकिन आज उनका नामांकन पर्चा रद्द कर दिया गया। अब श्वेता सुमन ने आरोप लगाया है कि उनका नामांकन रद्द कर दिया गया है, जबकि जन सुराज पार्टी की प्रत्याशी गीता पासी का नामांकन मंजूर कर लिया गया है। राजद उम्मीदवार श्वेता सुमन ने इसे राजनीतिक साजिश करार देते हुए चुनाव आयोग से न्याय की मांग की है।

### निर्दलीय प्रत्याशी की गाड़ी से हथियार बरामद

**सीवान (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान सीवान जिले से बड़ी खबर सामने आई है। यहां एक निर्दलीय प्रत्याशी के वाहन से हथियार बरामद होने का मामला सामने आया है। यह बरामदगी वाहन चेकिंग के दौरान हुई। जानकारी के मुताबिक जिले के महाराजगंज अनुमंडल के पुरानी बाजार निवासी राज किशोर गुप्ता महाराजगंज से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। उनकी स्कॉर्पियो गाड़ी की पुलिस द्वारा जांच की गई। इस दौरान वाहन से एक पिस्टल और एक राइफल बरामद की गई है।

### हाइवा की टक्कर से दो दोस्तों की मौत

**समस्तीपुर।** जिले के ताजपुर- पटना सड़क पर बंगरा थाना क्षेत्र के जीवन ज्योति अस्पताल के पास बुधवार शाम हाईवा से कुचलकर दो दोस्त की मौत हो गई। मृतक की पहचान बंगरा थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर रजवा वार्ड चार निवासी कमलेश महतो के 18 साल का बेटा आर्यन कुमार और इसी गांव के सोनू कुमार सिंह के 18 साल का बेटा प्रिंस कुमार के रूप में की गई है। दोनों इंटर में पढ़ रहे थे। एएसपी संजय पांडे ने बताया कि हाइवा की ठोकर से दोनों युवक की मौत हुई है। मौत के बाद शव का पंचनामा बनाकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया है। हाईवा ड्राइवर हादसे के बाद फरार हो गया था। घटना को लेकर एक प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

### दंपति गिरफ्तार

**गया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कोंच थाना क्षेत्र के मंझियावां तिलक बिगहा गांव से पुलिस ने देसी महुआ शराब के साथ एक दंपति को गिरफ्तार किया है। बुधवार को हुई इस कार्रवाई के बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया गया जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक यह दंपति शराब तस्करी में संलिप्त बताया जा रहा है। मौके से शराब जब्त करने के बाद दोनों को हिरासत में लिया गया। बता दें कि कोंच थाना के एसआई संजय सिंह के नेतृत्व में बुधवार को यह छापेमारी की गई थी। पुलिस ने ग्राम मंझियावां तिलक बिगहा निवासी देवमंती देवी और उनके पति मिथलेश मांझी को उनके घर से देशी महुआ शराब के साथ पकड़ा।

# खड़ी ट्रक में घुसी तेज रफ्तार पिकअप, तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के शिवचंद्रपुर ढाला के पास बुधवार सुबह सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सामान से भरे पिकअप ने गक्क-31 फोरलेन पर सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप का आधा हिस्सा ट्रक के अंदर चला गया। हादसे के वक्त गाड़ी की स्पीड 80 से ज्यादा थी। पिकअप के केबिन में ड्राइवर समेत 3 लोग थे। हादसे के बाद सभी के शव गाड़ी में फंस गए। बॉडी तोड़कर लाशों को बाहर निकाला गया। मृतकों की पहचान भागलपुर जिले के बीरबन्ना गांव निवासी मो. तनवीर (18), मो. कमाल (45) और मो. नवाब (20) के तौर पर हुई है। जानकारी के मुताबिक, काम करने के बाद सभी बनारस से घर लौट रहे थे। जानकारी के मुताबिक पिकअप में सवार लोग घूम-घूमकर बोरिंग करने का काम करते थे। एक सप्ताह पहले बोरिंग करने के लिए बनारस गए थे। काम खत्म होने के बाद पिकअप पर सामान लोड कर तीनों वापस अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान रास्ते में हादसे के शिकार हो गए। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर गाड़ी लेकर फरार हो गया। इसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही साहेबपुर कमाल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक तीनों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने पिकअप के केबिन में फंसी लाश को किसी तरह से निकाला। थानाध्यक्ष सिंटू कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही हम लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। परिजनों को सूचना दे दी गई है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### प्रत्याशी के काफिले पर हमला

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** आरा विधानसभा क्षेत्र से जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी डॉ. विजय गुप्ता के काफिले पर हमला हुआ है। जनसंपर्क अभियान के दौरान पिरौटा गांव में शराब के नशे में धुत एक युवक ने अचानक स्कॉर्पियों पर ईंट-पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। गाड़ी का शीशा टूट गया और वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

# एकजुट है महागठबंधन : अशोक गहलोत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** महागठबंधन में अब तक सीटों का बंटवारा नहीं हुआ है। सभी घटक दलों ने अपने अपने उम्मीदवारों की भी घोषणा कर दी है। मुकेश सहनी पहले ही कह चुके हैं कि महागठबंधन में सबकुछ ठीक है लेकिन वह अब भी डिप्टी सीएम का पद चाहते हैं। इधर, आज तेजस्वी यादव ने कहा कि कहीं कोई दिक्कत नहीं है। सब ठीक है। अगले 24 घंटे में आपको सारा बात स्पष्ट पता चल जाएगा। इन सब के बीच आज राजस्थान के पूर्व सीएम और कंग्रेस के पर्यवेक्षक अशोक गहलोत बिहार कंग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरू के साथ राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव से मुलाकात की। पहले दोनों नेताओं ने तेजस्वी यादव से मुलाकात की। तीनों नेताओं के बीच काफी देर तक बातचीत चली। करीब 54 मिनट तक तेजस्वी ने दोनों नेताओं से मुलाकात की। इसके बाद अशोक गहलोत और कृष्णा अल्लावरू लालू प्रसाद के मुलाकात करने राबड़ी आवास पहुंचे। यहां पर करीब 35 मिनट तक अशोक गहलोत और लालू प्रसाद की



बातचीत हुई। इधर, राबड़ी आवास से निकलने के बाद अशोक गहलोत ने कहा कि हमारी लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव के साथ अच्छी बातचीत हुई। कल एक प्रेस कॉन्फ्रेंस होने वाली है, जिसमें सारी बातें स्पष्ट हो जाएंगी। महागठबंधन एकजुट होकर चुनाव लड़ रहा है। बिहार में कुल 243 सीटें हैं, और 5-10 सीटों पर आपसी सहमति से 'फ्रेंडली फाइट' हो सकती है। हम मिलकर प्रचार करेंगे और चुनाव जीतेंगे। वहीं राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और नेता तेजस्वी यादव से मुलाकात के बाद, बिहार के लिए एआईसीसी प्रभारी कृष्ण अल्लावरू ने कहा कि बिहार चुनाव पर हमारी आगे की रणनीतियों को लेकर चर्चा हुई, और इस पर बात हुई कि सरकार बनने के बाद हम राज्य की जनता के लिए कैसे काम कर सकते हैं। वहीं कुछ सीटों पर फ्रेंडली फाइट के सवाल पर उन्होंने कहा कि कल यानी 23 अक्तूबर को हर तरह की जानकारी दी जाएगी। एनडीए को यह जवाब देना चाहिए कि उन्होंने पिछले पांच वर्षों में क्या किया है? चुनाव में मुद्दा यही है कि आपने क्या किया है? हम बताएंगे कि हम आने वाले पांच साल में क्या करेंगे।

# पुनपुन नदी में डूबने से दो बच्चों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** गोह थाना क्षेत्र के देवहरा स्थित पुनपुन नदी में बुधवार को डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। हालांकि देर शाम तक दोनों का शव बरामद नहीं हो सका था। मृतकों की पहचान दधपी गांव निवासी मोनू कुमार एवं धर्मवीर कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि दोनों बच्चे अपने गांव से लक्ष्मी जी की मूर्ति लेकर पुनपुन नदी में विसर्जन करने गए थे। इसी दौरान अनियंत्रित होकर गहरे पानी में चले गए और डूब गए। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीणों के साथ परिजन मौके पर पहुंचे। अचानक हुई इस घटना से पूरे गांव में मातम छा गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर, एनडीए प्रत्याशी डॉ. रणविजय कुमार के बड़े पुत्र कृष्ण कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों से मिलकर सांत्वना व्यक्त की। घटना की जानकारी मिलते ही गोह थानाध्यक्ष दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से शव की खोज में जुटे हैं। देर रात तक नदी में तलाशी अभियान जारी था।

# निर्दलीय प्रत्याशी के पास से 1.85 करोड़ जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**शेखपुरा।** बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजार पुलिस का चेकिंग अभियान लगातार जारी है। पुलिस के हाथ अवैध हथियार और अवैध राशि के मामले आ रहे हैं। इसी कड़ी में शेखपुरा के 169 विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के पास से नालंदा में एक करोड़ 45500 रूपए ज़ब्त हुए हैं, जिसको लेकर पुलिस की जांच जारी है। नालंदा में पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान शेखपुरा ज़िले के निर्दलीय प्रत्याशी के पास से 55500 रुपए नगद व 5-5 लाख रुपए के 37 चेक ज़ब्त किए हैं। इसके बाद पुलिस मामले की तहकीकात और आगे की कार्रवाई में जुट चुकी है। कुल मिलाकर 1 करोड़ 85 लाख रुपए मिले हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने निर्दलीय प्रत्याशी को पूछताछ के बाद नगदी और चेक को ज़ब्त कर लिया आगे की कार्रवाई में जुट चुकी है। मामला हरनौत थाना क्षेत्र पटना से शेखपुरा की ओर जाने वाली सरमेरा-बिहटा फोरलेन मार्ग की है। व्यक्ति की पहचान शेखपुरा विधानसभा क्षेत्र 169 के निर्दलीय प्रत्याशी विजय कुमार के तौर पर हुई है। भुगतान पाने वाले का अकाउंट का नंबर अंकित नहीं है। जिसे जप्ति सूची बनाकर जब्त किया गया है। हरनौत थाना अध्यक्ष अमरदीप कुमार ने बताया कि इसकी सूचना इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को दी गई है। हालांकि निर्दलीय प्रत्याशी के पास से बरामद 37 चेक और नगदी का सही जानकारी नहीं मिलने की वजह से ज़ब्त कर ली गई है। उन्होंने आगे बताया कि विजय कुमार ज़मीन कारोबार से जुड़े हैं। और वे पटना से शेखपुरा की ओर जा रहे थे तभी वाहन चेकिंग के दौरान यह कार्रवाई की गई है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद इतनी बड़ी रकम का मिलना वो भी निर्दलीय प्रत्याशी के पास से यह संदेह की स्थिति बनाता है जिसको लेकर इनकम टैक्स के अधिकारी मामले का जांच में जुट गए हैं।

## सीएम नीतीश ने दी चित्रगुप्त पूजा एवं भैयादूज की बधाई

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चित्रगुप्त पूजा एवं भैयादूज पर्व के अवसर पर प्रदेश और देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि ज्ञान के अधिष्ठाता देवता चित्रगुप्त भगवान की पूजा एवं आराधना से लोगों में पढ़ने-लिखने की अभिरूचि बढ़ती है। लोगों में पढ़ने-लिखने के प्रति बढ़ती हुयी अभिरूचि के फलस्वरूप बिहार में ज्ञान और शिक्षा का प्रकाश घर-घर फैलेगा। आज का युग ज्ञान का युग है। सबके प्रयास से बिहार सुखी, समुन्नत और समृद्ध बनेगा।

गोवर्धन पूजा, चित्रगुप्त पूजा एवं छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ वीके श्रीवास्तव

एमबीबीएस, एमडी

फिजिशियन

विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी

सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद

मोबाइल +91 75003 16255

# अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर तक भेजे जा रहे बिहार के सूप व डगरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** छठ महापर्व नजदीक आ रहा है। बाजारों में इसकी रौनक भी देखने को मिल रही है। इस बार छठ महापर्व में पारंपरिक सूप और डगरा पर उकेरी जा रही मिथिला पेंटिंग ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। बिहार के समस्तीपुर में तैयार की जा रही ये कलात्मक सामग्री केवल देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी तेजी से लोकप्रिय हो रही है तभी तो ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, अमेरिका सहित अन्य देशों में भी इन रंगीन और कलात्मक सूपों की डिमांड काफी बढ़ गई है। इस छठ पूजा में सूप पर उकेरी जा रही मिथिला पेंटिंग ने न सिर्फ देश, बल्कि विदेशो में रहने वाले छठ व्रतियों को भी आकर्षित किया है। समस्तीपुर के युवा कलाकार कुंदन ने इन खूबसूरत पेंटिंग्स को सूपों में उकेरा है। मिथिला पेंटिंग से सजी सूप इस पर्व अंतरराष्ट्रीय मंच पर ख़ास पहचान बना रही है। मिथिला पेंटिंग के बलबूते अपनी अलग पहचान बनाने वाले युवा कलाकार कुंदन कुमार राय ने कहा कि, यह पर्व काफी अलग है। बिहारी इस पर्व को मनाते नहीं इस पर्व को जीते हैं। छठ को




लेकर कुछ खास करने की वर्षो से इच्छा थी। बिहार की धरोहर मिथिला पेंटिंग के जरिये हमने सूप पर सूर्य, चंद्रमा, पानी आदि को उकेरा है। वहीं कुंदन ने बताया कि इन सूपों पर सूर्य, चंद्रमा, देवी-देवताओं, कमल, मछली और पारंपरिक मिथिला डिज़ाइनों के चित्र रंग-बिरंगे उकेरे गए हैं। गंगाजल, आम, केले के पत्ते और नरकट जैसी पूजन सामग्री के प्रतीक भी कलात्मक रूप से दर्शाए गए हैं। इन विशेष सूप चित्रों की कीमत 1,500 रुपये से शुरू होकर डिज़ाइन और मेहनत के आधार पर 3,000-5,000 रुपये तक जाती है। ये सूप विदेशों में रहने वाले प्रवासियों के पसंदीदा हैं। जन्म से कलर ब्लाइंडनेस से पीड़ित कुंदन को सिर्फ सफ़ेद व काला रंग की पहचान होती है, लेकिन वर्षो के अनुभव का असर है कि वे सभी चटक रंगों का बखूबी इस्तेमाल करते हैं। कई सम्मान से सम्मानित यह कलाकार देश व विदेश से जुड़ी कई गतिविधियों को अपने इस मिथिला पेंटिंग के जरिये कागजों पर उकेर कर अपनी एक अलग पहचान बना चुके हैं। कलर ब्लाइंडनेस को रंग अंधापन की एक ऐसी स्थिति कहा जाता है जिसमें व्यक्ति कुछ रंगों को ठीक से नहीं देख पाता है, जिससे उन्हें रंगों के बीच अंतर करने में कठिनाई होती है। यह आमतौर पर एक वंशानुगत स्थिति है जो जन्म से मौजूद होती है, लेकिन मस्तिष्क या आंखों को चोट लगने के कारण भी हो सकती है। इस साल छठ पूजा का त्योहार 25 अक्टूबर से शुरू होने जा रहा है। इसका समापन 28 अक्टूबर को होगा। यह पर्व दिवाली के बाद मनाया जाता है, जो कि मुख्य रूप से बिहार और झारखंड में मनाया जाता है।

बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

एक अखबार, पूरा बिहार

राजधानी पटना में सर्वत्र उपलब्ध

अखबार की प्रति प्राप्त करने में कोई कठिनाई हो तो निम्नांकित नम्बरों पर सम्पर्क करें

9334115121/8540866721/8789755505

पटना कार्यालय

द्वितीय तल, रवि-उर्मिला काम्प्लेक्स

आशियाना-दीघा रोड, पटना-13

मो0-6206165107
7004534093

# चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी को खर्च का सही व स्पष्ट लेखा रखना जरूरी

## प्रत्याशियों के साथ बैठक कर दी गई जानकारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढी विधानसभा में अब कुल 9 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं जिसको लेकर अब चुनाव खर्च की निगरानी की प्रक्रिया, प्रत्याशियों को किस प्रकार खर्च का ब्योरा देना है, कौन से खर्च अनुमन्य है आदि की जानकारी देने को लेकर निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीएम अभिषेक कुमार ने सभी प्रत्याशियों और उसके प्रतिनिधियों के साथ एसडीएम कार्यालय में बैठक की जहां व्यय लेखा एवं अनुश्रवण कोषांग द्वारा आयोजित इस बैठक में प्रत्याशियों या उनके प्रतिनिधियों के मौजूद रहे। इसमें चुनावी व्यय की निगरानी, लेखा प्रस्तुतिकरण की प्रक्रिया एवं निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। दिये गये जानकारी में चुनावी खर्च की सीमा क्या है और किस प्रकार उसका पालन करना है। कैसे व कब खर्च का विवरण प्रस्तुत करना होगा। क्या खर्च मान्य है और क्या नहीं, यानी वैध और अवैध खर्चों में अंतर।चुनाव आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रपत्र कैसे भरने हैं। मीडिया निगरानी, फ्लाइंग स्क्वायड, वीडियो निगरानी आदि के माध्यम से व्यय की निगरानी कैसे की जाएगी। बैंक खाता खोलने की अनिवार्यता और उसका प्रयोग प्रत्याशियों के द्वारा किए गए खर्च का आडिट कैसे किया जाएगा। इसके अलावा निर्वाची पदाधिकारी ने कहा की उल्लंघन पर रद हो सकता नामांकन या चुनाव परिणाम निर्वाचन आयोग के नियमों का पालन नहीं करने पर प्रत्याशी का नामांकन या चुनाव परिणाम रद किया जा सकता है।यह बैठक चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने का एक हिस्सा है। प्रत्याशी हर खर्च का विवरण रखें और निर्धारित सीमा से बाहर नहीं जाएं, इसकी जानकारी देना है।

## इवीएम, वीवीपैट, स्ट्रांग रूम का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढी स्थित श्रीमती गिरिजा कुंवर हाई स्कूल को ईवीएम स्ट्रांग रूम एवं डिस्पैच सेंटर बनाया गया है, जहां जहां मंगलवार की देर शाम तक 443 मतदान केंद्रों के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम पहुंच गया है और उसे वज्र गृह में रखा गया है। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीएम अभिषेक कुमार, एएसपी कोमल मीणा ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। एसडीएम अभिषेक कुमार और एएसपी कोमल मीणा ने स्पष्ट किया कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में कोई लापरवाही नहीं चलेगी। सीसीटीवी कैमरों की नजर रहेगी, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जायेगी। मौजूद मजिस्ट्रेट और पुलिस बल को चौकसी बरतने के निर्देश दिए गए। कहा कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा विशेष निगरानी में रहेगी। सुरक्षा बलों को 24 घंटे सतर्क रहने का निर्देश दिया गया। एसडीएम ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता के लिए सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। एएसपी ने बलों को हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने की हिदायत दी।

# प्रकृति पूजा एवं एकजुटता का दिया गया संदेश, गौ संरक्षण का लिया संकल्प

## गोवर्धन पूजा महोत्सव का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में बुधवार को श्री श्री गोवर्धन पूजा समिति के बैनर तले गोवर्धन पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मे पहले पुरोहित सरयुग यादव ने विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की। मौके पर गो संरक्षण का संकल्प लिया गया। कहते हैं पुराणों के मुताबिक द्वापर युग में सबसे पहले भगवान श्री कृष्ण के कहने पर ही गोवर्धन पर्वत की पूजा की गई थी, इस परंपरा के पीछे प्राकृतिक पूजा का संदेश छिपा था। बताया कि द्वापर में भगवान श्री कृष्ण, माता यशोदा और नंद बाबा के साथ ब्रज में रहते थे। माना जाता है कि उस समय अच्छी बारिश के लिए सभी लोग भगवान इंद्र की पूजा करते थे। श्री कृष्ण ने गांव के लोगों से कहा कि वह इंद्र की पूजा न करें, बल्कि गोवर्धन पर्वत की पूजा करें, सभी ने कान्हा की बात मान ली, लेकिन ऐसा करने से इंद्रदेव गुस्सा हो गए, उन्होंने तेज बारिश शुरू कर दी। जिसके बाद कन्हैया ने गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी उंगली पर उठा लिया, सभी लोग इस गोवर्धन पर्वत के नीचे शरण लिए। बहरहाल महोत्सव के दौरान एक मंचासीन कार्यक्रम का आयोजन हुआ जहां उद्घाटन डॉ विमल ने की संचालन अरविंद रंगकर्मी ने की। मौके पर विधायक रेखा देवी, उपेंद्र यादव, जिला परिषद चंदन यादव, अशोक यादव, डॉ मंगल, संजय यादव, सरोज यादव, रंजीत कुमार, संजीव कुमार, तरुण कुमार, अरुण यादव, मुखिया संतोष कुमार के साथ-साथ सभी कोर कमेटी के सदस्य शामिल रहे हैं इसके अलावा रासलीला का कार्यक्रम हुआ।


**बिहार सरकार**

**समाहरणालय, औरंगाबाद**

(बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025)

(प्रेक्षक कोषांग)

**संशोधित आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा बिहार विधान सभा आम चुनाव 2025 के सफल संचालन एवं पर्यवेक्षण हेतु औरंगाबाद जिलान्तर्गत छः (06) **सामान्य प्रेक्षकों एवं** एक (01) **पुलिस प्रेक्षक** की प्रतिनियुक्ति की गयी है, जिसका पूर्व में प्रकाशन विभिन्न समाचार पत्रों में किया गया, जिसका **PR No. 017215 (Election) 2025-26** है। उक्त निर्गत आम सूचना को निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :—

| क्र0सं0 | प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षकों का नाम एवं पदनाम | संबद्ध विधान सभा संख्या एवं नाम | मिलने का स्थान एवं समय | स्थानीय मोबाईल नम्बर एवं ई—मेल आई0डी0 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Amitava Banerjee, IAS : 2010 (G-33285) | 219—गोह | जिला अतिथि गृह (नया), मीटिंग हॉल समय : 7.00 PM to8.00 PM | 8271282414 cellobserver701@gmail.com |
| 2 | Kiran H Kulkarni, IAS : 2009 (G-23511) | 220—ओबरा | जिला अतिथि गृह (नया), मीटिंग हॉल समय : 10:00 AMto 11.00 AM | 8271283411 cellobserver701@gmail.com |
| 3 | R Mutyalaraju Revu, IAS : 2007 (G-28073) | 221—नबीनगर | जिला अतिथि गृह (नया), मीटिंग हॉल समय : 11.00 AMto 12.00 PM | 8271283399 cellobserver701@gmail.com |
| 4 | Adil Khan, IAS : 2011 (G-29449) | 222—कुटुम्बा | जिला अतिथि गृह (नया), मीटिंग हॉल समय : 10.00 AMto 11.00 AM | 8271283442 cellobserver701@gmail.com |
| 5 | D Senthil Pandiyan, IAS : 2002 (G-14432) | 223—औरंगाबाद | जिला अतिथि गृह (नया), मीटिंग हॉल समय : 3.00 PM to 4.00 PM | 8271283276 cellobserver701@gmail.com |
| 6 | G.V. Rashmi, IAS : 2005 (G-28584) | 224—रफीगंज | जिला अतिथि गृह (नया), मीटिंग हॉल समय : 9.00 AMto 10.00 AM | 8271283050 cellobserver701@gmail.com |
| क्र0सं0 | प्रतिनियुक्त पुलिस प्रेक्षक का नाम एवं पदनाम | संबद्ध विधान सभा संख्या एवं नाम | मिलने का स्थान एवं समय | स्थानीय मोबाईल नम्बर एवं ई—मेल आई0डी0 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Avula Ramesh Reddy, IPS : 2007 (P-22949) | 219—गोह 220—ओबरा 221—नबीनगर 222—कुटुम्बा 223—औरंगाबाद 224—रफीगंज | जिला अतिथि गृह (नया), मीटिंग हॉल समय : 4.00 PMto 5.00 PM | 9060782700 cellobserver701@gmail.com |

साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि बिहार विधान सभा आम चुनाव—2025 के संदर्भ में किसी प्रकार की शिकायत/सुझाव हेतु उपरोक्त नम्बर पर संपर्क स्थापित किया जा सकता है। उपरोक्त सूचना का अवलोकन जिले के वेबसाईट https://aurangabad.bih.nic.in पर भी किया जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
प्रेक्षक कोषांग, औरंगाबाद

PR. No. 017240 (Election) 2025-26

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

रक्त की आवश्यकता पड़ने पर लाईसेंस प्राप्त ब्लड बैंकों से ही रक्त प्राप्त करें।


# जनता न्याय और विकास के साथ है

## एनडीए के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी विधानसभा के मसौढ़ी में एनडीए का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप से कार्यक्रम में जदयू पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन एवं प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द निषाद, महिला प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्वेता विश्वास, खाद उपभोक्ता संरक्षण के सदस्य कुमारी खुशबू रानी, प्रत्याशी अरुण मांझी शामिल रहे। मौके पर हजारों की संख्या में एनडीए के कार्यकर्ता शामिल हुए। राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा की सभी कार्यकर्ता एकजुट हो और बूथ स्तर पर लगातार अपनी पकड़ को मजबूत बनाए। न्याय के साथ विकास की चर्चा चहूओर है, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जो बिहार में काम किया है उसको जन-जन तक चर्चा करते हुए वोट की अपील करिए, हम सबों का बस यही एक संकल्प है। खुशबूरानी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने आप को अरुण मांझी बनकर गांव-गांव में प्रचार में जुट जाईये, वही प्रत्याशी अरुण मांझी ने कहा कि हम गांव-गांव में घूम-घूम कर हर किसी को बस यही एक बात कह रहे हैं कि हम विधायक बनकर राज करने नहीं आपका बेटा भाई बनकर काम करने आए हैं।

# भक्ति और आस्था का अटूट संगम है मसौढ़ी का श्रीविष्णु सूर्य मंदिर मणिचक धाम

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** लोक आस्था का महापर्व का चार दिवसीय महा अनुष्ठानछठ पर्व की धूम देश भर में देखने को मिल रही है। हर ओर भक्ती भाव का माहौल है। छठ पर ऐसे तो सभी घाटों पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ता है लेकिन मसौढ़ी स्थित मणिचक श्री सूर्य मंदिर छठ धाम में श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अटूट संगम देखने को मिलता है। यह धाम श्रद्धालुओं के लिए कई मायनों में खास है। जहाँ साल में दो बार छठ पूजा को लेकर विशेष महत्व है। यहां कार्तिक और चैती छठ पूजा पर स्थानीय लोग समेत दूरदराज से लाखों श्रद्धालु व्रत करने आते हैं ऐसी मान्यता है कि इस घाट पर नहाने और पूजा करने से संतान सुख की प्राप्ति और कुष्ठ निवारण होता है। लग्न के समय शादी ब्याह करने को लेकर भी यहां लोगों का हुजूम उमड़ पड़ता है. कहा जाता है कि यहां शादी करने वाले जोड़े पर भगवान भास्कर की कृपादृष्टि बनी रहती है। मंदिर कमेटी के सचिव नवल भारती की माने तो अपनी मान्यताओं के कारण मणिचक श्री विष्णु सूर्य मंदिर प्रसिद्ध है, इसको लेकर दूर-दराज से लाखों की संख्या में श्रद्धालु छठ व्रत करने के लिए यहां पर आते हैं। कहा जाता है कि सन 1949 में रामखेलावन सिंह के खेत में जुदागी गोप खेत जुताई कर रहे थे इस दौरान भगवान श्री विष्णु का अभंग काले रंग की प्रतिमा मिली थी, इसे एक झोपड़ीनुमा मंदिर बनाकर उसकी पूजा अर्चना शुरू की गई थी, जिसके बाद इस मंदिर के पहले महंत प्रयाग रावत ने उसे एक मंदिर का रूप देकर उसमें आराधना शुरू की थी। धीरे-धीरे ख्याति बढ़ाने के बाद आज लाखों श्रद्धालुओं हर वर्ष कार्तिक और चैत महीने में छठ व्रत करने के लिए यहां पर आते हैं। सीहोर से विष्णु सूर्य मंदिर अध्यक्ष सुनील कुमार कोषाध्यक्ष रामदेव चौधरी, हरेंद्र कुमार, रंजन कुमार समेत ग्यारह सदस्य है।

# किला मैदान से 24 अक्टूबर को गरजेंगे अमित शाह

## एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में बजेगा चुनावी बिगुल, तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यालय में समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं देश के गृहमंत्री अमित शाह 24 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव प्रचार के निमित्त बक्सर आगमन पर रहेंगे। उनके आगमन को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। इसी क्रम में सोमवार को बाईपास रोड स्थित भाजपा चुनाव कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन ने की।



बैठक को संबोधित करते हुए श्री भुवन ने कहा कि त्रेता युग में भगवान श्रीराम ने बक्सर (व्याघ्रसर) में आकर असुरी शक्तियों का नाश किया था, उसी तरह आज के कलिकाल में राजनीतिक आसुरी शक्तियों के अंत के लिए गृहमंत्री अमित शाह बक्सर की धरती पर पदार्पण करेंगे। यह ऐतिहासिक जनसभा बक्सर के किला मैदान में 24 अक्टूबर को अपराह्न 1:00 बजे आयोजित की जाएगी।

गृहमंत्री इस अवसर पर एनडीए समर्थित बक्सर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी आनंद मिश्रा, राजपुर सुरक्षित से जदयू प्रत्याशी संतोष निराला, डुमरांव से प्रत्याशी राहुल सिंह एवं ब्रह्मपुर विधानसभा से लोजपा प्रत्याशी हुलास पांडेय के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे और चुनावी शंखनाद करेंगे। श्री भुवन ने बताया कि तय कार्यक्रम के अनुसार श्री शाह का हेलीकॉप्टर आईटीआई मैदान में लैंड करेगा, जिसके बाद वे सीधे किला मैदान पहुंचकर जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके स्वागत और सभा की तैयारियों को लेकर एनडीए के सभी घटक दलों में उत्साह और जोश का माहौल है।

इस बैठक में भाजपा चुनाव संचालन समिति के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा जिला मीडिया प्रभारी उमाशंकर राय भी उपस्थित रहे।

**रंग बिरंगे प्रकाश से सजेगा बिक्रम असपुरा घाट :** बिक्रमः आस्था का पर्व छठ महाव्रत को लेकर बिक्रम नगर में तैयारी शुरू हो गई है।असपुरा सूर्य मंदिर एवं घाट सहित बिक्रम बाजार को रंग बिरंगे प्रकाश से सजाने की तैयारी चल रही है।

## श्रीरामचरितमानस नवाह ज्ञान यज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आगामी 22 अक्टूबर से होने वाले श्री रामचरितमानस नवाह ज्ञान यज्ञ समारोह को लेकर भव्य रूप से कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जो सती स्थान देवी मंदिर परिसर में आयोजित हो रहा है। नौ दिवसीय श्रीरामचरितमानस नवाह ज्ञान यज्ञ के निमित्त बुधवार को कलश यात्रा निकाले गए। इसमें शामिल श्रद्धालुजन मंदिर परिसर से कलश लेकर मणीचक तालाब पर पहुंचकर कलश में जल भरे और फिर शहर के विभिन्न भाग से परिभ्रमण करते हुए वापस यज्ञस्थल पर पहुंचें। यह नवाह यज्ञ 22 अक्टूबर से लेकर 30 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। दिन में मानस पाठ, मंत्रोच्चारण, हवन-पूजन आदि कार्यक्रम होंगे तो संध्याकाल में संतो-भक्तों के द्वारा भजन-प्रवचन व सत्संग का आयोजन होंगे। कलश यात्रा में उपस्थित प्रमुख लोगों में इसके संयोजक कमलकान्त दास, शंभूदास, अनील कुमार मिट्ठू, सुधांशु पाण्डेय, विश्वरंजन, डॉक्टर सुनील गावस्कर, अजय, रविरंजन, संजीव पाण्डेय, अंशुमान, डॉक्टर भाष्कर, चन्देश्वर प्रसाद, उपेंद्र चौहान, रॉली कुमारी, उषा देवी आदि सहित काफी संख्या में अन्य श्रद्धालुजन उपस्थित हुए।

## महिला के साथ की मारपीट

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढी थाना क्षेत्र के नदौल में एक महिला के साथ उसके बच्चे को जान मारने की कोशिश की गई और उसे डायन का आरोप लगाकर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित द्वारा दिए गए आवेदन में कहा गया है कि पीड़ित राजमणि देवी पति शिव शंकर है। कहा कि 21 अक्टूबर की अपने बच्चे को बाहर ले गई थी, उसी समय भैसुर कैलाश बिंद और पत्नी गयंती देवी ने डायन कह कर उसे मारपीट करने लगे और पहले उसके बच्चे को गला दबाकर हत्या करने की कोशिश की गई। हो हल्ला हंगामा किया तो उसे मारपीट किया गया वहीं सत्येंद्र बिंद आया और देसी कट्टा दिखाकर जान से मार देने की धमकी दी है इस पूरे मामले में उक्त सभी आरोपियों पर मसौढी थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।


**समाहरणालय, औरंगाबाद**

बिहार सरकार

मतपत्र/डाक मतपत्र कोषांग

(बिहार विधान सभा आम निर्वाचन—2025)

**आम सूचना**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन कार्य में लगाये जाने वाले कर्मियों, पुलिस कर्मियों, Essential Services के कर्मियों, ड्राईवरों, क्लीनरों इत्यादि को डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराया जाना है। इस हेतु औरंगाबाद जिला अन्तर्गत सभी छः विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा 219—गोह, 220—ओबरा, 221—नबीनगर, 222—कुटुम्बा (अ.जा.), 223—औरंगाबाद एवं 224—रफीगंज के कर्मियों तथा द्वितीय चरण के मतदान वाले जिलों के कर्मियों को डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निम्नानुसार फैसिलिटेशन केन्द्र, AVFC तथा PVC की स्थापना की गयी है—

| क्र.सं. | फैसिलिटेशन केन्द्र/AVFC/PVC का नाम | मतदान की अवधि | मतदान करने वाले कर्मी |
|---|---|---|---|
| 1 | अम्बिका पब्लिक स्कूल, कर्मा रोड, औरंबाद<br>डी.ए.वी. स्कूल, दानी बिगहा, औरंगाबाद<br>सरस्वती शिशु मन्दिर, सूर्य मन्दिर रोड, औरंगाबाद<br>मिशन स्कूल, औरंगाबाद | 31.10.2025<br>01.11.2025 | निर्वाचन कर्त्तव्य पर नियुक्त कर्मी(औरंगाबाद जिले के) |
| 2 | समाहरणालय, औरंगाबाद मुख्य भवन | 30.10.2025 एवं 31.10.2025<br>02.11.2025 से 04.11.2025 | अन्य जिले के कर्मी<br>पुलिस कर्मी, ड्राईवर, क्लीनर इत्यादि |
| 3 | समाहरणालय, औरंगाबाद उर्दू कोषांग के सामने | 03.11.2025 से 05.11.2025 | Essential Services के कर्मी |
| 4 | Home Voting | 29.10.2025 एवं 31.10.2025 | 85 वर्ष या उससे अधिक उम्र के मतदाता तथा दिव्यांग मतदाता |

उपर स्थापित फैसिलिटेशन केन्द्र/AVFC/PVC पर उन्हीं कर्मियों को मतदान करने का अवसर प्रदान किया जाएगा, जिनके द्वारा विहित प्रपत्र यथा 12/12घ में आवेदन किये हों। मतदान करने वाले कर्मी मतदान के समय वैधानिक पहचान पत्र लायेंगे। औरंगाबाद जिला के सभी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों से निर्वाचन प्रक्रिया में भाग ले रहे प्रत्याशी स्वयं उपस्थित रहेंगे अथवा अपने प्राधिकृत प्रतिनिधि को डाक मतपत्र फैसिलिटेशन केन्द्र/AVFC/PVC पर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा—निर्देश के आलोक में उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
—सह—
जिलाधिकारी, औरंगाबाद

PR- 017242 (Election) 2025-26

उक्त सूचना वेबसाइट state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।

रक्त की आवश्यकता पड़ने पर लाईसेंस प्राप्त ब्लड बैंकों से ही रक्त प्राप्त करें।



**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: - Bhartiya Janta Party

*Name of the Election: - Bihar Legislative Assembly Election 2025

Name of State/UT: - Bihar

(1) Name of the Constituency:- 203 - Ramgarh

Name of the Candidate:- Shri Ashok Kumar Singh

| Sl. No. | | Criminal Antecedents | |
|---|---|---|---|
| 1. | a | Nature of the Offences | U/S 420 IPC |
| | b | Case no. | परिवाद पत्र सं. 1355/2015 |
| | c | Name of the Court | श्रीमति कृतीका द्विवेदी, न्या. द. प्रथम श्रेणी |
| | d | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | No |
| | e | Date of conviction, if any | Not Applicable |
| | f | Details of punishment undergone, if any | Not Applicable |
| | g | Any other information required to be given | Nothing |
| 2. | | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words | He is a social activist and commands great respect in his Assembly Constituency, Ramgarh. He is always engaged in bringing awareness among the public in his Constituency, especially, with respect to the Clean India Mission. He has also helped people in his constituency at a personal level in getting employment. |
| 3. | | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | Keeping in view of the trivial nature of the case and service to the masses, the Party decided to select him as its candidate over any other candidate. |

Kumar Sachin
Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar
(Signature of office bearer of the Political Parts)

# मैथिली, श्रेयसी समेत 13 महिला उम्मीदवारों पर भाजपा का दांव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में एक बार फिर महिलाओं पर भरोसा जताते हुए उन्हें पार्टी अभियान की मजबूत धुरी बनाया है। इस बार भाजपा ने सुप्रसिद्ध लोकगायिका मैथिली ठाकुर और अंतरराष्ट्रीय शूटर श्रेयसी सिंह समेत 13 महिला उम्मीदवारों को टिकट देकर चुनावी मैदान में उतारा है। भाजपा का मानना है कि 'नारी शक्ति' उसकी जीत की अहम आधारशिला बनेगी। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के तहत भाजपा को मिली 101 सीटों में से 13 विधानसभा क्षेत्रों में महिला प्रत्याशी उतारे गए हैं। इनमें अलीनगर से मैथिली ठाकुर, जमुई से श्रेयसी सिंह, बेतिया से रेणु देवी, परिहार से गायत्री देवी, नरपतगंज से देवंती यादव, किशनगंज से स्वीटी सिंह, प्राणपुर से निशा सिंह, कोढ़ा से कविता देवी, औराई से रमा निषाद, वारसलीगंज से अरुणा देवी, छपरा से छोटी कुमारी, कोचाधामन से वीणा देवी और मोहनियां (सुरक्षित) से संगीता कुमारी शामिल हैं। वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने 13 महिलाओं को उम्मीदवार बनाया था। उनमें से रेणु देवी (बेतिया), श्रेयसी सिंह (जमुई), निक्की हेम्ब्रम (कटोरिया), कविता देवी (कोढ़ा), रश्मि वर्मा (नरकटियागंज), गायत्री देवी (परिहार), निशा सिंह (प्राणपुर), भागरथी देवी (रामनगर) और अरुणा देवी (वारसलीगंज) ने जीत दर्ज की थी। वहीं मुन्नी देवी (शाहपुर), रिंकी रानी पांडेय (भभुआ), आशा देवी (दानापुर) और स्वीटी सिंह (किशनगंज) को हार का सामना करना पड़ा था। इस बार पार्टी ने तीन मौजूदा महिला विधायकों को टिकट नहीं दिया है। रामनगर से भागरथी देवी, कटोरिया (सुरक्षित) से निक्की हेम्ब्रम, और नरकटियागंज से रश्मि वर्मा को बेटिकट किया गया है। इनकी जगह क्रमशः नंद किशोर राम, पूरण लाल टुड्डु और संजय पांडेय को प्रत्याशी बनाया गया है। पिछले चुनाव में जीतने वाली नौ महिलाओं में से भाजपा ने छह– श्रेयसी सिंह, रेणु देवी, गायत्री देवी, निशा सिंह, कविता देवी, और अरुणा देवी – पर दोबारा भरोसा जताया है। भाजपा के इस रणनीतिक संतुलन को पार्टी की 'नारी शक्ति' पर केंद्रित राजनीतिक दृष्टि के रूप में देखा जा रहा है। एक ओर जहां नए चेहरों को आगे लाने की कोशिश की गई है, वहीं अनुभवी महिला नेताओं को बनाए रखकर संगठनात्मक स्थिरता भी बरकरार रखी गई है। अब देखना दिलचस्प होगा कि 2025 के इस चुनावी रण में भाजपा की ये 13 महिला उम्मीदवार पार्टी का 'कमल' कितनी मजबूती से खिलाने में सफल होती हैं।

# पूर्व मध्य रेल महाप्रबंधक ने छठ महापर्व पर तैयारियों का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा पटना के वार रूम में विभागाध्यक्षों तथा सभी मंडलों के मंडल रेल प्रबंधकों के साथ समीक्षा बैठक में छठ महापर्व के अवसर पर पूर्व मध्य रेल की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में महाप्रबंधक ने छठ महापर्व के बाद वापसी यात्रा के दौरान ट्रेनों/स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन, यात्री सुविधा/सुरक्षा, आवश्यकतानुसार अतिरिक्त फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन के परिचालन तथा इससे जुड़े अन्य तैयारियों की गहन समीक्षा की एवं आश्यक दिशा-निर्देश जारी किया। महाप्रबंधक ने कहा कि यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पर्याप्त संख्या में स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। स्टेशनों पर तथा ट्रेनों में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित की गयी है। साथ ही राजकीय रेल पुलिस (जीआरपी) और रेल सुरक्षा बल के बीच समन्वय स्थापित करके भीड़ प्रबंधन के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। वार रूम से चौबीसों घंटे निगरानी की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने पूजा के दिन रेलवे ट्रैक के निकट स्थित तालाबों के आस-पास अतिरिक्त सावधानी बरतने का निर्देश दिया। यात्रियों की सहायता के लिए टीटीई और रेल सुरक्षा बल की तैनाती के साथ-साथ अधिक भीड़-भाड़ वाले स्टेशनों पर अधिकारियों की तैनाती की गयी है। विदित हो कि छठ महापर्व पर ट्रेनों एवं स्टेशनों पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए पूर्व मध्य रेल द्वारा कई अहम कदम उठाए गए हैं। यात्रियों को सुगम व आरामदायक यात्रा सुविधा मुहैया कराते हुए नियमित स्पेशल ट्रेनों के अलावा कई फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। यात्री सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक न हो इसके लिए स्टेशनों पर रेल सुरक्षा बल निरंतर चौकसी बरत रहे हैं। अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए कुछ स्टेशनों पर डॉग स्क्वायड के साथ रेल सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। छठ पर्व बाद यात्रियों की सुविधा के लिए प्रमुख स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाया जा रहा है। साथ ही ट्रेन के आवागमन की जानकारी सहज उपलब्ध हो सके इसके लिए स्टेशनों पर निरंतर उद्घोषणा की जा रही है। यात्री सुरक्षा को देखते हुए मुख्य स्टेशनों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरे से रेल सुरक्षा बलों द्वारा चौबीसों घंटे गहन निगरानी की जा रही है। रेल सुरक्षा बल/पुलिस प्रशासन के अतिरिक्त प्रमुख स्टेशनों पर स्काउट एवं गाइड की भी तैनाती सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही यात्रियों की सहायता हेतु प्रमुख स्टेशनों पर 'मे आई हेल्प यू' सहायता बूथ बनाया गया है जहां रेलकर्मी आवश्यक जानकारी के साथ निरंतर ड्यूटी पर तैनात हैं। साथ ही चिकित्सा मदद के लिए चिकित्सा सहायता बूथ भी बनाए गए हैं।

# गंगा तट पर दीपोत्सव में गूंजे छठ के गीत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** नगर निगम द्वारा छठ तथा दीपावली पर्व के पावन अवसर पर रंगोली एवं दीपोत्सव का आयोजन दीघा स्थित पार्टी पुल घाट पर किया गया जिसमें पटना प्रमंडल के आयुक्त व बुडको के प्रबंध निदेशक अनिमेष पराशर और पटना नगर निगम के आयुक्त यशपाल मीणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। पटना प्रमंडल के आयुक्त अनिमेष पराशर, पटना नगर निगम के आयुक्त यशपाल मीणा और पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का उद्घाटन किया। दीपोत्सव में हजारों दीये चकाचक पटना का संदेश देते हुए एक साथ जगमगाने लगे। पटना प्रमंडल के आयुक्त अनिमेष पराशर ने कहा कि स्वच्छ पटना, सुंदर पटना हम सब का लक्ष्य है। पटना शहर को और पूरे पटना प्रमंडल को चकाचक बनाए रखने के लिए सभी मिलकर प्रयास करते रहें। इस अवसर पर पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर और राज्य की प्रसिद्ध लोक गायिका डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने स्वच्छता जागरूकता गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। उपस्थित दर्शकों की मांग पर उन्होंने छठ के पारंपरिक गीत गाए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नीतू नवगीत ने मांगी ला हम वरदान हे गंगा मइया, छठी माई के करब हम वरतिया, कांच ही बांस के बहंगिया, केलवा के पात पर उगेलन सुरुजदेव, पहिले पहिल हम कईनी छठ के बरतिया, पटना के घाट पर हमहूं अरगिया देहब हे छठी मैया, कौने खेत जन्मल धान सुधान हो... जैसे सुंदर-सुंदर गीतों की प्रस्तुति दी जिससे पूरा माहौल छठ की पावन भावना से भर उठा।

## आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** विभिन्न सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही गया टाउन विधानसभा के बंगला स्थान मंदिर के समीप स्थापित की गई पूजा पंडाल में पार्टी विशेष का चुनाव चिन्ह एवं राजनीतिक तस्वीरों को प्रदर्शित किया जा रहा था जबकि सम्पूर्ण बिहार में आदर्श आचार संहिता लागू है। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन के मामले में बुधवार को अंचलाधिकारी नगर के माध्यम से उक्त पूजा पंडाल समिति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। चूंकि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर जिले में आदर्श आचार संहिता लागू है, आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर कार्रवाई की गई है।

# पावरग्रिड क्षेत्रीय मुख्यालय पटना ने किया विद्यार्थियों के लिए चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशा-निर्देशानुसार सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के अंतर्गत सामान्य जन जागरूकता हेतु पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय द्वारा 17 अक्तूबर 2025 को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय न. 2, बेली रोड-पटना में कक्षा 1 से 8 के विद्यार्थियों के लिए सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के थीम 'सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी' पर चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कुल 130 विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर बहुत ही हर्षोल्लास के साथ हिस्सा लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों एवं शिक्षकों, सहयोगियों द्वारा सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा ली गई एवं कार्यक्रम के अंत में उप प्रधानाचार्या द्वारा प्रतिभागियों को पुरस्कार, सर्टिफिकेट व ट्रॉफी वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम समापन के दौरान उप महाप्रबंधक (सतर्कता- पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1) संजीव कुमार द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य मिथिलेश कुमार सिंह, उप प्रधानाचार्या मधु कुमारी, विद्यालय समन्वयक रणजीत कुमार एवं उपस्थित शिक्षकों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद करते हुए सभी का अभिनंदन किया गया।

# गोवर्धन पूजा पर गोपीकृष्ण गौआश्रम में विशेष गौसेवा

## रोटी बैंक ने दी प्रेरणादायक मिसाल, हर घर से पहली रोटी गौमाता के लिए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** गोवर्धन पूजा के अवसर पर फतुहा पटना स्थित श्री गोपीकृष्ण गौआश्रम में भक्ति और सेवा से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस गौआश्रम में बूढ़ी, बीमार एवं दूध नही देने वाली गायों की सेवा की जाती है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की विशेष पहल रही कि इस गौआश्रम द्वारा संचालित 'रोटी बैंक' के माध्यम से लोगों ने अपने-अपने घरों की पहली रोटी गौमाता को समर्पित की। पटना शहर के अनेक इलाकों से एकत्रित सैकड़ों की संख्या में रोटियां गौमाताओं को प्रेमपूर्वक खिलाई गईं। मौके पर गौआश्रम के संचालक गोपाल मोदी ने बताया कि गौसेवा भारतीय संस्कृति का प्राण है। हर घर से पहली रोटी गाय के लिए निकले – यही हमारी परंपरा और सेवा का प्रतीक है। मोदी ने बताया कि 'रोटी बैंक' का उद्देश्य समाज में गौसेवा और करुणा की भावना को जागृत करना है ताकि लोग अपने घरों की पहली रोटी गौमाता को खिला सकें और कोई भी गौ माता भूखी न रहे। पूजा के पश्चात गौआश्रम परिसर में आरती, प्रसाद वितरण और सेवा संकल्प कार्यक्रम हुआ। मौके पर उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि वे प्रतिदिन अपने घर की पहली रोटी इस रोटी बैंक के माध्यम से गौमाता को समर्पित करेंगे और गौसंवर्धन के कार्यों में सहयोग करेंगे। एमपी जैन ने बताया कि गौमाता आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का मंगल समापन हुआ।

# कोर्टयार्ड बाय मैरियट सिलीगुड़ी में 30 लाख रुपये से वेडिंग पैकेज शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** फाइव स्टार होटल कोर्टयार्ड बाय मैरियट सिलीगुड़ी ने क्षेत्र के प्रमुख वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में अपनी पहचान स्थापित की है। विश्वस्तरीय आतिथ्य, मनमोहक स्थल और उत्कृष्ट सेवाओं के साथ यह होटल हर समारोह को यादगार बनाने के लिए समर्पित है। विवाह अनुभव को और शानदार बनाने के उद्देश्य से होटल एक नया वेडिंग पैकेज लॉन्च किया है जिसे विभिन्न स्वादों और पसंदों को ध्यान में रखकर विशेष रूप से तैयार किया गया है। इस दो दिवसीय पैकेज की कीमत 30 लाख रुपये है जिसमें 150 मेहमानों के लिए 75 कमरों में प्रीमियम ठहराव, दो कॉम्प्लिमेंट्री सुइट अपग्रेड, बैंक्वेट हॉल और पूलसाइड लॉन का उपयोग, स्वादिष्ट भोजन (नाश्ता, दोपहर का भोजन और रात्रि भोजन) शामिल है। इसके साथ ही मेहमानों को उनके समारोह पर मैरियट बोनवॉय पॉइंट्स का लाभ भी मिलेगा। यह पैकेज प्रत्येक जोड़े के लिए एक व्यक्तिगत और अविस्मरणीय अनुभव सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है। कोर्टयार्ड बाय मैरियट सिलीगुड़ी अपने आकर्षक स्थलों के लिए प्रसिद्ध है जिनमें खूबसूरत पूलसाइड लॉन, लचीले इनडोर और आउटडोर बैंक्वेट स्पेस तथा मनोरम दृश्य शामिल हैं जो भव्य शादियों से लेकर निजी समारोहों तक के लिए आदर्श पृष्ठभूमि प्रदान करते हैं। ग्राहक बुकिंग के लिए 70299 00130 / 70299 00132 / 70299 00159 इस नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

# दस्तकारी व हस्तशिल्प कला से महिलाएं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में अग्रसर : मेयर सीता साहू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मेयर सीता साहू ने कहा है कि दस्तकारी एवं पारंपरिक हस्तशिल्प कला सुजनी आदि के उपयोग से महिलाएं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ते हुए आत्मनिर्भर भारत की कल्पना को साकार कर सकती हैं। वे बुधवार को पी डी लेन, महेंद्रू स्थित वामा क्रिएशंस एंड बुटीक का उद्घाटन करने के पश्चात सिलाई केंद्र की महिलाओं को संबोधित कर रही थीं। मेयर ने कहा कि महिलाएं अपने हुनर का इस्तेमाल आर्थिक समृद्धि के लिए कर सकती है। इस मौके पर उप महापौर रेशमी चंद्रवंशी ने कहा कि अब ग्रामीण महिलाएं भी पारंपरिक कला विधाओं का आधुनिक फैशन में भरपूर इस्तेमाल कर सफलता की नित नई ऊंचाई नाप रही हैं। वामा क्रिएशंस एवं बुटीक की निदेशक अंजू जायसवाल ने कहा कि बुटीक के शुरू होने से सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की प्रशिक्षुओं को बाजार उपलब्ध हो सकेगा। इस अवसर पर वार्ड पार्षद श्वेता साहू, प्रो आशुतोष कुमार, शिशिर कुमार, चितरंजन भारती, अनिल रश्मि, डॉ सीमा गुप्ता, प्रीति किशोर, रिंकी यादव, निर्मला कुमारी मौजूद थीं।

# चित्रगुप्त सामाजिक संस्थान ने 51 कलमजीवियों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सामाजिक सांस्कृतिक संस्था चित्रगुप्त सामाजिक संस्थान के 52 वें समारोह के अवसर पर भगवान श्री चित्रगुप्त पूजनोत्सव की पूर्व संध्या पर आज सांस्कृतिक संध्या सह सम्मान समारोह का आयोजन पटना सिटी स्थित गिरिराज उत्सव पैलेस में किया गया। समारोह का उद्घाटन पूर्व केन्द्रीय मंत्री और भाजपा सांसद रवि शंकर प्रसाद ने किया। समारोह की अध्यक्षता ख्यातिप्राप्त चिकित्सक पद्मश्री डॉक्टर गोपाल प्रसाद सिन्हा ने की। कार्यक्रम का संचालन कमलनयन श्रीवास्तव ने किया। स्वागत भाषण संस्था के अध्यक्ष गणेश प्रसाद सिन्हा और धन्यवाद ज्ञापन राजेश वल्लभ ने किया। इस अवसर पर 'कलमजीवी' पत्रिका के 52 वें अंक का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर 51 कलमजीवियों को नामित सम्मानों से शॉल, प्रतीक चिह्न, प्रमाण पत्र और पौधा देकर सम्मानित किया गया। इनमें डा. किरण शरण को पद्मश्री डा.नरेन्द्र प्रसाद सम्मान, डा. आरती कुमारी को डा.दीनानाथ शरण सम्मान, इंजीनियर संजय कुमार को प्रधान ज्वाला प्रसाद सम्मान, शालिनी सिन्हा को प्रो.(डा.) इंदिरा सिन्हा सम्मान, प्रो.रणजीत वर्मा को पद्मश्री शैलेन्द्र नाथ श्रीवास्तव सम्मान, डा.किशोर सिन्हा को डा. हरिवंश राय बच्चन सम्मान, सुनील कुमार तंग को गीतकार गोपी बल्लभ सहाय सम्मान, ज्योत्सना प्रसाद को कृष्ण जमैय्यार सम्मान, आलोक राज को रणधीर प्रसाद वर्मा सम्मान, सुजीत वर्मा को डा. मुरलीधर श्रीवास्तव शेखर सम्मान,डॉ. प्रमोद कुमार को हिमांशु श्रीवास्तव सम्मान, प्रतिमा प्रसाद 'कुमकुम' को कविवर सुरेन्द्र नाथ सक्सेना सम्मान, डॉ. प्रकाश वर्मा को डा. स्वामीनन्दन प्रसाद सम्मान, शेखर सिन्हा को अनिल कुमार सिन्हा सम्मान, रवीन्द्र बिहारी राजू को राजू श्रीवास्तव सम्मान, न्यायमूर्ति अंजनी कुमार शरण को ठाकुर प्रसाद सम्मान, सुमन कुमार दास को जटाशंकर दास सम्मान, डा. निर्मल प्रकाश नारायण को डा. फणिभूषण प्रसाद सम्मान, कुमार संजीत को 'कायस्थ रत्न' कृष्णनन्दन सहाय सम्मान, रूद्रदेव कुमार को हरेन्द्र कुमार सम्मान, नीरज कुमार वर्मा को कामेश चन्द्र श्रीवास्तव सम्मान से सम्मानित किया गया।

फार्मेट सी-1

(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **आनन्द मिश्र वार्ड नं. 13, मुसाफिरगंज, बक्सर पो. एवं जिला-बक्सर (बिहार) 802101**

राजनैतिक दल का नाम : भारतीय जनता पार्टी

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां 'निर्दलीय' लिखें)

निर्वाचन का नाम : बिहार विधानसभा

* निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 200 बक्सर विधानसभा

मैं आनन्द मिश्रा (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता/करती हूं:

**(क) लंबित आपराधिक मामले**

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| | व्यवहार न्यायालय पटना | 815/2024 BAS-191 (2) 191 (3) 222 131-132/324 (4) | लंबित | लागू नहीं |

**(ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण**

| (ख) क्र.सं. | न्यायालय का एवं नाम आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड |
|---|---|---|---|
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| | | | |

'राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद् के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

Format C-7

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates (As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in con-tempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party : जन सुराज

*Name of the Election : बिहार विधानसभा आम निर्वाचन

Name of State/UT : बिहार

(1) Name of Constituency : 216 जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र

Name of the candidate : अभिराम सिंह

**उम्मीदवार के आपराधिक मामलों का विवरण**

| विवरण | जानकारी |
|---|---|
| मामला संख्या | 1, 260 /13 2.421/19 |
| अपराध की प्रकृति (Section) invocked | 1. भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468, 471/34 (धोखाधड़ी और जालसाजी) 2. धारा 341, 323, 504/34 (झगड़ा और मारपीट) |
| न्यायालय | 1. सुलगम कुमारी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जहानाबाद 2. मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, जहानाबाद |
| क्या आरोप तय हुए हैं | नहीं |
| क्या दोषसिद्धि हुई है | नहीं |
| दंड या सजा | NIL |
| अन्य जानकारी | मुकदमे लंबित हैं, कोई सजा नहीं हुई है। |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be iwth reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere winnability at the polls (not more than 100 words) | जन सुराज पार्टी ने अभिराम सिंह को उम्मीदवार इसलिए चुना है क्योंकि उन्होंने जहानाबाद में शिक्षा और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। पार्टी ने यह स्पष्ट किया है कि उनके विरुद्ध दर्ज मामले राजनीतिक प्रेरित हैं और उन्होंने सदैव कानून का सम्मान किया है। |
| 2. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | अन्य उम्मीदवारों की तुलना में इनके जीतने की संभावना ज्यादा है। |

जन सुराज द्वारा प्रकाशित

## एक नजर

### लोकतंत्र की सशक्त आवाज़ बन रही हैं जीविका दीदियां



**नवादा/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के अंतर्गत स्वीप कार्यक्रम के तहत नवादा जिले के हिसुआ विधानसभा क्षेत्र में आज जीविका दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।अभियान का उद्देश्य आगामी 11 नवम्बर, 2025 को होने वाले मतदान में अधिक से अधिक मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करना तथा महिलाओं एवं नवमतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित करना था। इस अवसर पर जीविका दीदियों को मतदान तिथि, प्रक्रिया, मतदाता सूची तथा मतदान केंद्रों पर उपलब्ध आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। जीविका दीदियों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि वे स्वयं मतदान करेंगी और अपने आसपास के मतदाताओं को भी मतदान हेतु प्रेरित करेंगी।

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 24 को

**नारदीगंज/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। पेंशनर भवन नारदीगंज में आगामी 24 अक्टूबर 2025 यानी शुक्रवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित होगी। यह शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज के सौजन्य से आयोजित किया जायेगा। आयोजित शिविर में प्रखंड के विभिन्न गांवों के पेंशनरों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया जाएगा। केंद्र में कार्यरत चिकित्सक डा. प्रवीण कुमार पेंशनरों को स्वास्थ्य जांच करेंगे। पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद व सचिव श्रीकांत सिंह ने संयुक्त रूप से जानकारी दी। उन्होंने आयोजित शिविर में अधिक से अधिक पेंशनर समाज के लोगों को उपस्थित होने की अपील की है।

### दंगल प्रतियोगिता का आयोजन 28 को



**नारदीगंज/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। छठपूजा के अवसर पर स्व. भागवत यादव दंगल प्रतियोगिता का आयोजन 28 अक्टूबर 2025 को 12 बजे दिन में आयोजित होगी। इस दंगल प्रतियोगिता का आयोजक ग्रामीण धनन्जय कुमार उर्फ धीरज व संचालन जगदीश पहलवान करेंगे। आयोजित दंगल प्रतियोगिता में महिला व पुरूष वर्ग के पहलवान भाग लेंगे । यह कार्यक्रम का आयोजन आदर्श गांव डोहरा गांव के खेल मैदान में होगा। यह जानकारी पूर्व उपमुखिया संजय कुमार ने दिया।

### सड़क हादसे में छह वर्षीय मासूम की मौत

**बिहारशरीफ**। राजगीर थाना क्षेत्र के बिहारशरीफ–राजगीर फोरलेन स्थित स्टेशन रोड पर मंगलवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक छह वर्षीय मासूम की मौत हो गई। मृतक की पहचान रामहरि पिंड मोहल्ला निवासी अनीश कुमार, पिता बिपिन कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार अनीश अपने दादा के साथ राजगीर स्टेशन से घर लौट रहा था। परिवार के साथ सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन पकड़ने स्टेशन गया था, लेकिन ट्रेन छूट जाने के बाद सभी लौटने लगे। इसी दौरान फोरलेन पर अज्ञात वाहन ने दादा-पोते को टक्कर मार दी। हादसे में अनीश गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक दो भाइयों में सबसे बड़ा था और आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ाई करता था। राजगीर थानाध्यक्ष रमन कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भेजा, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेजा गया है। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान और चालक की तलाश में जुट गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### फोटो वायरल करने वाला युवक गिरफ्तार

**पकरीबरावां/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। धमौल थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर एक युवती की आपत्तिजनक फोटो वायरल करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के मंजौर गांव निवासी दीपक सिंह के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष हिमांशु कुमार ने बताया कि युवक ने किसी लड़की की आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर दिया था। मामला सामने आने के बाद पीड़िता के परिवार ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई और स्थानीय थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आलोक में पुलिस ने कांड दर्ज कर जांच शुरू की। तकनीकी साक्ष्य और डिजिटल ट्रेसिंग के आधार पर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसे न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेजा गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि किसी की फोटो या वीडियो के साथ छेड़छाड़ कर उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट या फॉरवर्ड करना आईटी एक्ट और भारतीय दंड संहिता की गंभीर धाराओं के तहत अपराध है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि इस तरह के कार्यों से दूर रहें और किसी भी आपत्तिजनक या भ्रामक सामग्री को वायरल करने से बचें। कहा कि साइबर अपराधों पर सख्त नजर रखी जा रही है। किसी भी तरह की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी ताकि समाज में शांति एवं कानून व्यवस्था बनी रहे।

### सड़क हादसे में वृद्ध घायल

**पकरीबरावां/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। पकरीबरावां थाना क्षेत्र के करतारा मोड़ के पास इंजन रिक्शा और बाइक की टक्कर में धेवधा गांव के मदन प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे नवादा रेफर कर दिया गया है।

### शराब के साथ दो लोग गिरफ्तार

**पकरीबरावां/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। पकरीबरावां थाना क्षेत्र के पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के अटारी गांव में छापेमारी कर शराब जब्त किया है। थानाध्यक्ष रंजन चौधरी ने बताया कि अटारी के रंजन मांझी उर्फ राजेश के यहां से 10 लीटर शराब जब्त किया गया है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। इसी तरह राजो मांझी के यहां से पांच लीटर शराब जब्त किया गया है। उसे भी गिरफ्तार किया गया है। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### धूमधाम से आज होगी चित्रगुप्त पूजा

**पकरीबरावां/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। पकरीबरावां प्रखण्ड के आधा दर्जन से ज्यादा गांवों में आज भगवान चित्रगुप्त की पूजा होगी। चित्रगुप्त पूजा समिति कायस्थ टोला पकरीबरावां के अध्यक्ष झूलन प्रसाद ने बताया कि पूजा की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। गुरुवार को पूजा होगी। यहां 125 वर्षों से ज्यादा समय से प्रतिमा का निर्माण कर पूजा अर्चना की जाती रही है। बिहटा गांव के संतोष कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रतिमा बनाकर पूरे उत्साह के साथ पूजा अर्चना की जाती है।

### मतपत्र कोषांग ने मास्टर ट्रेनर्स को दिया प्रशिक्षण

**नवादा**। 22 अक्टूबर 2025 को समाहरणालय सभाकक्ष, नवादा में बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल संचालन हेतु मतपत्र कोषांग के पदाधिकारियों द्वारा मास्टर ट्रेनर्स को पोस्टल बैलेट से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान डाक मतपत्रों के निर्बाध, पारदर्शी एवं समयबद्ध निष्पादन को सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर कोषांग के वरीय पदाधिकारियों ने उपस्थित मास्टर ट्रेनर्स को पोस्टल बैलेट से संबंधित समस्त प्रक्रियाओं जैसे आवेदन प्राप्ति, छंटनी, निर्गमन, मतपत्र वितरण, मतदाता की गोपनीयता, मतपेटी की सुरक्षा तथा मतगणना के पूर्व की तैयारी आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

# डीएम व एसपी ने औंगारी धाम व बड़गांव छठ घाट का किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। छठ पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने मंगलवार औंगारी धाम तथा बड़गांव छठ घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने छठ घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, अस्थायी शौचालय, चेंजिंग रूम, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, बैरिकेडिंग, साइनेज, नियंत्रण कक्ष एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को सभी व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष तैयारी की जाए तथा गहरे पानी वाले क्षेत्रों में एनडीआरएफ, गोताखोर और बोट की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए। साथ ही चोर-उचक्कों, पॉकेटमारों और अवैध वसूली करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि छठव्रतियों और श्रद्धालुओं के बीच बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 के तहत 6 नवंबर को मतदान करने के लिए प्रेरित करने हेतु प्रचार-प्रसार भी किया जाए। इस मौके पर दोनों अनुमंडलों के अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता (पीएचईडी), बीडीओ, सीओ, कार्यपालक पदाधिकारी, स्थानीय पुलिस बल एवं पूजा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### अवैध हथियार व कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

बिहारशरीफ। चिकसौरा थाना क्षेत्र के खनपुरा-मकरौता तिनमुहानी सड़क पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो युवकों को अवैध आग्नेयास्त्र के साथ गिरफ्तार किया है। कार्रवाई मंगलवार की शाम की गई। जानकारी के अनुसार चिकसौरा थाना पुलिस एवं सीएपीएफ बल की संयुक्त टीम वाहन जांच कर रही थी। इसी दौरान काले-लाल रंग की हीरो स्प्लेंडर बाइक पर सवार दो युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। उन्हें बल के सहयोग से खदेड़कर पकड़ लिया गया। गिरफ्तार युवकों की पहचान अजित कुमार एवं सुमन कुमार दोनों निवासी निजामत थाना धनरूआ, जिला पटना के रूप में की गई है। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास से एक देशी कट्टा, पांच जिंदा कारतूस, एक मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल बरामद की है। मामले में चिकसौरा थाना में आर्म्स एक्ट में प्राथमिकी दर्ज कर दोनों आरोपितों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान में थानाध्यक्ष पुअनि गौरव सिन्धु, पुअनि राहुल कुमार आदि शामिल थे।

# सड़क हादसे में बाइक चालक की मौत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां**। पकरीबरावां-नवादा पथ पर भगवानपुर गांव के पास सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान शेखपुरा जिले के अरियरी थाना क्षेत्र के सनैया गांव निवासी हरिदेव प्रसाद के पुत्र अमन कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि बाइक असंतुलित होकर बिजली पोल से टकरा गई, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर थानाध्यक्ष रंजन चौधरी एवं एसआई कन्हैयालाल घटनास्थल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मामले की जांच की। पुलिस युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना परिवार के लोगों को दी गई। सूचना मिलने पर गांव के लोग एवं मृतक के चाचा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां पहुंचे। मृतक के चाचा ने बताया कि मृतक अमन अपने सात आठ दोस्तो के साथ लक्षुआड़ काली पूजा का मेला देखने गया था सुबह साढ़े चार बजे के करीब सभी लोग आढा मोड़ से अपने गांव चले गए और अपना ननिहाल सोनसा जा रहा था। मृतक के पिता सूरत में एक कंपनी में काम करते हैं। मृतक की मां गंगा स्नान के लिए गई हुई थी। पकरीबरावां थानाध्यक्ष ने बताया कि कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम हेतु नवादा भेज दिया है। मृतक के चाचा ने बताया कि मृतक दो भाई एवं एक बहन है। मृतक बड़ा भाई था। घटना की खबर के बाद अरियरी के जिला परिषद सदस्य भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां पहुंचे और मामले का हाल लिया। युवक की मौत के बाद परिवार वालों का रो- रोकर बुरा हाल है।

## जेनरल ऑब्जर्वर ने किया बूथों का निरीक्षण पदाधिकारियों को दिया दिशा निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। अधिकारियों द्वारा लगातार एक-एक मतदान केंद्र की व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किये गए गोविंदपुर विधानसभा के जेनरल ऑब्जर्वर प्रियंका बसु इंगटी ने विधान सभा अंतर्गत कौआकोल प्रखंड के बरौन बाजितपुर, सरौनी, फुलडीह, दरावां, कौआकोल, बड़राजी, ओखरिया समेत एक दर्जन से अधिक मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान क्रिटिकल मतदान केंद्रों की पूरी रिपोर्ट तैयार की गयी। इन मतदान केंद्रों पर पूर्व के चुनावों में क्या स्थिति रही, इसकी पूरी जानकारी जेनरल ऑब्जर्वर द्वारा ली गयी। प्रखंड क्षेत्र में जिन मतदान केंद्रों को अति संवेदनशील घोषित किया गया है,वहां चुनाव के दिन किस तरह की व्यवस्था करनी है,इससे संबंधित कई निर्देश जेनरल ऑब्जर्वर द्वारा बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार, सीओ मनीष कुमार तथा थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह को दिये गये। मतदान केंद्रों पर पानी, बिजली, शौचालय आदि मूलभूत सुविधाओं का जायजा भी जेनरल ऑब्जर्वर ने लिया। वहीं मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उन्होंने स्थानीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने स्थानीय पदाधिकारियों से कहा कि किसी भी मतदान केंद्र पर चुनाव कर्मियों व मतदाताओं को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों पर की गयी व्यवस्था का भी उन्होंने बारीकी से जायजा लिया। जेनरल ऑब्जर्वर ने कहा कि निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसमें कोई चूक नहीं होनी चाहिए। क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर विशेष सतर्कता बरतने, सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ाने व पल-पल की स्थिति की निगरानी करने का निर्देश भी जेनरल ऑब्जर्वर ने बीडीओ व सीओ को दिया। बीडीओ ने सभी मतदान केंद्रों की व्यवस्था व चुनाव को लेकर की जा रही तैयारी की पूरी जानकारी जेनरल ऑब्जर्वर को दी।

### नवादा पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 33 अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि नवादा जिला में पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर विभिन्न मामलों में बड़ी कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के तहत मद्य निषेध में 7, हत्या में 3, अनुसूचित जाति/जनजाति में 4, साइबर क्राइम में 6 एवं अन्य मामलों में 13 गिरफ्तारियां की गईं, कुल 33 अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है। इसके अतिरिक्त पुलिस ने 26 लीटर महुआ शराब बरामद की है। वाहन जांच अभियान के दौरान 406 वाहनों की जांच की गई तथा 81 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। अन्य गिरफ्तारी अंतर्गत गोली का पिकेट 1, मोबाइल 12, चुलाई मशीन 1, गैस चूल्हा 1, महुआ घोल विनष्ट 120 लीटर, मोटरसाइकिल 1 एवं चारपहिया वाहन 03 की बरामदगी भी की गई है। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने कहा कि "नवादा पुलिस क्रूर एवं जघन्य अपराधियों को गिरफ्तार करने और उन्हें सजा दिलाने के लिए पूरी तरह संकल्पित है।

## चुनाव की तैयारियों को लेकर डीएम और एसपी ने दिये आवश्यक निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप देने और निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नवादा जिले के डीएम रवि प्रकाश और एसपी अभिनव धीमान ने बुधवार को रजौली का दौरा किया। आगामी 11 नवंबर को होने वाले चुनाव के मद्देनजर दोनों वरीय पदाधिकारियों ने रजौली प्रखंड सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की, जिसमें स्थानीय पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन और एसडीपीओ गुलशन कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।डीएम और एसपी ने विशेष रूप से चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की तैयारियों की समीक्षा की।इस दौरान मतदान केंद्रों पर केंद्रीय अर्धसैनिक बलों और सुरक्षा बलों की तैनाती की रणनीति,मतदाताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और चुनाव सामग्री की सुरक्षा व्यवस्था पर गहन चर्चा की गई।

***डिस्पैच सेंटर और बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा***

पदाधिकारियों ने रजौली इंटर विद्यालय में बनाए गए डिस्पैच सेंटर की तैयारियों का भी जायजा लिया।

उन्होंने डिस्पैच सेंटर में मतपत्र, मतपेटियां और मतदान केंद्रों पर भेजी जाने वाली आवश्यक सामग्री के सुरक्षित रख-रखाव की विस्तृत जानकारी ली। इसके अतिरिक्त, चुनाव के दौरान संचार व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने पर भी विशेष विचार-विमर्श किया गया। यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि सभी मतदान केंद्रों पर संचार उपकरणों की समुचित व्यवस्था हो और चुनाव आयोग के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित किया जा सके।डीएम और एसपी ने सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाओं, जैसे- पानी, बिजली, शौचालय और अन्य अनिवार्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को चुनाव आयोग द्वारा जारी सभी निर्देशों का अक्षरशः पालन करने और आयोग के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखने के लिए निर्देशित किया गया।इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी, बीडीओ संजीव झा समेत दर्जनों सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। अधिकारियों ने यह स्पष्ट किया कि जिले से लेकर अनुमंडल स्तर तक पुलिस-प्रशासन चुनाव आयोग के आदेशों का पूरी निष्ठा से पालन कर रहा है ताकि नवादा जिले में निष्पक्ष, स्वतंत्र और सुरक्षित मतदान संपन्न कराया जा सके।

## एमएलसी ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। नवादा विधानसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित जनता दल (यू) प्रत्याशी विभा देवी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन बुधवार को स्नातक एमएलसी सह जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता नीरज कुमार ने फीता काट कर किया। उन्होंने व्यवहार न्यायालय के उत्तर कृष्णा पथ में चुनाव कार्यालय की भव्यता और समर्थकों की जुटान की प्रशंसा करते हुए प्रत्याशी विभा देवी को जीत की अग्रिम बधाई दी। उन्होंने पत्रकारों से रूबरू होते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास के संपूर्ण एजेंडे और भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने विपक्ष के लोगों के घर की नाली से लेकर बिजली तक दी का कार्य किया। खासकर महिलाओं के उत्थान के लिए कई योजनाएं आज भी संचालित है जबकि भविष्य में कन्या विवाह के लिए व्यापक कदम उठाए जाएंगे। मौके पर जदयू प्रत्याशी विभा देवी ने पुष्पहार, बुक्के एवं अंग वस्त्र प्रदान कर अपने नेताओं का स्वागत किया। जदयू जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने चुनावी गतिविधियों का कमान अपने हाथ में लेते हुए सभी कार्यकर्ताओं को जोशीले अंदाज में संबोधित किया और स्पष्ट कहा कि एनडीए के घटक दल जिस मुस्तैदी एवं समर्पण से कार्य कर रहे है उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिले के पांचों सीट बहुत बड़े अंतर से एनडीए के खाते में आने वाला है। बीजेपी के जिला अध्यक्ष अनिल मेहता ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि अब हमारी लड़ाई जीत के अंतर को बड़ा करने का रह गया है जिसे नवादा की जनता पूरा करके दिखाएगी। सभी अतिथियों का स्वागत एमएलसी अशोक कुमार ने किया और भरोसा दिलाया कि नवादा की जनता ने ठान लिया है कि विभा देवी नवादा से रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल करेगी।

### अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**कौआकोल/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र से राजद विधायक मोहम्मद कामरान के टिकट काटे जाने के बाद पार्टी में विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। मोहम्मद कामरान का टिकट काटे जाने से खासकर अल्पसंख्यक समाज में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। बुधवार को नवादा जिला राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष व प्रखण्ड के सरौनी गांव निवासी नूर तालिब ने अपने पद व पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा देते हुए कहा कि वे राष्ट्रीय जनता दल पार्टी का सच्चा सिपाही थे। पार्टी जिस बुनियाद से बनी थी,आज उस बुनियाद से बिल्कुल भटक गई है। हम जिस अकलियत से आते है,उस अकिलियत से चार जीते हुए विधायक का टिकट काट दिया गया।

## मतदान केंद्रों पर रहेगी व्हील चेयर, बनेंगे रैम्प

**नवादा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनज़र दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष सुविधाओं की व्यवस्था की गई है ताकि वे बिना किसी कठिनाई के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। सभी मतदान केंद्रों पर रैम्प, व्हीलचेयर और सहायक कर्मियों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। निर्वाचन आयोग का उद्देश्य यह है कि कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न रहे और हर वर्ग के मतदाता को समान सुविधा मिले। इस पहल के तहत मतदान केंद्रों पर पीडब्लयू मतदाताओं के लिए सहज प्रवेश की व्यवस्था के साथ-साथ आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु कर्मियों की नियुक्ति की गई है।


## आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(डब्ल्यूपी (सिविल) संख्या 536/2011 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता: **सुर्यकान्त पासवान** ग्राम- **सिमरी टोला कोयला मोहन पो० सोनमा,भाया बखरी जिला-बेगूसराय**

राजनीतिक दल का नाम: **भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी** (निर्दलीय उम्मीदवार यहां स्वतंत्र लिखें)

चुनाव का नाम: **बिहार विधान सभा**

'निर्वाचन क्षेत्र का नाम: **147 बखरी विधान सभा (अ.जा)**

मैं **सुर्यकान्त पासवान** (उम्मीदवार का नाम), उपर्युक्त चुनाव के लिए एक उम्मीदवार, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिवित विवरण घोषित करता हूँ:

(ए) **लंबित आपराधिक मामले**

| क्रम सं. | न्यायालय का नाम | मामला | स्थिति मामले (मामलों) का | संबंधित अधिनियमों की धाराएँ और संक्षिप्त अपराध(ओं) का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रेलवे थाना प्रथम | हसनपुर इत्तला रिपोर्ट संख्या-245-15/12/2009 | न्यालय में लंबित | |
| 2. | रेलवे प्रथम श्रेणी समस्तीपुर | दंडाधिकारी | | 174क/156 रेलवे एक्ट |

(बी) आपराधिक अपराधों के लिए दोषसिद्धि के मामलों का विवरण

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेश की तिथि | अपराध(ओं) का विवरण एवं दी गई सजा | अधिकतम लगाई गई सजा |
|---|---|---|---|
| | | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्य सभा के लिए चुनाव या विधायकों द्वारा विधान परिषद के लिए चुनाव के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित चुनाव का उल्लेव करें।



**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल

***Name of the Election** : बिहार विधान सभा

**Name of State/UT** : बिहार

**(1)** Name of Constituency : **162, कटोरिया (अ.ज.जा.)**

Name of the candidate : **स्वीटी सीमा हेम्ब्रम**

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | **1.** एपिडिमिक डिजीज, **2.** गैर कानूनी जन समूह में शामिल होना। |
| | b. | Case no. | **1.** सचिवालय थाना काण्ड सं. 64/20, धारा - 3 एपिडिमिक डिजीज एक्ट एवं धारा - 57 डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट 2015, **2.** बांका थाना काण्ड सं. 859/17, धारा - 143, 147, 149, 341, 342, 353, 504 IPC |
| | c. | Name of the Court | **1.** मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी पटना, **2.** मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी बांका |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | (1) नहीं (2) नहीं |
| | e. | Date of conviction, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है। अपने क्षेत्र में गरीबों के शिक्षा के उत्थान के लिए निरंतर काम करते रहते हैं। शैक्षणिक योग्यता इंटरमिडिएट है। |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | पूर्व विधायक होने के कारण अन्य उम्मीदवारों के तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |

राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित

# भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने के लिए 17 अपराधियों को किया गया थाना बदर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के अवसर पर गया जिले में शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं पूरी पारदर्शिता के साथ-साथ भयमुक्त वातावरण के साथ चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा हर स्तर पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम शशांक शुभंकर ने बताया कि पूर्व के चुनाव अवधि में चुनाव कार्य में व्यवधान डालने वाले आसामाजिक तत्वों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के अवसर पर अब तक 17 आसामाजिक तत्वों के विरुद्ध बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम 2024 के धारा 3 के तहत थाना बदर का आदेश पारित करते हुए उपरोक्त को थाना बदर किया गया है जिनमं बोधगया थाना निवासी महेश यादव को डोभी थाना के क्षेत्र में थाना बदर किया गया है। बोधगया थाना क्षेत्र के उमेश यादव को डोभी थाना क्षेत्र में बदर किया गया है। चंदौती थाना क्षेत्र के मनीष कुमार को डोभी थाना क्षेत्र में बदर किया गया है। चंदौती थाना क्षेत्र के याद वेन्दु यादव को बेलागंज थाना क्षेत्र में बदर किया गया है। मोहनपुर थाना क्षेत्र के रामबली यादव को कोच थाना क्षेत्र में बदर किया गया है। मोहनपुर थाना क्षेत्र के सुदामा यादव को पाई बीघा थाना क्षेत्र में बदर किया गया है। मोहनपुर थाना क्षेत्र के पंकज दास को टिकारी थाना क्षेत्र में बदर किया गया है। मऊ थाना क्षेत्र के रंजन कुमार को टिकारी थाना क्षेत्र में बदर किया गया है। गुरुआ थाना क्षेत्र के बिंदेश्वर यादव को शेरघाटी थाना क्षेत्र में बदर किया गया है। गुरुआ थाना क्षेत्र के हरेंद्र यादव को आमस थाना क्षेत्र में बदर किया गया है। मऊ थाना क्षेत्र के चंदन कुमार को टिकारी थाना क्षेत्र में बदर किया गया है। गुरुआ थाना क्षेत्र के राहुल कुमार उर्फ भोला को डोभी थाना क्षेत्र में बदर किया गया है। गुरुआ थाना क्षेत्र के इंद्रदेव सिंह को शेरघाटी थाना क्षेत्र में बदर किया गया है। कोच थाना क्षेत्र के प्रदीप कुमार खोपचलिया को मोहनपुर थाना क्षेत्र में बदर किया गया है। कोच थाना क्षेत्र के अंटू कुमार को टिकारी थाना क्षेत्र में बदर किया गया है। चंदौती थाना क्षेत्र के कमिन्द्र यादव उर्फ नेपाली यादव को बाके बाजार थाना क्षेत्र में बदर किया गया है। मऊ थाना क्षेत्र के लालू कुमार को टिकारी थाना क्षेत्र में बदर किया गया है। इसके अलावा बिहार विधानसभा चुनाव के अवसर पर स्वच्छ एवं भय मुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न करने के लिए 114 की संख्या में अपराधियों के विरुद्ध सीसीए का नोटिस निर्गत किया गया है जो संबंधित थाना के माध्यम से उपरोक्त संबंधित अपराधियों और आसामाजिक तत्व को नोटिस तामिला करवाया जा रहा है जिसके पश्चात आगे की कार्रवाई भी की जा रही है।

# अतरी में जीतनराम मांझी के साथ रोमित कुमार का तूफानी जनसंपर्क

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** विधानसभा चुनाव के बीच अतरी सीट पर एनडीए समर्थित हम (से.) पार्टी के उम्मीदवार रोमित कुमार ने बुधवार को जनसंपर्क अभियान की रफ्तार तेज कर दी। उनके साथ पार्टी के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने क्षेत्र के कई पंचायतों का दौरा किया और लोगों से विकास और सुशासन के नाम पर समर्थन मांगा। जनसंपर्क यात्रा की शुरूआत घुसरी पंचायत के बैरका, अशिढ़िया, हिलदौर (पस्सी), पथरोरा, धुसरी, बारा, कटैया, महमदपुर, रामदाना, करजनी हरिजन टोला और बिटनोई गांवों से हुई। इन गांवों में ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया और समर्थन जताया। गहलौर पंचायत में जनसभा के दौरान जीतनराम मांझी ने कहा कि एनडीए सरकार ने गरीबों, दलितों और पिछड़ों के हित में कई ऐतिहासिक काम किए हैं। उन्होंने कहा कि अतरी में भी विकास की नई गाथा लिखी जाएगी और युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इसके बाद जनसंपर्क टीम टेटुआ पंचायत के पुनाड, चिरियामा, करियात-बैलदारी, चिड़ैया टांड़, जमला पाट हरिजन टोला और नवादा गांवों में पहुंची। इन इलाकों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी और एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में नारे लगे। रोमित कुमार ने कहा कि अतरी को विकास के पथ पर अग्रसर करना उनका संकल्प है। उन्होंने कहा कि जनता का समर्थन और नेतृत्व का सहयोग मिला तो क्षेत्र को शिक्षा, सड़क और रोजगार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।


## प्रेम कुमार ने सुबाब के परिजनों से की मुलाकात, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने गुरुवार को गया के बैरागी मोहल्ला पहुंचकर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र पासवान के पुत्र सुबाब कुमार की हत्या पर शोक जताया। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढांढस बंधाया। डॉ. प्रेम कुमार ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक से फोन पर बात की और अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस जघन्य अपराध में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही डॉ. प्रेम कुमार ने भाजपा उत्तरी मंडल के कार्यकर्ता रामनरेश चंद्रवंशी और संजय नगर निवासी कार्यकर्ता वीरेंद्र कुशवाहा के असामयिक निधन पर भी गहरी शोक संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि ट्रेन दुर्घटना में दोनों कार्यकर्ताओं की मृत्यु अत्यंत दुखद है। संगठन ने अपने समर्पित और निष्ठावान सिपाही खो दिए हैं जिसकी भरपाई लंबे समय तक संभव नहीं होगी। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और शोकाकुल परिवारों को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की। मौके पर शंभू यादव, राजेश मस्तान, शिवनारायण चंद्रवंशी, राकेश कुमार आईटी, देवानंद पासवान, शंभू चंद्रवंशी, गुंजन मिश्रा और अधिवक्ता अशोक चंद्रवंशी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मां लक्ष्मी की पूजा में शामिल हुए मंत्री डॉ. प्रेम कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने बुधवार को गया शहर के टॉवर चौक, सराय रोड स्थित युवा शक्ति क्लब द्वारा आयोजित मां लक्ष्मी पूजन-अर्चन में भाग लिया। उन्होंने पूजा-अर्चना के बाद भंडारे में पहुंचे श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया और आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान संबोधन में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मां लक्ष्मी की कृपा से जीवन में सुख, समृद्धि और शांति प्राप्त होती है। दीपावली का पर्व अंधकार से प्रकाश, असत्य से सत्य और निराशा से आशा की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर सभी को समाज में प्रेम, भाईचारा और सेवा की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि धार्मिक और सामाजिक आयोजन समाज में एकता, सद्भावना और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। युवा शक्ति क्लब के प्रयास की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और परंपरा से जोड़ने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में संजय विश्वकर्मा, राजेश मिश्रा, राजा खान, भोला, बबलू, कार्तिक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, स्थानीय नागरिक और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक उल्लास और सामुदायिक सौहार्द का माहौल बना रहा।

## श्री चित्रगुप्त पार्क में आज होगी पूजा, 1992 से बिठायी जा रही प्रतिमा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** स्थानीय एसएसपी कोठी के सामने कौटिल्यपुरी स्थित श्री चित्रगुप्त पार्क में श्री चित्रगुप्त परिवार समिति गेवाल बिगहा द्वारा श्री चित्रगुप्त पूजा का आयोजन किया गया है। कलमजीवियों के आराध्य देव एवं कायस्थ समाज के कुल देवता भगवान श्री चित्रगुप्त की प्रतिमा बिठायी गयी है जहां सामूहिक पूजा की जायेगी। वर्ष



1992 से भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा श्री चित्रगुप्त पार्क में

बिठाकर सामूहिक पूजन-अर्चना की जा रही है। समिति के वरीय सदस्य जुगेश कुमार सिन्हा ने बताया है कि महापूजनोत्स्व के दूसरे दिन शुक्रवार को सामूहिक बिरादरी भोज का आयोजन किया गया है। पूजनोत्स्व को सफल बनाने में रेवती रमन सिन्हा, योगेश वर्मा, गोपाल प्रसाद, नागेंद्र प्रसाद, सुधीर कुमार वर्मा, मनोज कुमार, सुजीत कुमार आदि कायस्थ लगे हुए हैं।

## शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के काजीबीघा गांव में पुलिस ने छापेमारी कर एक व्यक्ति को देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान सिकंदर चौधरी पिता स्वर्गीय सोमवार चौधरी, ग्राम काजीबीघा, थाना आंती, जिला गया के रूप में की गई है।

## छठ पूजा पर 26 को सांस्कृतिक दुगोला कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के बिजहारा गांव स्थित सूर्यमंदिर के पास मैदान में बुधवार की दोपहर 3 बजे से श्री लक्ष्मी पूजा एवं छठ पूजा समिति की ओर से भव्य मेला का आयोजन किया गया। मेला देर शाम तक चला जिसमें आसपास के गांवों से लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। समिति के अध्यक्ष सियाराम यादव ने बताया कि मेले में विभिन्न

## अमित शाह ने भारतीय राजनीति में संगठन की शक्ति का लिखा है नया अध्याय : डॉ. मनीष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** भारत के गृह मंत्री अमित शाह के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने केक काटकर जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ. मिश्रा ने कहा कि अमित शाह ने भारतीय राजनीति में संगठन की शक्ति का नया अध्याय लिखा है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को देश के कोने-कोने तक पहुंचाकर संगठन की ताकत और कार्यकर्ता के समर्पण का सजीव उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि अमित शाह न केवल एक सशक्त प्रशासक हैं, बल्कि वे एक दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता भी हैं जिन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के पथ पर अग्रसर किया है। उनके कुशल नेतृत्व और संगठन कौशल ने भारतीय जनता पार्टी को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित किया है। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी अमित शाह के जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी और उनके प्रति सम्मान को व्यक्त करते हुए 'भारत माता की जय' और 'अमित शाह जिंदाबाद' के नारे लगाए। मौके पर प्रदेश कार्य समिति के सदस्य राजेन्द्र प्रसाद, अधिवक्ता गोपाल यादव, महेश यादव, मंटू कुमार, कुन्दन कुमार, बबलू गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

## हत्या के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार, गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के घुज्जी गांव से पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान घुज्जी गांव निवासी सहदेव मांझी के पुत्र रवीन्द्र मांझी के रूप में की गई है। आरोपी के खिलाफ शेरघाटी थाना कांड संख्या 855/23 के तहत मामला दर्ज है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बीते दिनों गांव में हुए आपसी विवाद के दौरान रवीन्द्र मांझी ने एक व्यक्ति की हत्या करने का प्रयास किया था। घटना के बाद वह फरार चल रहा था। पुलिस टीम लगातार उसकी तलाश में जुटी थी और गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार की देर रात छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी से पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## शिक्षक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** विभिन्न सोशल मीडिया पर उर्दू मध्य विद्यालय सेसारी गुरुआ में पदस्थापित शिक्षक निरंजन कुमार द्वारा राजनीतिक उम्मीदवार के साथ क्षेत्र में भ्रमण एवं राजनीतिक उम्मीदवार के साथ प्रचार-प्रसार करते हुए संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही है। चूंकि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर जिले में आदर्श आचार संहिता लागू है, आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मोनिटरिंग कमिटी (एमसीएमसी) के निर्देश के आलोक में उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराई गई। जांचोपरांत सेक्टर पदाधिकारी गुरुआ के रूप में कार्यरत प्रखंड पंचायत सचिव गुरुआ द्वारा शिक्षक निरंजन कुमार के विरुद्ध गुरुआ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। साथ ही आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन में अग्रेतर कार्रवाई भी की जा रही है। जिला शिक्षा पदाधिकारी गया को निर्देश दिया गया है कि संबंधित शिक्षक के विरुद्ध जांच करते हुए विभागीय कार्रवाई भी प्रारंभ करें। विदित हो कि बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी के माध्यम से लगातार सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं यूटुब पर प्रसारित होने वाली खबरों को लगातार बारीकी से देखा जा रहा है।

## ड्राइवर से मारपीट, 7200 नकद और सोने की चेन लूटी

### शराब के नशे में दो युवकों ने वारदात को अंजाम दिया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र में सोमवार रात एक ड्राइवर से मारपीट कर 7200 नकद और सोने की चैन लूट ली गई। यह घटना मंगरौर और नथुनी बिगहा गांव के बीच हुई जहां शराब के नशे में धुत दो युवकों ने वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित ड्राइवर शिव कुमार (पिता राम नंदन यादव, निवासी ग्राम बाली मठ) ने थाना में आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि वह पटना से ट्रेन पकड़कर गुरारू स्टेशन आए थे और स्कूटी से अपने गांव बाली मठ जा रहे थे। इसी दौरान दिघी वाला पर गांव निवासी परसा चंद्रवंशी और सनी चंद्रवंशी ने शराब के नशे में उनकी गाड़ी रुकवायी और विवाद शुरू कर दिया। विरोध करने पर दोनों युवकों ने शिव कुमार की पिटाई की और उनकी जेब से 7200 नकद तथा सोने की चैन छीन ली। हमलावरों ने गाड़ी के शीशे भी तोड़ दिए और वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमर ने बताया कि देर रात आवेदन प्राप्त हुआ है और मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## सर्पदंश से महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव में सर्पदंश से महिला की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार कंचनपुर गांव निवासी किसान नंदेश्वर यादव की 45 वर्षीय पत्नी मालो देवी मवेशियों के लिए घास काटने गई थीं। इसी दौरान उनके पैर के नीचे अचानक सांप आ गया जिससे घबराकर उन्होंने कदम हटाया, लेकिन सांप ने उनके शरीर के दो हिस्सों पर डंस लिया। घटना के बाद महिला की हालत बिगड़ने लगी। ग्रामीणों और परिजनों की मदद से उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए गया मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया, लेकिन हालत गंभीर बनी रही और देर रात करीब साढ़े 11 बजे उनकी मौत हो गई।

## विकास मित्र व जीविका से जुड़ी दीदियां चलाएंगी मतदान जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** प्रखण्ड के टोला सेवक, विकास मित्र व जीविका से जुड़ी दीदियां द्वारा क्षेत्र में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति टोलों के मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और निर्भीक होकर मतदान के लिए विशेष स्वीप अभियान चलाएंगे। जागरूकता का मुख्य उद्देश्य अनु. जाति एवं अनु. जनजाति परिवारों के मतदाताओं की मतदान में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करना है। स्वीप के तहत जागरूकता को लेकर बीडीओ योगेंद्र पासवान ने बुधवार को प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में बैठक की। बैठक में बीडीओ योगेंद्र पासवान ने बताया कि पंचायत वार्ड स्तर पर विकास मित्र इस विशेष अभियान के संचालन हेतु नोडल कर्मी के रूप में कार्य करेंगे। टोला सेवक और अन्य पंचायत स्तरीय कर्मी भी टीम में शामिल होंगे। टीम प्रतिदिन एवं नियमित रूप से जागरूकता अभियान चलाएगी। इन परिवारों को मतदान केंद्र की जानकारी बीएलओ बूथ लेवल ऑफिसर की जानकारी मतदान हेतु वैध पहचान पत्रों की जानकारी प्रदान करेंगे। बीडीओ श्री पासवान ने संवेदनशील मतदान केंद्रों की जानकारी देते हुए यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी मतदाता को धमकी या प्रलोभन देकर उनके मत को प्रभावित न कर सके। ऐसी किसी भी जानकारी की सूचना तत्काल वरीय पदाधिकारी को देंगे। बैठक में उपस्थित प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह ने कहा कि टोला सेवक, विकास मित्र व जीविका से जुड़ी जीविका सीएम जागरूकता कर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करेंगे। बैठक में प्रखण्ड के सभी टोला सेवक, विकास मित्र व जीविका सीएम उपस्थित थे।

## नेत्र जांच शिविर में निःशुल्क चश्मा वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया(गयाजी)।** आईआईएम बोधगया की प्रगति सीएसआर कमिटी ने लेंसकार्ट फाउंडेशन के सहयोग से ग्रामीण समुदायों में नेत्र स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से तीन दिवसीय नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन किया। यह शिविर 17 से 19 सितम्बर 2025 के बीच गया जिले के तुरी खुर्द, बापूनगर, महुदर और तुरी बुजुर्ग गांवों में आयोजित किया गया था। 22 अक्टूबर दिन बुधवार को लाभार्थियों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए जाने के साथ इस कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। इस पहल का नेतृत्व आईआईएम बोधगया की निदेशक प्रो. विनीता एस सहाय के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में सीएसआर कमिटी चेयरपर्सन प्रो. सुरेश के. जी. और को-चेयरपर्सन प्रो. अजित टॉम जेम्स की सक्रिय भूमिका रही। निःशुल्क चश्मा वितरण समारोह के अवसर पर तीनों उपस्थित रहे और लाभार्थियों को प्रोत्साहित किया। लेंसकार्ट फाउंडेशन ने शिविर के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तीन दिवसीय शिविर के दौरान 800 से अधिक ग्रामीणों की मुफ्त नेत्र जांच की गई जिन लोगों में दृष्टि संबंधी समस्या पाई गई, उन्हें कुल 245 निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। शिविर में दृष्टि दीदी मॉडल अपनाया गया जिसमें स्थानीय प्रशिक्षित महिलाओं ने प्राथमिक जांच कर ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ा।


**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल

***Name of the Election** : बिहार विधान सभा

**Name of State/UT** : बिहार

**(1)** Name of Constituency : **208**, सासाराम

Name of the candidate : सत्येन्द्र साह

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | **1.** आत्महत्या के प्रयास एवं गोला बारूद रखना, **2.** घातक हथियार से लैश एवं लोक सेवक द्वारा बातों का अवहैलना, **3.** डकैती या लूट जैसा अपराध करना, घातक हथियार का उपयोग। |
| | b. | Case no. | **1.** सासाराम (नगर) थाना काण्ड सं. 259/2020, धारा - 309 भा.द.वि. एवं 27 शस्त्र अधि०, **2.** सासाराम (मु.) थाना काण्ड सं. 1008/2010, धारा - 144, 188, 341, 504, 171 (A) भा.द.वि. एवं 35RI Act, **3.** गढ़वा थाना काण्ड सं. 320/2004 गढ़वा, धारा - 395, 397, 120 (B) भा.द.वि. |
| | c. | Name of the Court | **1.** न्यायालय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी सासारमा, **2.** न्यायालय सब जज VI सासाराम (मु.), **3.** गढ़वा मुख्य न्या० दण्डाधिकारी गढ़वा। |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | (1) नहीं (2) नहीं (3) नहीं |
| | e. | Date of conviction, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं (2) लागू नहीं |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं (2) लागू नहीं |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है। अपने क्षेत्र में गरीबों के शिक्षा के उत्थान के लिए निरंतर काम करते रहते हैं। शैक्षणिक योग्यता साक्षर है। |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | अन्य उम्मीदवारों के तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |

राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित

संपादकीय

# चचा के चक्कर में उलझा पाकिस्तान

चलिए, सबसे पहले आपको 46 साल पुरानी एक घटना की याद दिलाता हूं क्योंकि पाकिस्तान के भीतर मौजूदा हालात को समझने के लिए उस घटना को याद करना जरूरी है. वो 21 नवंबर 1979 की दोपहर थी जब जमात-ए-इस्लामी से जुड़ी उग्र भीड़ ने इस्लामाबाद में अमेरिका के दूतावास को आग के हवाले कर दिया था. उसमें चार लोगों की मौत हो गई थी. पिछले सप्ताह तहरीक-ए-लब्बैक नाम की कट्टर धार्मिक संस्था ऐसा ही कुछ करने वाली थी. मगर सेना ने गोलियों की बौछार कर दी और तहरीक-ए-लब्बैक का कारवां इस्लामाबाद नहीं पहुंच पाया. 1979 में अमेरिकी दूतावास पर हमले का कारण यह था कि ईरानी धार्मिक नेता रुहोल्लाह खुमैनी ने ईरानी रेडियो पर झूठी तकरीर की कि अमेरिका और इजराइल ने सऊदी अरब में ग्रैंड मस्जिद पर कब्जे की साजिश रची. ये झूठी खबर फैलते ही पाकिस्तान जलने लगा. न केवल इस्लामाबाद में हमला हुआ बल्कि लाहौर, कराची और रावलपिंडी में भी भयंकर दंगे हुए और अमेरिका के कई प्रतिष्ठानों को जला दिया गया.

जब अमेरिका ने जियाउल हक को धमकाया तब जाकर दंगे पर काबू पाया जा सका लेकिन तब तक चार लोगों की मौत हो चुकी थी जिसमें दो अमेरिकी थे. इस बार ऐसा कोई झूठ नहीं फैला है लेकिन पाकिस्तान के लोगों को लग रहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की खुशामद में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने सारी हदें पार कर दी हैं. शरीफ और मुनीर की जोड़ी इजराइल के प्रति नरम रवैया अपना रही है और फिलिस्तीनियों को धोखा दे रही है. पाकिस्तानियों को लग रहा है कि ट्रम्प ने गाजा में शांति के लिए समझौते की जो रूपरेखा रची है, उससे इजराइल को ही फायदा होने वाला है. फिलिस्तीनियों के हाथ कुछ नहीं आएगा. तो फिर पाकिस्तान ट्रम्प के साथ क्यों खड़ा है? इसी बात को लेकर तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) ने लाहौर में तो गदर मचाया ही, उसके हजारों समर्थक इस्लामाबाद में अमेरिका के दूतावास को घेरने के लिए निकल पड़े. सीआईए हरकत में आई और अमेरिका ने पाकिस्तान को हड़काया कि 1979 जैसा कुछ हुआ तो तुम्हारी खैर नहीं है. इसके बाद पाक सेना ने बल प्रयोग किया. टीएलपी का दावा है कि उसके नेता साद हुसैन रिजवी को गोलियां लगी हैं और उसके 250 कार्यकर्ता मारे गए हैं तथा 1500 घायल हुए हैं. ये साद रिजवी, खादिम हुसैन रिजवी के पुत्र हैं जिन्होंने 2015 में तहरीक-ए-लब्बैक की स्थापना की थी. मजेदार बात यह है कि इसकी स्थापना के पीछे भी पाकिस्तानी सेना ही थी. बहरहाल पाकिस्तानी मीडिया में इतनी बड़ी घटना की ज्यादा रिपोर्टिंग नहीं है क्योंकि सेना ने शिकंजा कस रखा है. पाकिस्तान में यह बात भी कही जा रही है कि ट्रम्प की खुशामद में मुनीर और शरीफ अंधे हो चुके हैं. जानकार कह रहे हैं कि शरीफ और मुनीर के खिलाफ जिस तरह का गुस्सा आम आदमी में है, वह कभी भी अत्यंत गंभीर रूप ले सकता है. वैसे भी पाकिस्तान में कट्टरपंथियों की समानांतर सरकार चलती है. उनमें इतनी ताकत है कि सरकार भी उनसे पंगा लेने से घबराती है. तहरीक-ए-लब्बैक पर पाकिस्तानी सेना की कार्रवाई ने दूसरे कट्टरपंथियों का भी खून खौला दिया है. उन्हें लग रहा है कि सरकार और सेना यदि अमेरिका की गोद में बैठी रही तो उन्हें ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा. इस वक्त एक और कारण से पाकिस्तानियों का गुस्सा बढ़ रहा है. वह कारण है तालिबान के साथ पाकिस्तान की लड़ाई. पिछले सप्ताह बिना किसी कारण के पाक सेना ने जिस तरह से तालिबान पर हवाई हमले किए, उसे लोग पचा नहीं पा रहे हैं. उन्हें लग रहा है कि यह भी ट्रम्प के इशारे पर ही हुआ है. ट्रम्प चाहते हैं कि अफगानिस्तान अपना बगराम एयरफील्ड अमेरिका को सौंप दे.

# चित्रगुप्त जी यमराज के लेखपाल हैं, जो हर जीव के कर्मों का लेखा-जोखा रखते हैं

भाई दूज का पर्व दिवाली के बाद मनाया जाता है, जिसमें भाई-बहन के स्नेह का आदान-प्रदान होता है। इस दिन चित्रगुप्त पूजा की जाती है, जो ज्ञान और नैतिकता का प्रतीक है। यह पूजा विशेष रूप से शिक्षकों और व्यापारियों द्वारा की जाती है।

जैसे पांच दिन तक चलने वाला दिवाली का त्योहार समाप्त होता है, उसी के साथ भाई-बहन के स्नेह का पर्व भाई दूज मनाया जाता है। इसी दिन चित्रगुप्त पूजा का धार्मिक अनुष्ठान भी किया जाता है। भक्त भगवान चित्रगुप्त की पूजा करते हैं, जिन्हें हर आत्मा के अच्छे-बुरे कर्मों का हिसाब रखने वाला देवता माना जाता है।

भारत के कई हिस्सों, खासकर उत्तर भारत में, इस दिन को मस्य दान पूजा भी कहा जाता है। इस दिन लोग कलम और दावात (स्याही की दवात) की पूजा करते हैं। ये वस्तुएं ज्ञान, बुद्धि और न्याय के प्रतीक मानी जाती हैं।

चित्रगुप्त पूजा 2025 की तिथि और मुहूर्त

चित्रगुप्त पूजा 2025 का उत्सव गुरुवार, 23 अक्टूबर 2025 को मनाया जाएगा। इसी दिन भाई दूज भी है। यह दिन भगवान चित्रगुप्त को समर्पित होता है, जो मानव कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाले दिव्य देवता हैं। यह पूजा कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि पर होती है।

मुहूर्त (अपराह्न काल)

तारीख–गुरुवार, 23 अक्टूबर 2025

समय–दोपहर 1.32 बजे से 3.51 बजे तक

अवधि–2 घंटे 19 मिनट

तिथि का समय–

द्वितीया तिथि प्रारंभ. 22 अक्टूबर को रात 8–16 बजे

द्वितीया तिथि समाप्त. 23 अक्टूबर को रात 10–46 बजे

चित्रगुप्त पूजा क्यों की जाती है?

हिंदू मान्यता के अनुसार, भगवान चित्रगुप्त का जन्म कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष द्वितीया तिथि को हुआ था, जो भाई दूज के दिन पड़ती है।कहा जाता है कि वे भगवान ब्रह्मा की मानसिक संतानों में से हैं, इसलिए उनका नाम पड़ा चित्रगुप्त जिसका अर्थ है चित्त (मन) से उत्पन्न और गुप्त (ज्ञान से भरे हुए)। भगवान चित्रगुप्त यमराज के सलाहकार और ब्रह्मांड के कर्म लेखाकार हैं। वे हर व्यक्ति के कर्मों का हिसाब रखते हैं और उसी के आधार पर मृत्यु के बाद उसका भाग्य तय होता है।

चित्रगुप्त जी यमराज के लेखपाल हैं, जो हर जीव के कर्मों का लेखा-जोखा रखते हैं. उन्हें धर्म और न्याय का देवता भी कहा जाता है. चित्रगुप्त पूजा क्यों की जाती है? इस दिन भगवान चित्रगुप्त की पूजा करने से व्यक्ति के पाप मिट जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है.

मंत्री श्री धर्मराजस्य चित्रगुप्त–शुभंकर–।

पायान्मां सर्वपापेभ्य–शरणागत वत्सल–।।

एक बार युधिष्ठिरजी भीष्मजी से बोले- हे पितामह! आपकी कृपा से मैंने धर्मशास्त्र सुने, परंतु यम द्वितीया का क्या पुण्य है? क्या फल है? यह मैं सुनना चाहता हूं। आप कृपा करके मुझे विस्तारपूर्वक कहिए।

भीष्मजी बोले- तूने अच्छी बात पूछी। मैं उस उत्तम व्रत को विस्तारपूर्वक बताता हूं। कार्तिक मास के उजले और चैत्र के अंधेरे की पक्ष जो द्वितीया होती है, वह यम द्वितीया कहलाती है।

युधिष्ठिरजी बोले- उस कार्तिक के उजले पक्ष की द्वितीया में किसका पूजन करना चाहिए और चैत्र महीने में यह व्रत कैसे हो? इसमें किसका पूजन करें?

भीष्मजी बोले- हे युधिष्ठिर! पुराण संबंधी कथा कहता हूं। इसमें संशय नहीं कि इस कथा को सुनकर प्राणी सब पापों से छूट जाता है। सतयुग में नारायण भगवान से, जिनकी नाभि में कमल है, उससे 4 मुंह वाले ब्रह्माजी उत्पन्न हुए जिनसे वेदवेत्ता भगवान ने चारों वेद कहे।

नारायण बोले- हे ब्रह्माजी! आप सबकी तुरीय अवस्था, रूप और योगियों की गति हो, मेरी आज्ञा से संपूर्ण जगत को शीघ्र रचो।

हरि के ऐसे वचन सुनकर हर्ष से प्रफुल्लित हुए ब्रह्माजी ने मुख से ब्राह्मणों को, बाहुओं से क्षत्रियों को, जंघाओं से वैश्यों को और पैरों से शूद्रों को उत्पन्न किया। उनके पीछे देव, गंधर्व, दानव, राक्षस, सर्प, नाग, जल के जीव, स्थल के जीव, नदी, पर्वत और वृक्ष आदि को पैदा कर मनुजी को पैदा किया। इनके बाद दक्ष प्रजापतिजी को पैदा किया और तब उनसे आगे और सृष्टि उत्पन्न करने को कहा। दक्ष प्रजापतिजी से 60 कन्याएं उत्पन्न हुईं जिनमें से 10 धर्मराज को, 13 कश्यप को और 27 चन्द्रमा को दीं।

कश्यपजी से देव, दानव, राक्षस इनके सिवाय और भी गंधर्व, पिशाच, गो और पक्षियों की जातियां पैदा हुईं। धर्मराज को धर्म प्रधान जानकर सबके पितामह ब्रह्माजी ने उन्हें सब लोकों का अधिकार दिया और धर्मराज से कहा कि तुम आलस्य त्यागकर काम करो। जीवों ने जैसे-जैसे शुभ व अशुभ कर्म किए हैं, उसी प्रकार न्यायपूर्वक वेद शास्त्र में कही विधि के अनुसार कर्ता को कर्म का फल दो और सदा मेरी आज्ञा का पालन करो।



ब्रह्माजी की आज्ञा सुनकर बुद्धिमान धर्मराज ने हाथ जोड़कर सबके परम-पूज्य ब्रह्माजी को कहा- हे प्रभो! मैं आपका सेवक निवेदन करता हूं कि इस सारे जगत के कर्मों का विभागपूर्वक फल देने की जो आपने मुझे आज्ञा दी है, वह एक महान कर्म है। आपकी आज्ञा शिरोधार्य कर मैं यह काम करूंगा जिससे कि कर्ताओं को फल मिलेगा, परंतु पूरी सृष्टि में जीव और उनके देह भी अनंत हैं। देशकाल ज्ञात-अज्ञात आदि भेदों से कर्म भी अनंत हैं। उनमें कर्ता ने कितने किए, कितने भोगे, कितने शेष हैं और कैसा उनका भोग है तथा इन कर्मों के भी मुख्य व गौण भेद से अनेक हो जाते हैं एवं कर्ता ने कैसे किया, स्वयं किया या दूसरे की प्रेरणा से किया आदि कर्म चक्र महागहन हैं। अत– मैं अकेला किस प्रकार इस भार को उठा सकूंगा? इसलिए मुझे कोई ऐसा सहायक दीजिए, जो धार्मिक, न्यायी, बुद्धिमान, शीघ्रकारी, लेख कर्म में विज्ञ, चमत्कारी, तपस्वी, ब्रह्मनिष्ठ और वेद शास्त्र का ज्ञाता हो।

धर्मराज के इस प्रकार प्रार्थनापूर्वक किए हुए कथन को विधाता सत्य जान मन में प्रसन्न हुए और यमराज का मनोरथ पूर्ण करने की चिंता करने लगे कि उक्त सब गुणों वाला ज्ञानी लेखक पुरुष होना चाहिए। उसके बिना धर्मराज का मनोरथ पूर्ण न होगा।

तब ब्रह्माजी ने कहा- हे धर्मराज! तुम्हारे अधिकार में मैं सहायता करूंगा।

इतना कह ब्रह्माजी ध्यानमग्न हो गए। उसी अवस्था में उन्होंने 1,000 वर्ष तक तपस्या की। जब समाधि खुली तब अपने सामने श्याम रंग, कमल नयन, शंख की-सी गर्दन, गूढ़ सिर, चन्द्रमा के समान मुख वाले, कलम-दवात और पानी हाथ में लिए हुए, महाबुद्धि, देवताओं का मान बढ़ाने वाला, धर्माधर्म के विचार में महाप्रवीण लेखक, कर्म में महाचतुर पुरुष को देख उससे पूछा कि तू कौन है?

तब उसने कहा- हे प्रभो! मैं माता-पिता को तो नहीं जानता किंतु आपके शरीर से प्रकट हुआ हूं इसलिए मेरा नामकरण कीजिए और कहिए कि मैं क्या करूं?

ब्रह्माजी ने उस पुरुष के वचन सुन अपने हृदय से उत्पन्न हुए उस पुरुष को हंसकर कहा- तू मेरी काया से प्रकट हुआ है इससे मेरी काया में तुम्हारी स्थिति है इसलिए तुम्हारा नाम कायस्थ चित्रगुप्त है। धर्मराज के पुर में प्राणियों के शुभाशुभ कर्म लिखने में उसका तू सखा बने इसलिए तेरी उत्पत्ति हुई है।

ब्रह्माजी ने चित्रगुप्त से यह कहकर धर्मराज से कहा- हे धर्मराज! यह उत्तम लेखक तुझको मैंने दिया है, जो संसार में सब कर्मसूत्र की मर्यादा पालने के लिए है। इतना कहकर ब्रह्माजी अंतर्ध्यान हो गए।

फिर वह पुरुष (चित्रगुप्त) कोटि नगर को जाकर चंड-प्रचंड ज्वालामुखी कालीजी के पूजन में लग गया। उपवास कर उसने भक्ति के साथ चंडिकाजी की भावना मन में की। उसने उत्तमता से चित्त लगाकर ज्वालामुखी देवी का जप और स्तोत्रों से भजन-पूजन और उपासना इस प्रकार की- हे जगत को धारण करने वाली, तुमको नमस्कार है महादेवी! तुमको नमस्कार है। स्वर्ग, मृत्यु, पाताल आदि लोक-लोकांतरों को रोशनी देने वाली, तुमको नमस्कार है। संध्या और रात्रि रूप भगवती, तुमको नमस्कार है। श्वेत वस्त्र धारण करने वाली सरस्वती, तुमको नमस्कार है। सत, रज, तमोगुण रूप देवगणों को कांति देने वाली देवी, हिमाचल पर्वत पर स्थापित आदिशक्ति चंडी देवी तुमको नमस्कार है।

उत्तम और न्यून गुणों से रहित वेद की प्रवृत्ति करने वाली, 33 कोटि देवताओं को प्रकट करने वाली त्रिगुण रूप, निर्गुण, गुणरहित, गुणों से परे, गुणों को देने वाली, 3 नेत्रों वाली, 3 प्रकार की मूर्ति वाली, साधकों को वर देने वाली, दैत्यों का नाश करने वाली, इन्द्रादि देवों को राज्य देने वाली, श्रीहरि से पूजित देवी हे चण्डिका! आप इन्द्रादि देवों को जैसे वरदान देती हैं, वैसे ही मुझको वरदान दीजिए। मैंने लोकों के अधिकार के लिए आपकी स्तुति की है, इसमें संशय नहीं है।

ऐसी स्तुति को सुन देवी ने चित्रगुप्तजी को वर दिया। देवीजी बोलीं- हे चित्रगुप्त! तूने मेरा आराधन-पूजन किया, इससे मैंने आज तुमको वर दिया कि तू परोपकार में कुशल अपने अधिकार में सदा स्थिर और असंख्य वर्षों की आयु वाला होगा। यह वर देकर दुर्गा देवीजी अंतर्ध्यान हो गईं। उसके बाद चित्रगुप्त धर्मराज के साथ उनके स्थान पर गए और वे आराधना करने योग्य अपने आसन पर स्थित हुए।

उसी समय ऋषियों में उत्तम ऋषि सुशर्मा, जिसको संतान की चाहना थी, ने ब्रह्माजी का आराधन किया। तब ब्रह्माजी ने प्रसन्नता से उसकी इरावती नाम की कन्या को पाकर चित्रगुप्त के साथ उसका विवाह किया। उस कन्या से चित्रगुप्त के 8 पुत्र उत्पन्न हुए, जिनके नाम ये हैं- चारु, सुचारु, चित्र, मतिमान, हिमवान, चित्रचारु, अरुण और 8वां अतीन्द्रिय। दूसरी जो मनु की कन्या दक्षिणा चित्रगुप्त से विवाही गई, उसके 4 पुत्र हुए। उनके भी नाम सुनो- भानु, विभानु, विश्वभानु और वीर्य्यावान–?। चित्रगुप्त के ये 12 पुत्र विख्यात हुए और पृथ्वी-तल पर विचरे।

उनमें से चारु मथुराजी को गए और वहां रहने से मथुरा हुए। हे राजन–?, सुचारु गौड़ बंगाले को गए, इससे वे गौड़ हुए। चित्रभट्ट नदी के पास के नगर को गए, इससे वे भट्टनागर कहलाए। श्रीवास नगर में भानु बसे, इससे वे श्रीवास्तव्य कहलाए। हिमवान अम्बा दुर्गाजी की आराधन कर अम्बा नगर में ठहरे, इससे वे अम्बष्ट कहलाए। सखसेन नगर में अपनी भार्या के साथ मतिमान गए, इससे वे सूर्यध्वज कहलाए और अनेक स्थानों में बसे अनेक जाति कहलाए।

उस समय पृथ्वी पर एक राजा जिसका नाम सौदास था, सौराष्ट्र नगर में उत्पन्न हुआ। वह महापापी, पराया धन चुराने वाला, पराई स्त्रियों में आसक्त, महाअभिमानी, चुगलखोर और पाप कर्म करने वाला था। हे राजन–?! जन्म से लेकर सारी आयुपर्यन्त उसने कुछ भी धर्म नहीं किया। किसी समय वह राजा अपनी सेना लेकर उस वन में, जहां बहुत हिरण आदि जीव रहते थे, शिकार खेलने गया। वहां उसने निरंतर व्रत करते हुए एक ब्राह्मण को देखा। वह ब्राह्मण चित्रगुप्त और यमराजजी का पूजन कर रहा था।

यम द्वितीया का दिन था। राजा ने पूछा- महाराज! आप क्या कर रहे हैं? ब्राह्मण ने यम द्वितीया व्रत कह सुनाया। यह सुनकर राजा ने वहीं उसी दिन कार्तिक के महीने में शुक्ल पक्ष की द्वितीया को धूप तथा दीपादि सामग्री से चित्रगुप्तजी के साथ धर्मराजजी का पूजन किया। व्रत करके उसके बाद वह अपने घर में आया। कुछ दिन पीछे उसके मन को विस्मरण हुआ और वह व्रत भूल गया। याद आने पर उसने फिर से व्रत किया।

समयोपरांत काल संयोग से वह राजा सौदास मर गया। यमदूतों ने उसे दृढ़ता से बांधकर यमराजजी के पास पहुंचाया। यमराजजी ने उस घबराते हुए मन वाले राजा को अपने दूतों से पिटते हुए देखा तो चित्रगुप्तजी से पूछा कि इस राजा ने क्या कर्म किया? उस समय धर्मराजजी का वचन सुन चित्रगुप्तजी बोले- इसने बहुत ही दुष्कर्म किए हैं, परंतु दैवयोग से एक व्रत किया, जो कार्तिक के शुक्ल पक्ष में यम द्वितीया होती है, उस दिन आपका और मेरा गंध, चंदन, फूल आदि सामग्री से एक बार भोजन के नियम से और रात्रि में जागने से पूजन किया। हे देव! हे महाराज! इस कारण से यह राजा नरक में डालने योग्य नहीं है। चित्रगुप्तजी के ऐसा कहने से धर्मराजजी ने उसे छुड़ा दिया और वह इस यम द्वितीया के व्रत के प्रभाव से उत्तम गति को प्राप्त हुआ।

ऐसा सुनकर राजा युधिष्ठिर भीष्म से बोले- हे पितामह! इस व्रत में मनुष्यों को धर्मराज और चित्रगुप्तजी का पूजन कैसे करना चाहिए? सो मुझे कहिए।

भीष्मजी बोले- यम द्वितीया के विधान को सुनो। एक पवित्र स्थान पर धर्मराज और चित्रगुप्तजी की मूर्ति बनाएं और उनकी पूजा की कल्पना करें। वहां उन दोनों की प्रतिष्ठा कर 16 प्रकार व 5 प्रकार की सामग्री से श्रद्धा-भक्तियुक्त नाना प्रकार के पकवानों, लड्डुओं, फल, फूल, पान तथा दक्षिणादि सामग्रियों से धर्मराजजी और चित्रगुप्तजी का पूजन करना चाहिए। पीछे बारंबार नमस्कार करें।

हे धर्मराजजी! आपको नमस्कार है। हे चित्रगुप्तजी! आपको नमस्कार है। पुत्र दीजिए, धन दीजिए सब मनोरथों को पूरे कर दीजिए। इस प्रकार चित्रगुप्तजी के साथ श्री धर्मराजजी का पूजन कर विधि से दवात और कलम की पूजा करें। चंदन, कपूर, अगर और नैवेद्य, पान, दक्षिणादि सामग्रियों से पूजन करें और कथा सुनें। बहन के घर भोजन कर उसके लिए धन आदि पदार्थ दें। इस प्रकार भक्ति के साथ यम द्वितीया का व्रत करने वाला पुत्रों से युक्त होता है और मनोवांछित फलों को पाता है।

# चीनी मुस्कान के पीछे क्या साजिश है?

सवाल उठता है कि भारत की रणनीति कैसी होनी चाहिए। जवाब यह है कि चीन से संवाद बना रहे, पर दूरी भी बनी रहे– यह एंगेज विद आउट इल्यूजन की नीति होनी चाहिए। टेक्नोलॉजी और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों में चीनी निवेश की कड़ी जाँच आवश्यक है। सीमा सुरक्षा, खुफिया सतर्कता और आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण को प्राथमिकता दी जाए। भरोसे की जगह सावधानी को आधार बनाया जाए। बहरहाल, चीन के महावाणिज्यदूत की बातें सुनने में सॉफ्ट लग सकती हैं, पर इतिहास बताता है कि चीन की कूटनीति कभी सॉफ्ट नहीं रही। गलवान की बर्फ अभी पिघली नहीं है, और बीजिंग फिर से दोस्ती का गुलदस्ता लेकर आया है। यह वही पुराना खेल है – पहले तनाव बढ़ाओ, फिर मुस्कराहट के साथ वार्ता का प्रस्ताव रखो, ताकि भारत असमंजस में रहे। भारत को इस बार ठंडी मुस्कान से नहीं, ठोस नीति से जवाब देना होगा।

**नीरज कुमार दुबे**

बेंगलुरु में आयोजित इंडिया-चाइना फ्रेंडशिप एसोसिएशन के एक कार्यक्रम में चीन के मुंबई स्थित महावाणिज्यदूत किन जिए ने कहा कि भारत और चीन मिलकर उन समस्याओं का समाधान कर सकते हैं जिन्हें पश्चिमी देश नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने भारत-चीन संबंधों को उवल भविष्य वाला बताते हुए कहा कि दोनों देशों के पास विशाल जनसंख्या, बड़ा बाजार और महान बुद्धिमत्ता है। हम आपको बता दें कि यह कार्यक्रम भारत-चीन के राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ। जिए ने बेंगलुरु की तकनीकी प्रगति, जलवायु और नगरीय विकास की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह चीनी निवेश के लिए आकर्षक केंद्र बन सकता है। उन्होंने बताया कि चीन की एक कंपनी पिछले दस वर्षों से कर्नाटक में कार्यरत है और 3,000 से अधिक लोगों को रोजगार दे रही है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में लगभग 1,000 चीनी नागरिक रह रहे हैं और यह संख्या आगे बढ़ेगी।

हम आपको बता दें कि भारत ने पाँच साल बाद चीनी पर्यटकों के लिए वीज़ा जारी करना शुरू किया है और सीधी उड़ानों के पुनरारंभ से पर्यटन व व्यापार में वृद्धि की उम्मीद है। जिए ने बताया कि मुंबई स्थित दूतावास ने 2025 में अब तक 80,000 वीज़ा जारी किए हैं, जो वर्ष के अंत तक 3,00,000 तक पहुँच सकते हैं। कार्यक्रम में चीन की जापान पर 1945 की विजय पर फोटो प्रदर्शनी भी लगाई गई।

देखा जाये तो बेंगलुरु में चीन के महावाणिज्यदूत की मीठी बातों में मिठास कम और मंशा ज़्यादा थी। भारत और चीन मिलकर पश्चिम से बेहतर काम कर सकते हैं, सुनने में आकर्षक लगता है, पर यह वाक्य कूटनीति की भाषा में एक सॉफ्ट ट्रैप है। यह वही चीन है जिसने गलवान की रात भारत के जवानों पर हमला किया था, और अब उसी के प्रतिनिधि दोस्ती की बातें कर रहे हैं। सवाल यह नहीं कि चीन क्या कह रहा है, बल्कि यह है कि क्यों कह रहा है?

चीन की मुस्कान के पीछे की रणनीति देखें तो दरअसल वह अमेरिकी दबाव से राहत की खोज में है। आज चीन पश्चिमी गठबंधनों से घिरा हुआ है– QUAD, AUKUS, NATO और इंडो-पैसिफिक साझेदारी सब मिलकर बीजिंग को रणनीतिक घेराबंदी में रखे हुए हैं। भारत इनमें एक अहम भूमिका निभा रहा है। चीन जानता है कि अगर भारत थोड़ा भी तटस्थ हो जाए, तो पश्चिमी मोर्चे में दरार पड़ सकती है। इसलिए एशियाई एकता की बात दरअसल विभाजन की चाल है।

इसके अलावा, कोविड के बाद चीन की अर्थव्यवस्था धीमी पड़ी है। विदेशी कंपनियाँ पलायन कर रही हैं, और युवाओं में बेरोजगारी रिकॉर्ड स्तर पर है। ऐसे में भारत का 1.4 अरब का बाजार बीजिंग को सोने की खान नज़र आ रहा है। बेंगलुरु की तारीफ़ दरअसल एक आर्थिक प्रस्तावना है– हमें अपने बाजार में वापस आने दो।



इसके अलावा, गलवान, ताइवान, दक्षिण चीन सागर और हांगकांग– इन सबने चीन की छवि को कठोर और आक्रामक बना दिया है। अब वह सॉफ्ट डिप्लोमेसी के ज़रिए अपने चेहरे पर मुस्कान चढ़ा रहा है। फोटो प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, दोस्ती की वर्षगांठ, यह सब रिश्तों की मरम्मत नहीं, छवि की मरम्मत है।

साथ ही सीमा पर चीन की हरकतें अभी भी बंद नहीं हुई हैं। पैट्रोलिंग पॉइंट 15 और डेमचोक में गतिरोध जारी है। ऐसे में मैत्रीपूर्ण बयान केवल एक साइकोलॉजिकल ऑपरेशन हैं– ताकि भारत की जनता और मीडिया तनाव घटने का भ्रम पाल लें।

अब सवाल उठता है कि क्या भारत को भरोसा करना चाहिए? देखा जाए तो कूटनीति का पहला नियम है– विश्वास करो, पर जाँचो। चीन पर भरोसा करने की भूल भारत पहले कर चुका है– 1954 में हिंदी-चीनी भाई-भाई का नारा और 1962 की धोखेबाज़ी इसका प्रमाण है। आज भी चीन संयुक्त राष्ट्र में आतंकवादियों के खिलाफ भारत के प्रस्तावों पर वीटो लगाता है, पाकिस्तान को समर्थन देता है और अरुणाचल प्रदेश को अपने नक्शे में दक्षिण तिब्बत बताता है। क्या यह मित्रता है? चीन की दोस्ती की परिभाषा हमेशा स्वार्थ से शुरू होकर स्वार्थ पर ही खत्म होती है। इसलिए भारत को इस बार भावनाओं से नहीं, हितों से निर्णय लेना होगा।

सवाल उठता है कि भारत की रणनीति कैसी होनी चाहिए। जवाब यह है कि चीन से संवाद बना रहे, पर दूरी भी बनी रहे– यह एंगेज विद आउट इल्यूजन की नीति होनी चाहिए। टेक्नोलॉजी और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों में चीनी निवेश की कड़ी जाँच आवश्यक है। सीमा सुरक्षा, खुफिया सतर्कता और आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण को प्राथमिकता दी जाए। भरोसे की जगह सावधानी को आधार बनाया जाए।

बहरहाल, चीन के महावाणिज्यदूत की बातें सुनने में सॉफ्ट लग सकती हैं, पर इतिहास बताता है कि चीन की कूटनीति कभी सॉफ्ट नहीं रही। गलवान की बर्फ़ अभी पिघली नहीं है, और बीजिंग फिर से दोस्ती का गुलदस्ता लेकर आया है। यह वही पुराना खेल है – पहले तनाव बढ़ाओ, फिर मुस्कराहट के साथ वार्ता का प्रस्ताव रखो, ताकि भारत असमंजस में रहे। भारत को इस बार ठंडी मुस्कान से नहीं, ठोस नीति से जवाब देना होगा। दोस्ती अच्छी है, लेकिन आँख मूँदकर चीन पर भरोसा करना घातक हो सकता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

अपने कामों पर ध्यान देकर आगे बढ़ना होगा। आपको तरक्की करते देख कुछ मित्र शत्रु बन सकते हैं। रुके हुए धन की पूर्ति काफी हद तक हो सकेगी।

**वृषभ**

नौकरी में कार्यरत लोगों को प्रमोशन मिलने से खुशी होगी। आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। कारोबार में आपके कुछ नए साथी बनेंगे।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए इनकम के नए-नए रास्ते खलेगा। जीवनसाथी की सेहत में गिरावट आने से आपको भागदौड़ अधिक रहेगी।

**कर्क**

आज का दिन सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। किसी कानूनी मामले में आपको पूरा ध्यान देना होगा। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी होगी।

**सिंह**

आपकी यश व कीर्ति बढ़ेगी और आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी। सेहत संबंधित समस्या चल रही थी, तो उससे भी राहत मिलेगी।

**कन्या**

आप कामों को लेकर जल्दबाजी बिल्कुल ना दिखाएं। शिक्षा में आज आप अच्छा नाम काम आएंगे। भक्ति में आपका खूब मन लगेगा।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपका कोई करीबी आपसे मिलने आ सकता है।

**वृश्चिक**

कार्य क्षेत्र में अपने अनुभवों का लाभ मिलेगा। कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। संतान पक्ष की ओर से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप अपने बिजनेस को ऊंचाइयों तक लेकर जाने की कोशिश में लगे रहेंगे, जिसके लिए आप कुछ नई योजनाएं भी बनाएंगे।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। आप अपने व्यापार के रुके हुए कामों को पूरा करने में लगे रहेंगे। परिवार में बच्चों के साथ आप कुछ मौज मस्ती भरे पल व्यतीत करेंगे।

**कुंभ**

कुंभ राशि के जातकों की भौतिक सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपको यदि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें।

**मीन**

आज का दिन सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा। अपनी वाणी से आप लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पांच जुआरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, 1,48,810, दो बाइक व मोबाइल फोन बरामद



**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव में पुलिस ने ऑपरेशन जुआरी के तहत बड़े पैमाने पर चल रहे जुए के अड्डे पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने पांच लोगों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से ताश की पत्तियां, दो बाइक, दो मोबाइल फोन और 1,48,810 रुपए नकद बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्त बुद्धदेव राय, दशरथ राय, मनोज राय, राजेश्वर राय और कृष्णा राय शामिल है। जिनके गिरफ्तारी के बाद पुलिस उचित कार्रवाई के लिए जुटी हुई है। इस छापेमारी अभियान में मनेर थाना के एसआई अफसर अली, मनोज कुमार, मिथिलेश कुमार सहित कई पुलिस कर्मी शामिल थे। इस मामले में पश्चिमी सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि ऑपरेशन जुआरी के तहत पटना पश्चिमी इलाके में लगातार छापेमारी की जा रही है। इस अभियान के तहत मनेर से पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### गोवर्द्धन पूजा पर दंगल प्रतियोगिता का आयोजन, प्रतिभागी को नगर सभापति ने किया पुरस्कृत

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुधवार को गोवर्धन पूजा को लेकर मनेर टोलापर समिति के द्वारा दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दंगल प्रतियोगिता में 100 किलो वर्ग में नंदकिशोर यादव, 80 किलो वर्ग में दशई राय, 60 किलो वर्ग में धीरज कुमार और 50 किलो वर्ग श्रीकांत कुमार ने बाजी मारी। वही तलवार में प्रदीप साह ने बाजी मारी। इससे पूर्व दंगल प्रतियोगिता का उद्घाटन नगर परिषद सभापति विद्याधर विनोद ने करते हुए कहा कि हम



कंप्यूटर युग में भले ही जी रहे हैं। लेकिन अपने पौराणिक परम्परागत खेलों को नहीं भूलना चाहिए, पुरानी खेलों से हमें आत्मबल में वृद्धि के साथ ही शरीर तंदुरुस्त रहता है। जिससे आज हम कोरोना जैसी बीमारी से भी लड़ सकते है। खेलो से सामाजिक समरसता भी आती है। वही दंगल व कबड्डी सहित अन्य खिलाड़ियों विजेताओं को नगर सभापति विद्याधर विनोद ने पुरस्कृत किया। मौके पर पार्षद अखिलेश यादव, पूर्व पार्षद अशोक राय, शिवनाथ सिंह, पार्षद प्रतिनिधि रणबीर कुमार, राम अयोध्या राय, धीरज सिंह, प्रदीप कुमार, भृगु यादव, सुजीत कुमार सहित अन्य लोगो उपस्थित होकर पहलवानों एवं खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते रहें।

### दानापुर अनुमंडल के 97 गंगा घाटों में 52 घाट को खतरनाक घोषित

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोक आस्था का महापर्व छठ व्रत को लेकर डीएम के आदेश पर एसडीओ ने अनुमंडल के 97 घाटों में से 52 गंगा घाट को खतरनाक घाट घोषित किया गया है. जिसमें दानापुर के 25 गंगा घाटों को खतरनाक घोषित किया गया है. एसडीओ दिव्या शक्ति ने बताया कि अनुमंडल में कुल 97 गंगा घाटों में से 52 घाटों को खतरनाक घोषित किया गया है. जिसमें दानापुर में 25 घाटों को खतरनाक घोषित किया गया है. एसडीओ ने बताया कि गंगा के जलस्तर धीरे-धीरे घटने के बाद बैरेकेटिंग कार्य शुरू किया जायेगा. उन्होंने बताया कि दलदल व कीचड वाले घाटों पर उजला बालू का छिडकाव किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि तीन -चार दिनों के अंदर सभी घाटों का कार्य पूरा कर लिया जायेगा. उन्होंने बताया कि नासरीगंज घाट पर बैरेकेटिंग , चेनिंग रूम, वॉच टावर , शौचालय , रोशनी की व्यवस्था किया जा रहा है. खतरनाक घाटों पर लाल कपडा लगा दिया जायेगा और इन घाटों पर व्रतियों को अर्घ्य देने से रोका गया है. ताकि किसी तरह का घटना नही घट सकेंगे.उन्होने बताया कि दानापुर नगर परिषद क्षेत्र में करीब 32 और छावनी परिषद क्षेत्र में करीब 12 घाटों पडते है.

### पटना में मां लक्ष्मी और काली की प्रतिमाओं का धूमधाम से विसर्जन, घाटों पर तैनात रहे गोताखोर

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दीपावली पर्व के समापन पर पटना जिले के विभिन्न इलाकों — फुलवारी शरीफ, संपतचक, गौरीचक, बेलदारीचक, गोपाल पुर परसा बाजार, पुनपुन, जानीपुर, वाल्मी, भूसौला, दानापुर, सवजपुरा, ईसापुर, चुनौती कुआं, सदर बाजार, राष्ट्रीय गंज, अनीसाबाद, बेउर, सिपारा, पुलिस कॉलोनी, पहाड़पुर, चितकोहरा, इलाहीबाग, रामकृष्ण नगर, जगनपुरा, खेमनीचक, संजय नगर, रामलखन पथ, मीठापुर बस स्टैंड, ढेलवा, भूपतीपुर और कुरथौल आदि क्षेत्रों में स्थापित मां लक्ष्मी, मां काली और अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं का विधि-विधानपूर्वक विसर्जन किया गया. पेठीया बाजार में स्थापित मां काली की



प्रतिमा के विसर्जन हाथी घोड़ा बैंड बाजा के साथ भव्य रूप से किया गया.अकेले फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र में ही कुल 54 प्रतिमाओं का विसर्जन कराया गया. सुबह से ही श्रद्धालु जुलूस की शक्ल में ढोल-बाजे के साथ प्रतिमाएं लेकर निकले.कई जगहों पर युवकों की टोली मां लक्ष्मी की विदाई के समय ढोल और डीजे की धुनों पर नाचते-गाते चली. महिलाएं भी बड़ी संख्या में इस शोभा यात्रा में शामिल रहीं. श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर मां लक्ष्मी और मां काली की प्रतिमाओं को विदाई दी. प्रतिमाओं को पिकअप, ट्रैक्टर और टेंपो से विसर्जन स्थल तक ले जाया गया.कई जगहों पर श्रद्धालुओं ने कंधों पर उठाकर भी प्रतिमा को नदी या तालाब तक पहुंचाया. विसर्जन के दौरान श्रद्धा और उमंग का माहौल देखने को मिला. प्रतिमा का विसर्जन फुलवारी खगौल सोन नगर लख पर शिव मंदिर तालाब पूरनपुर नदी एवं विभिन्न तालाब पोखर में किया गया.

# बाढ़ में जन संपर्क के दौरान राष्ट्रीय जनता दल प्रत्याशी के काफिले पर पत्थराव, पांच समर्थक चोटिल



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ विधानसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी कर्णवीर सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया के जनसंपर्क के दौरान बुधवार की दोपहर 11:00 बजे उनके काफिले पर कथित तौर पर एनडीए समर्थकों ने अभद्रता करते हुए पथराव किया। इस दौरान प्रत्याशी बाल बाल बच गए। वहीं दूसरी तरफ जिला प्रवक्ता मिथिलेश यादव सहित कई लोग चोटिल हो गए ।घटना के बाद राष्ट्रीय जनता दल के समर्थकों में भगदड़ मच गई। वहीं दूसरी तरफ प्रत्याशी ने इसे विपक्षी की सोची समझी साजिश बताया है। लल्लू मुखिया अपने चुनावी जनसंपर्क अभियान में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत बेढ़ना गांव पहुंचे थे। उनके समर्थकों के द्वारा दुर्गा स्थान के पास ढोल बाजा के साथ स्वागत किया गया था। इसके बाद जब वह लौट कर गांव से बाहर निकलने लगे तो कुछ लोग लोगों ने एक केंद्रीय मंत्री एवं एक अन्य प्रत्याशी का जिंदाबाद करते हुए लल्लू मुखिया के समर्थकों पर ईट फेंकना शुरू कर दिया। इस दौरान कई प्रचारक जख्मी हो गए। हालांकि लल्लू मुखिया अपने समर्थकों को शांत करते हुए अगले पड़ाव की तरफ निकल गए ।इसके तुरंत बाद जनसंपर्क कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया ।बाढ़ के अपने कार्यालय में लल्लू मुखिया ने प्रेस प्रतिनिधियों से बात करते हुए कहा कि कुछ लोगों ने दूसरे के इशारे पर उन पर हमला किया है। लोकतंत्र में प्रत्येक प्रत्याशी को कहीं भी प्रचार कर वोट मांगने का अधिकार है ।उन्हें चुनाव प्रचार से रोकने की कोशिश की गई है। उन्होंने इस मामले में हमलावरों के विरुद्ध चुनाव आयोग एवं स्थानीय अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई है। इस घटना को लेकर इंडिया गठबंधन के घटक दलों में वामपंथी नेता भोला सिंह, राजीव कुमार चुन्ना, विजय कुमार सिंह आदि ने आलोचना की है।

### सात पीडीएस विक्रेताओं पर खाद्यान्न गबन का केस दर्ज

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) में पारदर्शिता लाने की दिशा में अनुमंडल प्रशासन, बगहा ने कड़ा कदम उठाया है। रामनगर प्रखंड में खाद्यान्न गबन के गंभीर आरोपों में सात जन वितरण विक्रेताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इन सभी पर लाभुकों को अनाज वितरण किए बिना सरकारी खाद्यान्न का गबन करने का आरोप है।अनुमंडल पदाधिकारी, बगहा, गौरव कुमार ने बताया कि प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी की जांच रिपोर्ट के आधार पर रामनगर थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई। जिनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है उसमें डैनमरवा के रामचन्द्र राम 107 क्विंटल, रामनगर के मनोज केशरी पर 526 क्विंटल, सोहसा के प्रभु पंडित, पर 688 क्विंटल, तौलाहा के अवध किशोर राव पर 432 क्विंटल, नगर के हीं एजाज अहमद, पर 274 क्विंटल डैनमरवा के हीं .

## दानापुर मखदूम-ए-दानापुर के 275वें उर्स पर अमन चैन व शांति की मांगी दुआ

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शाहटोली स्थित मखदूम-ए-दानापुर हजरत सैयद-उल-मज्जुबीन मखदूम सैयद शाह मोहम्मद यासीन कादरी चिश्ती नेजामी रहमतुल्लाह अलैह का 275वां उर्स मुबारक बुधवार को अकीदत और एहतराम से मनाया गया. मौके पर मुल्क में अमन और शांति की दुआएं की गई. शाहटोली में करीब 700 वर्ष पुरानी खानकाह कादरिया चिश्तिया नेजामिया का है.उर्स की शुरूआरत बुधवार की सुबह सज्जादा नशीन हजरत सैयद शाह अहमद सुल्तान कादरी चिश्ती नेजामी अशरफी की सरपरस्ती में किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत कुरानख़्वानी से हुई. जिसके बाद दिनभर जायरीन और अकीदतमंदों की भीड़ दरगाह शरीफ पर उमड़ती रही. आयोजित महफि ल-ए-समा (कव्वाली) में मशहूर कव्वालों ने सूफि याना कलाम पेश कर रूहानियत से भरपूर समां बांध दिया. इसके बाद चादरपोशी, कूल शरीफ, फातिहा और मखदूम-ए-दानापुर यासीन हुसैन रिसाला का विमोचन पटना उच्च न्यायालय के सीनियर अधिवक्ता सैयद अरशद आलम और डा सैयद मोहम्मद मोजीरुल हक ने किया. पटना, दानापुर और आसपास के इलाकों से बड़ी तादाद में मुरीदीन, अकीदतमंदों और आम नागरिकों ने हाज़िरी दी. सज्जादा नशीन हजरत सैयद शाह अहमद सुल्तान कादरी चिश्ती नेजामी अशरफी ने मुल्क और सूबे बिहार की अमन-चैन, तरक़्क़ी और खुशहाली के लिए दुआ मांगी.खानकाह को रंग-बिरंगे रोशनी से सजावट से जगमगाया हो गया था. साथ ही लंगर-ए-आम का भी शानदार इंतजाम किया गया. जिसमें जायरीन ने शिरकत कर बरकत हासिल की. यह प्राचीन खानकाह सदियों से सूफी परंपरा, मोहब्बत और इंसानियत का पैगाम देने वाली तहरीक का मरकज रही है. जहां हर मजहब और तबके के लोग अकीदत के साथ हाजिरी देते हैं. मौके पर सैय्याद शाह नेहालुद्दीन अहमद कादरी चिश्ती नेजामी दानापुर,सैयद मनोवर रिजवी चिश्ती, सैयद महताब चिश्ती, सज्जादानशीन, शद्दाम एमादी ,तलहा उस्मानी कादरी के अलावा अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे.

## फुलवारीशरीफ में जदयू प्रत्याशी श्याम रजक के प्रधान चुनाव कार्यालय का उद्घाटन





### तेजस्वी अपरिपक्व और हर मोर्चे पर असफल,जनता उनके झांसे में आने वाली नहीं

**फुलवारीशरीफ/नबिटा संवाददाता।** पटना के फुलवारी शरीफ स्थित शहीद भगत सिंह चौक के पास राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) समर्थित जदयू प्रत्याशी श्याम रजक के प्रधान चुनाव कार्यालय का उद्घाटन जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा ने फीता काटकर किया. इस अवसर पर मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि तेजस्वी प्रसाद यादव अभी राजनीतिक रूप से परिपक्व नहीं हैं. किसी भी मामले में उन्हें पूरी जानकारी नहीं होती और बिना सोचे-समझे कुछ भी बयान दे देते हैं. उन्होंने जो लाखों नौकरियां देने का वादा किया है, उसके लिए धन कहां से आएगा, इसका जवाब उनके पास नहीं है. उनकी बातों से झलकता है कि वह अभी पूरी तरह परिपक्व नहीं हुए हैं. जनता अब उनके झांसे में आने वाली नहीं है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की लहर पूरे बिहार में चल रही है. हमारी सरकार ने लाखों लोगों को रोजगार दिया है. आने वाले दिनों में बिहार के विकास के लिए कई और काम किए जाएंगे. एनडीए पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगा. मौके पर मौजूद जदयू प्रत्याशी श्याम रजक ने कहा कि तेजस्वी यादव हर मामले में असफल साबित हुए हैं. शिक्षा, प्रशासन और शासन संचालन— किसी भी क्षेत्र में वे सफल नहीं हैं. उन्हें संविधान की गहरी जानकारी नहीं है और न ही सरकारी तंत्र को कैसे चलाया जाता है, इसकी समझ है. बिहार की जनता अब जान चुकी है कि वे हर मोर्चे पर विफल रहे हैं. श्याम रजक ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में विकास के अनेक कार्य किए हैं. राज्य में रोजगार के अवसर बढ़े हैं, स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हुई हैं, शराबबंदी लागू कर सामाजिक व्यवस्था को सुधारा गया है और महिलाओं को सम्मान मिला है. यही वजह है कि जनता एक बार फिर एनडीए की सरकार बनाने को तैयार है. इस मौके पर एनडीए समर्थक दलों के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे. बिहार राज्य सिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष अफजाल अब्बास,नगर परिषद अध्यक्ष आफताब आलम, वार्ड पार्षद मोहम्मद मिनहाज, प्रखंड अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह, फजल इमाम सहित बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने भी अपने विचार रखे. सभा स्थल पर कार्यकताओं में भारी उत्साह देखा गया.

## ड्राई फ्रूट्स से बनी भगवान चित्रगुप्त की भव्य मूर्ति आकर्षण का केंद्र

### सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हो रही ड्राई फ्रूट्स से बनी चित्रगुप्त मूर्ति



**फुलवारीशरीफ/नबिटा संवाददाता।** चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर पटना के बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी, भूतनाथ रोड स्थित कायस्थ चित्रगुप्त सेना बिहार प्रदेश का पंडाल इस साल भी अनोखे अंदाज में चर्चा में है. इस बार यहां ड्राई फ्रूट्स से बनी भगवान चित्रगुप्त की भव्य मूर्ति स्थापित की गई है. मूर्ति पूरी तरह से काजू, पिस्ता, किशमिश और खीरा के बीज से तैयार की गई है.पटना में ड्राई फ्रूट्स से बनी यह अनोखी चित्रगुप्त प्रतिमा इन दिनों सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हो रही है. मूर्तिकार जितेंद्र ने बताया कि इस प्रतिमा को तैयार करने में लगभग 15 हजार ड्राई फ्रूट्स का इस्तेमाल किया गया है. चित्रगुप्त भगवान के सिर और हाथ पिस्ते के छिलकों से बनाए गए हैं जबकि शरीर पर भी पिस्ते की परत चिपकाई गई है. भगवान की पोशाक काजू की बाहरी परत से सजाई गई है जो देखने में बेहद आकर्षक लगती है. मूर्ति के बैकग्राउंड में तेजपत्ता का इस्तेमाल किया गया है जो इसे और मनमोहक बनाता है. सेनाध्यक्ष पाण्डेय अखिलेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा चंद्रा वैन्क्वेट हॉल, भूतनाथ, पटना में धूमधाम से आयोजित की जा रही है. पूजा 23 अक्टूबर 2025, गुरुवार को कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष द्वितीया तिथि पर संपन्न होगी. पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक रहेगा. कार्यक्रम में बी.पी. श्रीवास्तव, अवध किशोर प्रसाद, डॉ. दिपेन्द्र भूषण, रौशन प्रियदर्शी, सुनील श्रीवास्तव, सुशील सिन्हा "मुरारी", राजेश कुमार चौधरी, रामदेव सिन्हा, धर्मेन्द्र, रघुनाथ, अधिवक्ता रत्न सिन्हा, राजीव रंजन सिन्हा, गिरिधर गोपाल, शांत मनु कर्ण, प्रो. संतोष कुमार, विकाश श्रीवास्तव सहित सैकड़ों कायस्थ परिवार के लोग शामिल हुए.

## सीओ की उपस्थिति ने चलाया सघन वाहन जांच

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार को मथुरा चौक पर बनाये गए चेक पोस्ट का सीओ सुधांशु शेखर ने जायजा लिया । निरीक्षण के दौरान सीओ ने अपनी उपस्थिति में सभी छोटे बड़े वाहनों की गहनता से जांच करवाया। इस दौरान चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस पदाधिकारी व दंडाधिकारी को सीओ ने आवश्यक निर्देश भी दिया है। सीओ ने बताया कि आयोग ने निदेर्शानुसार एसएसटी का गठन किया गया है। इसके साथ ही आदर्श आचार संहिता के पालन कराने को लेकर विधानसभा अन्तर्गत तीन मुख्य मार्गो पर चेक पोस्ट स्थापित किया गया है।

## जिले से 8 जिला बदर व 16 अपराधकर्मी हुए थाना बदर

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अगामी विधान सभा आम चुनाव एवं विभिन्न पर्व त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार द्वारा अपराधकर्मियों के विरूद्ध बिहार अपराध अधिनियम-2024 की धारा-03 (3) के तहत थाना बदर जिला बदर करने संबंधी आदेश पारित किया गया है।इन अपराधकर्मियों के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता, आर्म्स एक्ट, आई०टी० एक्ट, मद्यनिषेध उत्पाद अधिनियम सहित अन्य अधिनियमों के तहत कई मामलें दर्ज है, जिसमें ये सभी जमानत पर बाहर हैं।पुलिस अधीक्षक से इन अपराधकर्मियों को थाना बदर जिला बदर करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ था, जिसकी सुनवाई की गयी, किन्तु ये अपराधकर्मी अपना बचाव करने में असफल रहे। 30 नवंबर तक के लिएजिले के 8 को जिला बदर एवं 16 को थाना बदर किया गया है। इस दौरान इन्हें सम्बद्ध थाने में जाकर अपनी हाजिरी दर्ज करानी होगी, ताकि जिले में शांतिपूर्ण माहौल में स्वच्छ एवं निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराया जा सके।जिलाबदर होनेवाले शातीरों में अभिषेक राय, अशोक कुमार सोनी उर्फ भवानी सिंह, सोनू चौधरी, सावन सिंह, ओमप्रकाश यादव, राजाबाबु उर्फ सन्नी सिंह, पंकज चौधरी, शेषनाथ बीन, शामिल है।

## फुलवारीशरीफ विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

### सांसद राजाराम सिंह एवं महागठबंधन प्रत्याशी गोपाल रविदास ने आगामी चुनाव को लेकर दिया जीत का मंत्र

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फुलवारीशरीफ विधानसभा अंतर्गत एम्स गोलंबर स्थित वृंदावन बैंक्वेट हॉल में बुधवार को भाकपा (माले) एवं महागठबंधन द्वारा विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष श्रवण यादव ने की तथा संचालन भाकपा (माले) प्रखंड सचिव गुरुदेव दास ने किया.कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर आगामी





विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया. इस अवसर पर काराकाट के सांसद एवं भाकपा (माले) केंद्रीय कमिटी सदस्य कामरेड राजाराम सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. उन्होंने कहा कि फुलवारीशरीफ को सांप्रदायिक आग में झोंकने की साजिश रची गई थी, लेकिन विधायक गोपाल रविदास और भाकपा (माले) के संघर्ष से उन मंसूबों को नाकाम कर दिया गया. उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने की दिशा में काम कर रही है, जिसका जवाब जनता चुनाव में देगी. महागठबंधन समर्थित भाकपा (माले) प्रत्याशी गोपाल रविदास ने कहा कि देश में भाजपा की सोच संविधान को बदलकर मनुस्मृति लागू करने की है, जिसे हमें रोकना है. बिहार को ऐसी सरकार की जरूरत है जो रोजगार दे, न्याय दे और विकास करे. आगामी 6 नवंबर को क्रम संख्या 2 पर तीन तारा वाला बटन दबाकर महागठबंधन को विजयी बनाएं. सम्मेलन में बड़ी संख्या में कैश अनवर (राजद), शरीफा मांझी (माले), पन्ना लाल (माले), मंटू साव, अनुराधा देवी (माले), महागठबंधन के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे.

# गंगा घाटों पर गंदगी, दलदल व कीचड़, व्रतियों को अर्घ्य देने में होगी परेशानी







**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोक आस्था का महापर्व छठ व्रत चार दिवसीय अनुष्ठान शनिवार से प्रारंभ हो रहा है. बुधवार को दोपहर में नासरीगंज घाट से राज्य के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत , डीजीपी विनय कुमार, आयुक्त, डीएम समेत वरीय अधिकारियों ने स्टीमर से गंगा घाटों का जायजा लेने के लिए पटना सिटी तक गये. वही नगर के गंगा घाटों पर दलदल, कीचड व गंदगी का अंबार लगा हुआ है. कई घाटों पर अभी सफाई कार्य शुरू भी नही किया गया है. जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है. गंगा का जलस्तर धीरे-धीरे घटने से कच्चा घाटों पर दलदल व कीचड और गंदगी बिखरे पडे हुए है. इसके बाद भी नगर परिषद क्षेत्र के कई गंगा घाटों पर सफाई कार्य अधूरा पडा हुआ है. गंगा घाटों पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है और दलदल व कीचड पसरा हुआ है. बुधवार को परिषद क्षेत्र के चाई घाट, बीएस कॉलेज घाट व गोला घाट व वनपर टोला घाट पर गंदगी, दलदल व कीचड है. गोला घाट पर अभी तक सफाई कार्य शुरू भी नही हुआ है. घाट पर गंदगी व दलदल व कीचड पसरा हुआ है. केवल बालू गिराया गया है. घाटों पर गंदगी और दलदल रहने के कारण इस बार व्रतियों का अर्घ्य देने में भारी परेशानियों का सामना करना पडेगा. परिषद प्रशासन द्वारा दलदल घाटों पर बांस के चाली बिछाकर बालू छिडकाव किया जा रहा है. ताकि दलदल में व्रतियों को कोई परेशानियों का सामना नही करने पडे. परिषद प्रशासन द्वारा अभी तक बैरिकेडिंग का कार्य शुरू नही किया गया है. केवल फक्कर महतो घाट पर ही बैरिकेडिंग और वाच टावर का निर्माण कराया गया है. बाकी घाटों पर धीमी गति से कार्य किया जा रहा है. गंगा के जलस्तर घटने से पीपा पुल से लेकर गुरूद्वारा घाट गंगा का जलस्तर काफी कम हो गया है और बीच में बालू के रेत निकाल गया है. परिषद प्रशासन पक्का घाटों पर युद्ध स्तर पर साफ-सफाई कराया जा रहा है और कच्चा घाटों पर सफाई कार्य खानापूर्ति किया जा रहा है. लोगों ने बताया कि परिषद प्रशासन द्वारा छठ व्रत पवित्रता के साथ शुद्धता का महापर्व है. इसके बाद भी गंगा घाटों की सफाई व मरम्मत कार्य करने में खानापूर्ति किया जा रहा है. नप के उपमुख्य पार्षद के प्रतिनिधि राजनाथ उर्फ राजू जयसवाल ने बताया कि परिषद प्रशासन ने 32 घाटों पर सफाई, मरम्मत व रोशनी समेत अन्य सुविधा मुहैया कराने के लिए करीब डेढ करोड राशि खर्च किया जायेगा. इसके बाद

## एम्स पटना में हुआ बिहार का पहला सफल लीवर प्रत्यारोपण, चिकित्सा इतिहास में जुड़ा नया अध्याय

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एम्स पटना ने राज्य के चिकित्सा इतिहास में नया अध्याय जोड़ते हुए पहली बार लीवर प्रत्यारोपण सर्जरी को सफलतापूर्वक पूरा किया है. यह उपलब्धि न केवल बिहार बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का विषय है.एम्स पटना ने मंगलवार वार को इस जटिल शल्य चिकित्सा की सफलता की जानकारी प्रेस कांफ्रेंस के जरिए दी. इस सर्जरी में पटना के रहने वाले 40 वर्षीय युवक को नया जीवन मिला है, जिसका लीवर मोटापे और गंभीर बीमारी के कारण पूरी तरह नष्ट हो गया था. युवक का वजन लगभग 122 किलोग्राम था और पेट में लगातार पानी भरता था. दिल्ली से पहुँची विशेषज्ञ टीम और एम्स पटना के चिकित्सकों ने मिलकर यह प्रत्यारोपण किया. इस प्रत्यारोपण में समस्तीपुर की त्रैता देवी ने मृत्यु के बाद लीवर, कॉर्निया और गुर्दा दान कर किसी और को जीवनदान देने की प्रेरणादायक मिसाल पेश की. यह प्रत्यारोपण सर्जरी एम्स पटना के सर्जिकल गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी विभाग द्वारा की गई, जिसमें डॉ. उत्पल आनंद, डॉ. कुणाल परासर, डॉ. बसंत नारायण सिंह और डॉ. किसलय कांत की टीम ने नई दिल्ली के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सुभाष गुप्ता के नेतृत्व वाली विशेषज्ञ टीम के साथ मिलकर कार्य किया. इस ऐतिहासिक सर्जरी की निगरानी कार्यकारी निदेशक डॉ. राजू अग्रवाल, चिकित्सीय अधीक्षक डॉ. अनुप कुमार और डॉ. उत्पल आनंद ने की.

# भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों ने निर्वाचन संबंधित तैयारियों का लिया जायजा




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को स्वच्छ,निष्पक्ष , शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा नियुक्त प्रेक्षक गण के द्वारा आज समाहरणालय मोतिहारी स्थित डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद सभागार में जिला प्रशासन के पदाधिकारी एवं सीएपीएफ कमांडेंट गण के साथ बैठक कर अब तक किए गए कार्य एवं निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में आगे की कार्य योजना को लेकर बैठक संपन्न हुई। ज्ञातव्य है कि पूर्वी चंपारण जिला के सभी 12 विधानसभा क्षेत्र के लिए एक-एक सामान्य प्रेक्षक, एक पुलिस प्रेक्षक एवं व्यय अनुश्रवण के लिए चार व्यय प्रेक्षक की नियुक्ति भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा की गई है। बैठक के प्रारंभ में सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्री सौरभ जोरवाल के द्वारा सभी प्रेक्षकगण का स्वागत किया गया तत्पश्चाप पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिला में निर्वाचन को लेकर अब तक की गई तैयारी एवं कार्यों की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया जिला की कुल आबादी 60.3 2 लाख है जिसमें 34.42 लाख वोटर हैं। जिला में पुरुष वोटर की संख्या क ी18.35 लाख एवं महिला वोटर की गई।संख्या 16.07 लाख है। बिहार विधानसभा निर्वाचन के लिए जिला में कुल 4095 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिसमें 455 शहरी क्षेत्र में एवं 3640 ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित है। यह सभी मतदान केंद्र 1905 लोकेशंस पर स्थित है जिसमें शहरी क्षेत्र में एक 66 लोकेशन और ग्रामीण क्षेत्र में 1739 लोकेशन हैं। सभी लोकेशंस का जियो टैग किया गया है एवं उसके आधार पर व्यवस्थित संचार प्रणाली बनाई गई है ताकि जरूरत पड़ने पर कम से कम समय में और कम से कम दूरी तय कर-के यथा स्थान पहुंचा जा सके। सभी मतदान केंद्रों को मतदाता फ्रेंडली बनाया गया है। सभी जगह एएमएफ की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिला के सभी मतदान केंद्रों पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में सीसीटीवी कैमरा लगाई जाएगी एवं सभी मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया का वेब कास्टिंग कराया जाएगा। मतदान केंद्र पर मतदाता मोबाइल लेकर जा सकेंगे परंतु मतदान केंद्र के बाहर ही उन्हें मोबाइल रखने की व्यवस्था कराई जाएगी इसके लिए सभी मतदान केंद्र पर मोबाइल पॉकेट रहेगा। सभी मतदान केंद्र पर पर्दानशी महिलाओं की भी प्रतिनियुक्ति होगी जो महिला मतदाताओं की अच्छे से पहचान कर सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान कार्य में प्रतिनियुक्ति सभी मतदान पदाधिकारी का प्रथम प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया है। पीठासीन पदाधिकारी एवं पोलिंग पदाधिकारी-1 को ईवीएम का हैंड्स ऑन ट्रेनिंग भी दिया गया है। द्वितीय चरण का प्रशिक्षण जिला में 30 अक्टूबर से प्रारंभ होगा जो 5 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान मतदान दल के कर्मियों का पोस्टल बैलेट के माध्यम से वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए प्रशिक्षण स्थल पर फैसिलिटेशन सेंटर बनाया जाएगा। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि ईवीएम का फर्स्ट रेंडमाइजेशन का कार्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न कर लिया गया है अब ईवीएम को सभी डिस्पैच सेंटर पर भेजा जाना है जहां उसका कमिश्निंग कराया जाएगा। जिला के सभी 12 विधानसभा क्षेत्र के लिए 12 डिस्पैच सेंटर का निर्माण कराया गया है, ईवीएम को सुरक्षित रखने के लिए स्ट्रांग रूम बनाया गया है एवं वहां सभी तरह की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। जिला में नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। कल ही दिनांक 21.10.2025 को स्क्रुटनी का कार्य भी संपन्न हो गया। 23.10.2025 को अभ्यर्थिता वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। जिला में 11 नवंबर को मतदान की तिथि एवं 14 नवंबर को मतगणना की तिथि निर्धारित है। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि मतगणना कार्य के लिए दो केंद्र बनाए गए हैं।एक एस कॉलेज में जहां 06 विधानसभा क्षेत्र का मतगणना कराई जाएगी एवं दूसरा छतौनी डाइट में मतगणना केंद्र बनाया गया है जहां पर जिले की छः विधानसभाओं की मतगणना संपन्न कराई जाएगी। जिले में वोटर इनफॉरमेशन स्लिप (५२)का वितरण बीएलओ के माध्यम से आगामी 24 अक्टूबर से कराया जाएगा और भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में इसका सत प्रतिशत वितरण मतदान की तिथि से 5 दिन पूर्व करा लिया जाएगा। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रेस नोट जारी करने के साथ ही 06 अक्टूबर से जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है और इसका प्रभावी रूप से अनुश्रवण किया जा रहा है। विधि व्यवस्था के मद्देनजर अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर 64 नाका बनाए गए हैं। इसी के साथ-साथ अंतर जिला सीमा पर भी 20 नाका स्थापित कराए गए हैं। सभी जगह गहन पेट्रोलिंग की जा रही है। जिला में I२३ और २२३ की 39- 39 टीम गठित की गई है। इसके साथ-साथ 04 क्विक रिस्पांस टीम दफ्ळ भी कर गठित की गई है । संपूर्ण जिला में सघन वाहन जांच अभियान चलाए जा रहे हैं एवं बड़ी मात्रा में सीजर भी हो रहे हैं। जिला में संवेदनशील पॉकेट की पहचान की गई है और वहां पर 2655 लोगों को चिन्हित किया गया है जिसमें से 1998 के विरुद्ध प्रीवेंटिव एक्शन लिया गया है। जिला के विभिन्न स्थानों से 24353 लोगों के विरुद्ध अनुमंडल पदाधिकारी को प्रस्ताव भेजा गया है जिसमें 19699 को नोटिस चला गया है एवं 17359 लोगों को बाउंड डाउन कराया गया है। बीएसएस की धारा 126 के तहत 760 वारंट निर्गत किए गए हैं।

## नीतीश कुमार की जनसभा आज, देर शाम तक रही तैयारियां जोरों पर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मांझी (सारण)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को मांझी प्रखंड के नरपलिया मैदान में एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी रणधीर सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री की इस सभा को लेकर प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में हैं। बुधवार को सारण रेंज के डीआईजी, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सभास्थल पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था, मंच निर्माण, बैरिकेडिंग, पार्किंग और जनसुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। अधिकारियों ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए ताकि कार्यक्रम में किसी तरह की चूक न हो। जनसभा को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। बड़ी संख्या में कार्यकताओं और ग्रामीणों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। मौके पर प्रखंड जदयू अध्यक्ष अख्तर अली, उमाशंकर ओझा समेत कई स्थानीय नेता लगातार कैंप कर रहे हैं।

## चिरैया पुलिस ने दो स्थानों पर छापेमारी कर 80 लीटर देसी चुलाई शराब किया बरामद

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मध निषेध अभियान के तहत चिरैया पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। मंगलवार को थाना क्षेत्र के चिरैया धांगर टोली एवं मीरपुर गांव में की गई छापेमारी में लगभग 80 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद किया गया। वहीं 300 लीटर कच्चा महुआ शराब (पास) को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि सब इंस्पेक्टर हारून खान के नेतृत्व में गठित टीम ने सबसे पहले धांगर टोली में छापेमारी की, जहाँ 50 लीटर देसी शराब के साथ 300 लीटर कच्चा पास भी बरामद किया गया। इसके बाद मीरपुर गांव में की गई कार्रवाई में 30 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद हुई। दोनों ही स्थानों पर शराब अवैध रूप से बनाई जा रही थी। हालांकि पुलिस की कार्रवाई के दौरान अभियुक्त मौके से फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि फरार आरोपियों की पहचान कर ली गई है ।

## पोखर में स्नान करने के दौरान 13 वर्षीय किशोर की डूबने से हुई मौत

### भाई को बचाने पोखर में कूदी बड़ी बहन ग्रामीणों के सहयोग से बाल - बाल बची

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के भदहर गांव मे एक 13 वर्षीय किशोर की पोखर में डूबने से मौत हो गई हैं। मृतक की पहचान प्रखंड क्षेत्र के लालबेगिया गांव निवासी महेश प्रसाद के पुत्र रोहन कुमार (13) के रुप मे हुई हैं। घटना के संबंध में बताया गया कि मृतक रोहन साईकिल चलाते हुए पोखर के समीप चला गया। इस दौरान उसे स्नान करने की इच्छा हुई और उसने पानी में छलांग लगा दिया। वही किनारे खड़ी उसकी बड़ी बहन शालू उसे स्नान करते देख रही थी। रोहन पोखर में कूदने के कुछ देर बाद तक जब बाहर नहीं निकला तो उसकी बहन उसे बचाने पोखर में कूद पड़ी। लेकिन जब वह भी डूबने लगी तो उसने शोर मचाना शुरू किया। आवाज सुनकर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। जिसके बाद लोगों ने उसे पानी से बाहर निकाला। पूछने पर बताई कि मेरा भाई पोखर में डूब गया है जिसे बचाने के लिए मै कूदी थी। जानकारी मिलते ही कुछ साहसी युवकों ने किशोर की तलाश शुरू किया। काफी देर ढूंढने के बाद किशोर को पानी से बाहर निकाला गया। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक की चार बहने है और वह भाई में इकलौता था। वह भदहर गांव स्थित अपनी नानी के घर पर रह कर पढ़ाई करता था। रोहन चिरैया स्थित एच. लाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल में कक्षा छठी का छात्र था। घटना की खबर सुनकर मां खुशबू देवी का रो रो कर बुरा हाल है। उन्हें बार बार बेहोशी का दौरा पड़ रहा है। थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल
***Name of the Election** : बिहार विधान सभा
**Name of State/UT** : बिहार
**(1)** Name of Constituency : **237, नवादा**
Name of the candidate : **कौशल यादव**

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | **1.** आचार संहिता उलंघन, **2.** बालू घाट से संबंधित धोखधड़ी वाद, **3.** रंगदारी, **4.** बालू घाट से संबंधित धोखधड़ी वाद, **5.** बालू घाट से संबंधित धोखधड़ी वाद, **6.** आचार संहिता उलंघन, **7.** आचार संहिता उलंघन, **8.** Hestitation |
| | b. | **Case No.:- 1.** नरहट थाना, जिला - नवादा, प्राथमिकी संख्या - 47/2009, जी. आर. संख्या 637/09, ट्रायल संख्या- 2226/ 14, धारा- 188 भा.द.वि., **2.** नवादा थाना, जिला - नवादा, प्राथमिकी संख्या - 227 /2006, जी. आर. संख्या 1136/06, सी.आई.एस. संख्या - 15528/15, धारा- 420, 467, 468, 471, 120 (वी) भा.द.वि., **3.** नवादा थाना, जिला- नवादा, प्राथमिकी संख्या - 211/2006, धारा - 386, 120 (वी) भा.द.वि., **4.** नवादा थाना, जिला - नवादा, प्राथमिकी संख्या- 209/ 2006, जी. आर. संख्या 1053/06, सी.आई.एस. संख्या - 8546/15, धारा - 420, 379, 120 (वी), 411 भा.द.वि., **5.** नवादा थाना, जिला- नवादा, प्राथमिकी संख्या - 208 /2006, जी. आर. संख्या 1052/06, सी.आई.एस. संख्या - 128/15, धारा - 420, 467, 468, 471, 120 (वी) भा.द.वि., **6.** रजौली थाना, जिला - नवादा, प्राथमिकी संख्या- 110/2005, जी. आर. संख्या - 1346/05, ट्रायल संख्या - 4021/18, धारा - 188 भा.द.वि., **7.** कौआकोल थाना, जिला - नवादा, प्राथमिकी संख्या - 70/2005, जी.आर. संख्या- 1445/05, आई.एस. संख्या - 1973/15, धारा - 188, 114, 116, 341, 342, 120 (वी), 131, 133 भा.द.वि., **8.** नवादा थाना, जिला - नवादा, प्राथमिकी संख्या - 146 /1994, जी.आर. संख्या- 1032/94, सी.आई.एस. संख्या - 15296/15, धारा - 147, 148, 149, 307, 323, 341, 342, 427, 337, 353, 504 भा.द.वि. | |
| | c. | **Name of the Court:- 1.** अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी - नम्बर - 1, व्यवहार न्यायालय, नवादा, **2.** अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी - नम्बर - 1, व्यवहार न्यायालय, नवादा, **3.** न्यायिक दण्डाधिकारी - प्रथम श्रेणी न्यायालय, नवादा, **4.** अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी - नम्बर-1, व्यवहार न्यायालय, नवादा, **5.** अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी - नम्बर-1, व्यवहार न्यायालय, नवादा, **6.** न्यायिक दण्डाधिकारी - प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायालय, नवादा, **7.** न्यायिक दण्डाधिकारी - प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायालय, नवादा, **8.** अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी - नम्बर - 1, व्यवहार न्यायालय, नवादा। | |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | (1) नहीं (2) नहीं (3) नहीं (4) नहीं (5) नहीं (6) नहीं (7) नहीं (8) नहीं |
| | e. | Date of conviction, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं (3) लागू नहीं (4) लागू नहीं (5) लागू नहीं (6) लागू नहीं (7) लागू नहीं (8) लागू नहीं |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं (3) लागू नहीं (4) लागू नहीं (5) लागू नहीं (6) लागू नहीं (7) लागू नहीं (8) लागू नहीं |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है। अपने क्षेत्र में गरीबों के शिक्षा के उत्थान के लिए निरंतर काम करते रहते हैं। शैक्षणिक योग्यता स्नातकोत्तर (कला) है। |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | पूर्व में विधायक होने के कारण अन्य उम्मीदवारों के तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |

राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित

**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल
***Name of the Election** : बिहार विधान सभा
**Name of State/UT** : बिहार
**(1)** Name of Constituency : **26, सुरसण्ड**
Name of the candidate : **सैयद अबु दोजाना**

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | **Nature of the offences** | (1) Disobedience of a lawful order from a public servant (2) Disobedience of a lawful order from a public servant (3) Rioting and intimidation (b) Cheating (4) Evasion of Tax & Duties (5) (a) Cheating (b) Fraud etc. (6) (a) Cheating (b) Fraud etc. (7) Section 3 of Damage of Public Property Act, Representation of Peoples Act-127(a). |
| | b. | Case no. | (1) कोतवाली, पटना 607/2014, धारा- 188 IPC, 313, 314, 315, 429, 431, 438 B.M.A., (2) सचिवालय, पटना 64/2020, धारा- 188, 269, 270 IPC, 3 Epidemic disease Act) 51 (D.M. Act., (3) फुलवारी, पटना अ. 1633/2023 ब. 1657/2024, धारा- (a) 147, 149, 447, 323, 504, 506 IPC, (b) 406, 420 IPC (4) मोहनिया, कैमूर, भभुआ 258/13, धारा- 415, 420, 406, 407, 409, 120B IPC. (5) क्रिमिनल कप्पलेन्ट केश (P) अ.153/2007 ब. 10726/2025 धारा- (a) 420 IPC, (b) 318(4), 316 (2), 336 (3), 338, 340(2),61(2) BNS (6) जामिया नगर 1247/2015, धारा- (a) 419, 420, 468, 471, 120 IPC (7) डुमरा सितामढ़ी 260/2015, धारा- 188 IPC & Section 3 of Damage of Public Property Act, Representation of Peoples Act-127 (a) |
| | c. | Name of the Court | (1) C.J.M. (2) ACJM-2, 169-Spl. Court MPS & MLAs (M) (3) (a) ACJM (II) (b) ACJM (4) ACJM, Mohania (5) (a) JMFC-14 (b) JMFC-7 (6) M.M. Saket, Delhi (7) ACJM |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | (1) नहीं (2) नहीं (3) हाँ (4) नहीं (5) नहीं (6) नहीं (7) नहीं |
| | e. | Date of conviction, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं (3) लागू नहीं (4) लागू नहीं (5) लागू नहीं (6) लागू नहीं (7) लागू नहीं |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं (3) लागू नहीं (4) लागू नहीं (5) लागू नहीं (6) लागू नहीं (7) लागू नहीं |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications. achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है, इनकी शैक्षणिक योग्यता बी.एस.सी. इंजिनियरिंग है। |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | पूर्व में विधायक होने के कारण अन्य उम्मीदवारों के तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |

राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित

## संक्षिप्त समाचार

### जानलेवा हमला का आरोपित धराया

**मैनाटांड/नबिटा ब्यूरो।** पुरुषोत्तमपुर पुलिस ने मधुरी गांव से धारा 307 के जानलेवा हमला करनेवाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सुधा कुमारी ने बताया कि पप्पू महतो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। विदित हो कि विते माह पुर्व बातों बातों को लेकर हुई विवाद में केस दर्ज की गई थी।

### 60 लीटर शराब जब्त,तीन दराज

**मैनाटांड/नबिटा ब्यूरो।** भंगहा पुलिस ने भंगहा से 60 लीटर शराब के साथ तीन लोगो को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि शिशवा गांव के संजय महतो,अर्जुन महतो एंव हेमंत फौदार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**साठी/नबिटा ब्यूरो।** लौरिया प्रखंड के धमौरा पंचायत अंतर्गत धमौरा गांव में रास्ते के विवाद को लेकर बुधवार की सुबह दो पक्षों में मारपीट और जमकर इट पत्थर चले। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मनमोहन बारी और बिगुल पटेल में रास्ते के विवाद को लेकर कहा सुनी के बाद ईट पत्थर चलने लगा जिसमें लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम दोनों पक्षों को समझा बुझा कर मामला शांत करा ही रही थी तभी फिर से ईट पत्थर चलने लगा। इस दौरान डायल 112 के अधिकारी रामचंद्र यादव को भी चोटे आई है। डायल 112 द्वारा दोनों पक्षों को इलाज हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चनपटिया ले जाया गया है। इस मामले में पुलिस द्वारा कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इस संदर्भ में थाना अध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि जमीनी विवाद का मामला है दोनों पक्षों द्वारा अलग-अलग आवेदन दिया जा रहा है आवेदन मिलने के बाद पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### संवेदनशील छठ घाटों पर सुरक्षा के होंगे इंतजाम

**नरकटियागंज/नबिटा ब्यूरो।** अंचल अंतर्गत छठ महापर्व की तैयारियो व विधि व्यवस्था को लेकर अंचल प्रशासन ने नगर परिषद समेत ग्रामीण क्षेत्रो के कुल 160 छठ घाटों की सूची तैयार की है। इसमें आठ छठ घाट को संवेदनशील चिन्हित किया गया है। जिसमे सात छठ घाट नगर परिषद के है वही एक भसुरारी पंचायत के कटघरवा का है। उक्त जानकारी देते हुए सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि क्षेत्र के कुल 160 छठ घाटों में चिन्हित आठ संवेदनशील घाटों पर व्रतियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन संवेदनशील घाटों पर किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। वरीय पदाधिकारियों के निदेर्शानुसार, इन जगहों पर विशेष रूप से प्रशासन की कड़ी निगरानी रहेगी।

### किराने दुकान में लगी आग

**नरकटियागंज/नबिटा ब्यूरो।** साठी थाना क्षेत्र के बौधटोला लछनौता गाव में मंगलवार की रात्रि एक किराने की दुकान में आग लग गयी। आग की लपटों को देख आसपास में अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। स्थानीय लोगो के कड़ी मशकत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि कुछ देर बाद पहुचीं अग्निशमन की गाड़ी व आसपास के लोगो के मदद से आग को पूरी तरह से बुझाया गया। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि मंगलवार की रात सभी लोग सो रहे थे तभी हरेंद्र प्रसाद के दुकान से आग की लपटें देख लोग जागे जिसके बाद आग को बुझाया गया। इस घटना में दुकान में रखा सभी समान व नगदी समेत सबकुछ जल गया है। पीड़ित ने बताया कि आग कैसे लगी इसकी जानकारी नही है।

### सिकटा से एक प्रत्याशी ने की नाम वापसी

**नरकटियागंज/नबिटा ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव को लेकर बुधवार को नाम वापसी की प्रक्रिया के दौरान सिकटा विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी मो. मैनुदिन आलम ने अपना नामांकन वापस लिया है। नामांकन वापसी के बाद अब सिकटा में 11 प्रत्याशी रह गये है। सिकटा विधानसभा के आरओ सह डीसीएआर चंद्रशेखर कुमारन ने बताया कि बुधवार को एक निर्दलीय प्रत्याशी मो. मैनुदिन आलम ने अपना नामांकन पत्र वापस लिया है।

# एनडीए प्रत्याशी प्रमोद सिंह के समर्थन में विशाल जनसभा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के इमादपुर में बुधवार को दोपहर एनडीए का एक ऐतिहासिक और जनाकर्षक जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नोएडा गौतम बुद्ध नगर के सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री महेश शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम के अध्यक्षता चंद्रभूषण सिंह उर्फ सोनू सिंह एवं संचालन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीनानाथ विश्वकर्मा ने किया। एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह ने भारी जनसमूह को संबोधित किया। सभा स्थल पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और माहौल पूरी तरह से एनडीए के रंग में रंगा नजर आया। वही सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों का बखान किया। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में केंद्र और राज्य सरकार ने गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं, जिनका लाभ आज घर-घर तक पहुंचा है। प्रमोद सिंह ने आत्मविश्वास के साथ कहा कि आने वाले 2025 के विधानसभा चुनाव में एनडीए 225 से ज्यादा सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद जिले की सभी छह विधानसभा सीटों पर जीत सुनिश्चित कर एनडीए सरकार को मजबूत किया जाएगा।साथ ही यूवा क्लब का गठन करते हुए हर क्षेत्रों में रोजगार को बढ़ावा दिया जाएगा। प्रमोद सिंह ने कहा कि ये चुनाव विकास बनाम विघटन का है। एक ओर प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विकास नीति है, तो दूसरी ओर परिवारवाद और अवसरवाद की राजनीति। जनता अब पूरी तरह जाग चुकी है और तीर छाप पर बटन दबाकर जवाब देगी।"

सभा में शामिल जनसमूह का उत्साह देखते ही बनता था। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक सिंह, भाजपा वरिष्ठ नेता सह कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, भाजपा जिला प्रभारी मनोज कुशवाहा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह,जिला उपाध्यक्ष अनीता सिंह, पूर्व किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, भाजपा जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष सह प्रखंड कार्यान्वयन समिति उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू, भाजपा कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह, भदवा मंडल अध्यक्ष रामकुमार सिंह, सरपंच दयानन्द प्रसाद दांगी, मुखिया संजय कुमार, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार पासवान, हम से प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार यादव,बिरेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह,भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार पाठक, भाजपा नेत्री संगीता प्रसाद, जदयू विधानसभा प्रभारी अमरेश चौधरी, अर्जुन सिंह,प्रो संतोष सिंह, महामंत्री बालगोविंद साहू, शिवनारायण साव, शशिभूषण मिश्रा, चंदन कुमार,बरुण सिंह, जदयू नगर अध्यक्ष अजीत कुमार गुप्ता, चंदेश्वर भगत, समाजसेवी अरविंद सोनी, चुन्नू शर्मा,रामविलास पासवान, विजय कुमार यादव,भोला चौधरी, लूटन सिंह, रंधीर सिंह, शैलेन्द्र कुमार सिंह, रिशु सिंह, विवेक कुमार, राहुल कुमार, आलोक कुमार, शुभम सिंह,अजय पासवान, प्रो संतोष कुमार सिंह, विपिन कुमार सिंह, मुकेश पासवान, मुकुल कुमार, सूरज कुमार के साथ हजारों लोग मौजूद रहे।

## रफीगंजः विवादित जमीन पर 144 के बावजूद जबरन निर्माण, थाने में शिकायत दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** के धुनिया मोहल्ला में मोहम्मद अशफाक आलम ने रफीगंज थाने में आवेदन देकर शिकायत की है कि उनकी दादी के नाम पर दर्ज जमीन पर परिवार में विवाद के चलते 144 धारा लगाई गई थी। इसके बावजूद रजिया खातून द्वारा उस जमीन पर जबरन निर्माण कराया जा रहा है। अशफाक आलम ने बताया कि चौकीदार ने भी नोटिस भेजा, लेकिन रजिया खातून ने नोटिस लेने से इंकार कर दिया और निर्माण कार्य जारी रखा। उनका आरोप है कि यह कार्रवाई उनके हिस्से से जमीन वंचित करने के उद्देश्य से की जा रही है और इस प्रकार न्यायालय के आदेश का भी अवहेलन किया जा रहा है।

## कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में चलाया गया मतदाता जागरुकता अभियान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे के निर्देशानुसार जिला स्वीप कोषांग जहानाबाद द्वारा 216 जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्र संख्या 85 एवं 86 (कुंडीला), 88 एवं 89 (कंसुआ) तथा मतदान केंद्र संख्या 10 पर व्यापक घर- घर मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जिला स्वीप टीम ने स्थानीय ग्रामीणों एवं जीविका दीदियों से संवाद स्थापित कर आगामी 11 नवंबर 2025 को अपने-अपने नामित मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग करने और शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने की अपील की।इस अवसर पर जिला स्वीप आइकॉन सह जिला परियोजना पदाधिकारी, नमामि गंगे अमित कुमार ने मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक मतदाता का एक वोट लोकतंत्र को सशक्त बनाता है। उन्होंने सभी से अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी मतदान हेतु प्रेरित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में जीविका के राजेश कुमार भी उपस्थित रहे, जिन्होंने जीविका समूह की दीदियों के साथ मिलकर गांव-गांव घूमकर लोगों को मतदान के महत्व से अवगत कराया। वहीं कंसुआ गांव में नए युवा मतदाता मोहम्मद अशरद रहमान एवं महफूज रहमान ने गांव की गलियों में जाकर युवाओं एवं ग्रामीणों को मतदान के प्रति प्रेरित किया और कहा कि चुनाव के लिए आपका मत सिर्फ आपका अधिकार ही नहीं बल्कि जिम्मेदारी भी है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने भी 11 नवंबर को उत्साहपूर्वक मतदान करने का संकल्प लिए।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर चला मतदाता जागरुकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनजर नबीनगर प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान में आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं एवं स्थानीय महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने जन समुदाय को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया और लोगों से अपील की कि वे अपने दैनिक कार्यों से पहले मतदान को प्राथमिकता दें। कार्यक्रम के दौरान यह भी बताया गया कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने में प्रत्येक वोट की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। महिलाओं की यह पहल समाज में जन-जागरूकता बढ़ाने एवं शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।




## देव प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों पर मतदाता जागरुकता शपथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दृष्टिगत देव प्रखंड के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों पर बुधवार को मतदाता जागरूकता शपथ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं एवं स्थानीय महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और यह संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं मतदान करेंगी, बल्कि अपने आस-पड़ोस के सभी मतदाताओं को भी मतदान हेतु प्रेरित करेंगी। कार्यक्रम के दौरान निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई और सभी को यह संदेश दिया गया कि हमारा वोट हमारा अधिकार, मजबूत लोकतंत्र की यही आधार, यह पहल ग्रामीण स्तर पर मतदाता जागरूकता बढ़ाने एवं शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## रफीगंजः वीरलोरिक डेयरी फार्म में गोवर्धन पूजा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के चरकावा स्थित वीरलोरिक डेरी फार्म में बुधवार को गोवर्धन पूजा और गौ पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय समाजसेवी और गणमान्य लोग शामिल हुए। डॉ. तुलसी यादव ने कहा कि गोवर्धन पूजा की परंपरा भगवान श्री कृष्ण ने प्रारंभ की थी। उन्होंने गाय पालन और दूध-दही-मलाई के सेवन का संदेश दिया। डॉ. यादव ने उपस्थित लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में नौजवानों को भी भगवान कृष्ण के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने गीता में कर्म की प्रधानता को बताते हुए कहा कि जीवन में अन्याय के खिलाफ संघर्ष करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है, जैसा कि महाभारत में भगवान कृष्ण ने अन्याय को समाप्त कर न्याय स्थापित किया। इस अवसर पर उपस्थित समाजसेवियों और गणमान्य व्यक्तियों



ने भगवान श्री कृष्ण के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में डॉ. शिवनंदन यादव, विष्णु देव यादव उर्फ सेक्रेटरी साहब, राजेंद्र यादव, पूर्व गोरडिहा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, सीधी यादव, पप्पू यादव बाबा, विनोद यादव, सत्येंद्र यादव, डॉ. सरवन यादव, शिक्षक नंदू कुमार, दिलीप ठाकुर, बाबा धीरेंद्र शर्मा, आकाश कुमार, बिंदु देवी, राजेश यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

# भाइयों की लंबी उम्र के लिए बहनें रखेंगी भाई दूज का व्रत

**डॉ. रंजीत कुमार भारतीय/नबिटा ब्यूरो जहानाबाद**


दीपावली के 2 दिन बाद कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया को भाई दूज का त्यौहार आज धूमधाम से जिले में मनाया जाएगा। भाई दूज को यम द्वितीया भी कहते हैं। इस दिन बहनें अपने भाई को तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र की कामना करती हैं। भाई दूज का त्यौहार भाई के प्रति बहन के स्नेह को भी अभिव्यक्त करता है। इस दिन बहनें अपने भाई की खुशहाली और लम्बी उम्र के लिए कामना करती हैं। भाई दूज को लेकर ऐसी मान्यता है कि जो भाई इस दिन बहन के घर जाकर भोजन ग्रहण करता है और बहन के हाथों तिलक करवाता है उसकी अकाल मृत्यु नहीं होती है।

**भाइयों की लंबी उम्र के लिए बहनें करती हैं इस दिन पूजा**

भाई दूज के अवसर पर बहनें सुबह स्नान करने के बाद भगवान विष्णु और गणेश जी की पूजा करती हैं । इस दिन भाई के हाथों में सिंदूर और चावल का लेप लगाकर उस पर पान के पांच पत्ते, सुपारी और चांदी का सिक्का रखती हैं फिर उनके हाथों पर कलावा बांधकर जल उड़ते हुए भाई की दीर्घायु होने के लिए भगवान से कामना करती हैं। पूजा के पश्चात भाई को माखन मिश्री या मिठाई से बहनें मुंह मीठा कराती हैं और अंत में उनकी आरती उतारती हैं। इस दिन बहुत से भाई अपनी बहनों के घर जाकर भोजन भी करते हैं और उन्हें कुछ उपहार स्वरूप भेंट करते हैं।

**भाई दूज की क्या है पौराणिक मान्यता**

पौराणिक कथाओं के अनुसार मान्यता है कि एक बार यमदेव अपनी बहन यमुना जिसे यामी भी कहा जाता है से मिलने उनके घर गए। भाई को अपने घर आया देख



बहन ने आरती कर भाई का स्वागत किया। यमदेव के माथे पर तिलक लगाकर बहन ने उन्हें उत्कृष्ट भोजन कराया। यमराज बहन के सत्कार से काफी खुश हुए और उपहार स्वरूप उन्होंने सभी भाई बहनों को आशीर्वाद देते हुए यह घोषणा किया कि इस दिन जो भी भाई अपनी बहन से मिलने जाएगा या बहनें अपने भाई को आरती और तिलक कर स्वागत करेंगी तो इससे भाई सभी तरह की बुरी बाधाओं से बचेगा और उनका सर्वथा कल्याण होगा। यही वजह है कि तब से भाई बहन का त्यौहार भाई दूज इस दिन मनाया जाता है।

# करहरी गांव में लक्ष्मी पूजा पर महाआरती का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** नबीनगर प्रखंड के करहरी गांव में लक्ष्मी पूजा के शुभ अवसर पर पंडित गंगाधर शास्त्री युवा क्लब के तत्वावधान में महाआरती का आयोजन किया गया। महाआरती के मुख्य अतिथि पूर्व मुखिया सह पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक, शिक्षक नेता सह संज्ञा समिति के जिलाध्यक्ष अशोक पांडेय, केंद्रीय सह सचिव आशुतोष पाठक, उपाध्यक्ष उज्जवल रंजन, राजपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि काली सिह, पंचायत समिति राजपुर ने किया। अतिथियों ने पं. गंगाधर शास्त्री जी के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित किया। कमेटी के सदस्यों ने आगत अतिथियों को माल्यार्पण और रंग वस्त्र देकर के उन्हें सम्मानित किया। उपस्थित अतिथियों ने कहा कि करहरी गांव एक ऐसा धरती है जहां आगरा विश्वविद्यालय के संस्थापक पंडित गंगाधर शास्त्री का जन्म स्थल है।



गंगाधर शास्त्री पवई के राजा नारायण सिह एवं ग्वालियर नरेश माधव सिधिया के समकालीन और तंत्र मंत्र युग के महान तांत्रिक थे। इस मौके पर क्लब के संरक्षक अभिषेक मिश्र, श्याम दत मिश्रा, समोद मिश्रा, अध्यक्ष गिरिजेश मिश्रा, सचिव सुधीर मिश्रा, सुधांशु कुमार, सोनू मिश्रा, संजीत मिश्रा, पं. रौशन मिश्र आयुष कुमार, भीम चंद्रबंशी, रामशीष चंद्रवंशी, ललन यादव, जोगेंद्र यादव, रंजन मिश्र, मुकेश चंद्रवंशी अवधूत, आलोक सौरभ कुमार, प्रिंस मिश्र, हर्षित मिश्र, मार्गदशक सरोज मिश्र, नागेंद्र मिश्र, दिनेश नाथ मिश्र, मधेश्वर नाथ मिश्र, विनोद मिश्र, भ्रमेश मिश्र, हरिवंश चंद्रवंशी, श्रीकांत नाथ मिश्र, संतन राम, मगन पासवान सहित अन्य उपस्थित रहे।

## एक नजर

### कासमा पुलिस ने चुनाव को लेकर किया फ्लैग मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की घोषणा के बाद रफीगंज के कासमा थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान कासमा थाना प्रभारी अक्षयवर सिंह ने बताया कि मार्च पिछुलिया, दुगुल और अरथुआ गांव में आयोजित किया गया। साथ ही, तेतरिया मोड़ और थाना मोड़ के समीप वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया गया। अभियान के दौरान हर आने-जाने वाले वाहन की जांच की गई और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले पांच बाइक चालकों से कुल 5000 का जुर्माना वसूला गया। थाना प्रभारी ने कहा कि यह पहल मतदान के दौरान भयमुक्त वातावरण बनाने, कानून व्यवस्था बनाए रखने और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए की गई।

### रामकृत महतो की सातवीं पुण्यतिथि समारोह में भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** जिले के हसपुरा प्रखंड स्थित मलहारा गांव में समाजसेवी और शिक्षाविद् रामकृत महतो की सातवीं पुण्यतिथि समाज और शिक्षाविद् वर्ग की उपस्थिति में मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन समता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मलहारा के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रखंड प्रमुख नागेश्वर यादव ने की। सुपुत्र महेन्द्र कुमार ने आगंतुक अतिथियों का अंगवस्त्र देकर स्वागत और सम्मान किया। समारोह की शुरुआत रामकृत महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि से हुई।मुख्य अतिथि और पूर्व विधायक रवीन्द्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि रामकृत महतो एक दूरदर्शी व्यक्तित्व के धनी थे, जिन्होंने शिक्षा के महत्व को समझते हुए अभावग्रस्त वर्ग के बच्चों के लिए विद्यालय की स्थापना की। उन्होंने समाज में समानता और समरसता को बढ़ावा देने का काम किया। वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. अलखदेव प्रसाद अचल ने कहा कि रामकृत महतो हमेशा गरीबों और वंचितों के कल्याण के लिए सोचते और कार्य करते थे।


**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल

***Name of the Election** : बिहार विधान सभा

**Name of State/UT** : बिहार

**(1)** Name of Constituency : **35**, बिस्फी

Name of the candidate : आसिफ अहमद

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Criminal antecedents | | |
| | a. | Nature of the offences | सरकार बनाम् आसिफ अहमद व० अनुसंधान के अन्तर्गत है। |
| | b. | Case no. | रहिका थाना कांड सं. 201/2005, धारा - 191(2) / 351(2) / 191(3) / 126(2) / 127(2) / 115(2) / 352/BNS |
| | c. | Name of the Court | ए.सी.जे.एम. प्रथम मधुबनी GR 2205/2025 |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | (1) नहीं |
| | e. | Date of conviction, if any | (1) लागू नहीं |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | (1) लागू नहीं |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है। अपने क्षेत्र में गरीबों के शिक्षा के उत्थान के लिए निरंतर काम करते रहते हैं। शैक्षणिक योग्यता बीएससी, पीजी इन्टरनेशल बिजनेस, डी.लीट - सेन्ट्रल अमेरिका यूनिवर्सिटी |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | अन्य उम्मीदवारों के तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |

राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित



**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल

***Name of the Election** : बिहार विधान सभा

**Name of State/UT** : बिहार

**(1)** Name of Constituency : **203**, रामगढ़

Name of the candidate : अजित कुमार

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Criminal antecedents | | |
| | a. | Nature of the offences | **1.** वि० रा० खाद्य नि० का चावल जमा नहीं करने का आरोप, **2.** नजायज मजमा बनाकर सरकारी सेवक के साथ मारपीट करने एवं सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने का आरोप |
| | b. | Case no. | **1.** रामगढ़ थाना, भभुआ 184/2013, धारा - 420, 406 भा.द.वि. **2.** रामगढ़ थाना कैमूर रामगढ़ थाना कांड सं. 140/2013, धारा - 147, 148, 149, 323, 337, 338, 307, 353, 332, 504, IPC |
| | c. | Name of the Court | **1.** न्यायिक दण्डाधिकारी प्र. श्रेणी, गया, **2.** अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश IX, भभुआ, (कैमूर) |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | (1) नहीं (2) हाँ |
| | e. | Date of conviction, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है। अपने क्षेत्र में गरीबों के शिक्षा के उत्थान के लिए निरंतर काम करते रहते हैं। शैक्षणिक योग्यता बी. टेक. है। |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | अन्य उम्मीदवारों के तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |

राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित

# डीएम की उपस्थिति में ऑब्जर्वर ने किया कमांड एंड कंट्रोल कक्ष का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** विधान सभा चुनाव 2025 के मद्देनजर बुधवार को जिला पदाधिकारी रोहतास उदिता सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रोहतास की उपस्थिति में सभी ऑब्जर्वर द्वारा जिला कमांड एंड कंट्रोल रूम कक्ष का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था एवं नियंत्रण कक्ष की कार्यप्रणाली की विस्तृत जांच की गई। ऑब्जर्वर द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किया गया। अधिकारियों ने बताया कि छह डिस्प्ले और 26 कैमरे (06 पीटीजेड, 20 निगरानी कैमरे) से निगरानी की जा रही। बौलिया से प्रभाकर रोड तक का क्षेत्र (बौलिया, धर्मशाला, डाकघर, करहगर, सर्किट हाउस और प्रभाकर मोड़) पर पीटीजेड कैमरा से निगरानी की जा रही है। बताया गया कि इन कैमरों का उपयोग यातायात नियंत्रण, अपराध की रोकथाम और पता लगाने में किया जा रहा है। नियंत्रण कक्ष की निगरानी यातायात कर्मियों द्वारा की जा रही है। यातायात नियंत्रण प्रबंधन, जैसे कि यातायात प्रवाह के आधार पर ट्रैफिक लाइट के समय में परिवर्तन (सिग्नल प्रबंधन के मद्देनजर) चुनाव के संबंध में सभी चेक पोस्टों पर लगाए गए कैमरों की फीड कमांड एवं नियंत्रण कक्ष में प्रदर्शित की जा रही है। ऑब्जर्वर ने कहा कि आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन प्रत्येक स्तर पर होना चाहिए। उन्होंने कर्मियों को सावधानी, तत्परता और निष्पक्षता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। सभी पदाधिकारियों को परस्पर समन्वय के साथ कार्य करते हुए पारदर्शिता और समयबद्धता बनाए रखने का निर्देश दिया गया।

# देशी कट्टा बरामद, तीन युवक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रामपुर।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है वही प्रखंड क्षेत्र के बेलाव गांव में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने एक घर से देसी कट्टा बरामद किया है। थानाध्यक्ष चंद्रप्रभा ने बताया कि बेलाव गांव के राहुल कुमार पिता उदय शंकर सिंह के घर पर छापेमारी किया गया जहां उसके घर से एक देसी कट्टा बरामद किया गया। इस कांड में सम्मिलित बेलाव गांव के संजय शर्मा के पुत्र मनीष कुमार एवं रजनीश कुमार दोनों सगे भाई को हिरासत में लिया गया जिससे कई बिंदुओं पर गहन पूछ ताछ की गई।

सीडीपीओ मनोरंजन भारती द्वारा भी बेलाव थाना पहुंचकर हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ किया। हिरासत में लिए गए तीनों युवकों को रामपुर पीएससी में मेडिकल जांच कराकर न्यायिक हिरासत भभुआ भेज दिया गया।

## शराब तस्कर गिरफ्तार

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी मुफस्सिल थाना की पुलिस ने जमुहार गांव से बबलू कुमार राम को छह लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार एरिया डोमिनेशन के दौरान गुप्त सूचना मिली कि बबलू शराब की तस्करी कर बिक्री रहा है।

# विद्युत लाइन काटने के बहाने 2.60 लाख की ठगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** सासाराम थाना क्षेत्र के तकिया निवासी शिव शंकर सिंह से विद्युत मीटर रिचार्ज के नाम पर अपने को विद्युत विभाग के जेई अज्ञात साइबर ने दो लाख 60 हजार 327 रुपए 327 रुपए की ठगी कर ली। पुलिस के अनुसार श्री सिंह को गत 14 अक्टूबर को बिजली विभाग का जेई बनकर साइबर ठग ने फोन किया और विद्युत मीटर रिचार्ज करने को 12 रुपए की मांग की। भुगतान नहीं करने पर विद्युत कनेक्शन काटने का धमकी दिया। कहा रिचार्ज नहीं करोगे तो तुम्हारा लाइन काट दिया जाएगा। उन्होंने 12 रुपए की राशि भेज दिया। इसके बाद साइबर ठग ने ओटीपी की मांग की और दूसरे दिन 15 अक्टूबर को उनके खाते से राशि गायब हो गई। उन्होंने इसकी शिकायत साइबर ठगी के राष्ट्रीय पोर्टल पर किया। पुलिस के अनुसार प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# विस चुनाव को लेकर वाहन जांच में तेजी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अकोढ़ीगोला।** स्थानीय प्रखंड कार्यालय के समीप बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सीओ ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने चारपहिया वाहन की गहन तलाशी लिया। दुपहिया वाहन की भी तलाशी के दौरान बाइक चालकों के कागजात लाइसेंस आदि सहित डिक्की की तलाशी लिया गया। सीओ निधि ज्योत्सना ने बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर वाहनों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग का निर्देश है कि पचास हजार से अधिक की रकम अगर कोई ले जाता है तो उसका सबूत होना चाहिए कि वे रकम किस उद्देश्य से ले जा रहे हैं। पचास हजार से अधिक रकम ले जाने के दौरान उसका सबूत नहीं देने पर रुपये को जब्त कर लिया जाएगा। विदित हो कि विधान सभा चुनाव के आते ही जहां प्रशासन निष्पक्ष चुनाव की तैयारी में लग जाती है। वहीं प्रत्याशी चुनाव में पैसा पानी की तरह बहाते रहते हैं।

# गोवर्धन पूजा में कई गांव पहुंचे गुड्डू चंद्रवंशी, भगवान श्रीकृष्ण का लिया आशीर्वाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** गोवर्धन पूजा के अवसर पर अकोढ़ी गोला प्रखंड के बहुत से गांवों का दौरा किया और कई जगह गोवर्धन पूजा के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान गांव की महिलाओं और बुजुर्गो ने आशीर्वाद और फूल मालाओ से राजद प्रत्याशी गुड्डू चंद्रवंशी का स्वागत किया। गांव कीलोगों की एक ही मांग थी कि इस बार तेजस्वी यादव की सरकार बननी चाहिए। पिछले विधायक को भी हमने अपना आशीर्वाद दिया पर वो जनता के बीच चुनाव जितने के बाद कम ही पहुंचे, आपके बारे में हमलोग नगरपरिषद डिहरी के विकास के बारे में लोगों से सुने हैं अब आप शहर की तरह इन गांवों कों भी चमका दीजिये। कार्यक्रम में विशेनी, चांदी, गोवर्धनपुर, मधुराम पुर, गोपी गढ़, मथुरापुर आदि अकोढ़ी प्रखंड के गोवेर्धन पूजा कार्यक्रम में शामिल होकर डिहरी प्रखंड के गंगौली, देवरिया, मकराइन, भेड़िया और भलुआरी गांव के गोवर्धन पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए। मौके पर जिलाध्यक्ष रामचंद्र ठाकुर, अकोढ़ी प्रखंड अध्यक्ष बेशलाल यादव, धनजी सिंह, भोला सिंह, बबन यादव, कॉमरेड धर्मेंद्र कुमार, शिवपूजन शास्त्री आदि महागठबंधन के सैकड़ों कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# रालोमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने चुनाव प्रचार के लिए 20 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए 20 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की जिसमें रोहतास जिले से डिहरी विधानसभा के पूर्व एनडीए प्रत्याशी सह राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश महासचिव रिंकू सोनी को भी स्टार प्रचारक बनाया गया है जो बिहार के विभिन्न विधानसभा के कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोक मोर्चा की ओर से बतौर स्टार प्रचारक के रूप में शामिल होंगे। बीते 20 अक्टूबर को उपेंद्र कुशवाहा के साथ रिंकू सोनी हेलीकॉप्टर से गोह प्रत्याशी डॉक्टर रणविजय सिंह के नामांकन में गए थे।पार्टी की ओर से उन्हें स्टार प्रचारक बनाए जाने पर एनडीए के कई बड़े नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है।

# हिंदू जागरण मंच एवं सबल संस्था ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर हिंदू जागरण मंच एवं सबल सामाजिक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में जिसकी अध्यक्षता जिला सह संयोजक कुमार श्वेतांशु ने की एवं सबल संस्था के सौरभ उपाध्याय के मार्गदर्शन में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह सेवा कार्य संकट मोचन हनुमान मंदिर, फजलगंज के प्रांगण में संपन्न हुआ जहां भक्ति और मानवता दोनों का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस पुण्य अवसर पर पूनम ब्लड बैंक की अग्रणी भूमिका रही जिन्होंने पूरे शिविर के संचालन में सक्रिय सहयोग दिया। साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सेवा प्रमुख क्षितिज सिंह ने अपना 59वां रक्तदान कर सेवा को चरितार्थ किया जबकि हिंदू जागरण मंच के जिला सह संयोजक श्री कुमार श्वेतांशु ने इस पूरे शिविर की संचालन करते हुए अपना 28वां रक्तदान किया। इन दोनों सेवाभावी व्यक्तित्वों ने अपने कर्म से 'सेवा ही सच्ची भक्ति है' के संदेश को जीवंत किया। इसी क्रम में हिंदू जागरण मंच के प्रांत सह संयोजक चंदन सिंह उर्फ अमन सिंह ने भी रक्तदान कर सेवा और समर्पण की मिसाल पेश की जिससे कार्यक्रम में प्रेरणा, भक्ति और उत्साह का वातावरण और भी पवित्र हो गया। कुल 30 स्वयंसेवकों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर समाज सेवा और मानवता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। रक्तदाताओं ने कहा कि 'रक्तदान सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। इससे किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिलता है और यही सच्ची रामभक्ति का प्रतीक है।' कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जनार्दन दुबे बाबा तथा मां ताराचण्डी मंदिर के पूजारी शिवशंकर गिरी बाबा उपस्थित रहे। उनके आशीर्वचन से पूरा वातावरण भक्ति, ऊर्जा और उत्साह से भर उठा। सभी रक्तदाताओं को रक्तदाता प्रमाणपत्र और हेलमेट देकर सम्मानित किया गया जिससे समाज में 'सुरक्षा और सेवा' दोनों का सशक्त संदेश गया। इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच की ओर से जिलाध्यक्ष अंकित पांडेय, पुनीत पांडेय, रुद्रांश पांडेय, अर्क श्रीवास्तव, योगेंद्र सिंह, राणा प्रताप सिंह, सौरभ राज, विकास पासवान, विकाश कुशवाहा, कुणाल गिरी, आनंद गिरी, प्रभात गिरी उपस्थित रहे। वहीं सबल संस्था से आरुणिश पांडेय और सौरव उपाध्याय ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उपस्थितजनों में रणजीत सिंह तूफानी, विशाल कुमार, मनोज सिंह, प्रेम शंकर तिवारी, विष्णु शंकर तिवारी, गुड्डू सिंह, मयंक श्रीवास्तव, दिवाकर कुमार, अनुज कुमार, रमन कुमार, नीतीश पांडेय प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# पुलिस पर हमला करने वाला आरोपित गिरफ्तार, गया जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** स्थानीय मुख्य बाजार के बराढ़ी पुल के समीप से पुलिस पर हमला करने के नामजद फरार आरोपी को पुलिस ने मंगलवार की रात गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस सम्बन्ध में एएसपी अतुलेश झा ने बताया कि शराब को लेकर ढाई वर्ष पूर्व छापेमारी करने गई पुलिस पर हमले का नामजद फरार आरोपी बराढ़ी पुल निवासी ऋषि कुमार उर्फ कृष्णा चौधरी को मंगलवार की रात गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि 25 अप्रैल 2023 को बराढ़ी पुल स्थित धंधेबाज डब्लू चौधरी के घर पर मद्य निषेध की पुलिस छपेमारी करने गई थी। पुलिस छापेमारी कर ही रही थी तभी धंधेबाज के समर्थकों ने पुलिस पर हमला कर दिया था। ग्रामीण के हमले में कई पुलिस घायल हो गए थे। मद्य निषेध अनुमंडल निरीक्षक कपिल कुमार के आवेदन पर सत्रह लोगों पर पुलिस पर हमला करने को लेकर प्राथमिकी कराया गया था। पुलिस ने एक दिन बाद ही हमला करने वाले ग्यारह लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। हमला के बाद से ही फरार आरोपी को पुलिस ने ढाई वर्ष के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# शराब के साथ बाइक सवार गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** स्थानीय मुख्य बाजार के आरा मशीन रोड से पुलिस ने अंग्रेजी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस सम्बन्ध में एएसपी अतुलेश झा ने बताया कि मंगलवार की शाम गश्ती पर निकली पुलिस ने मुख्य बाजार के आरा मशीन रोड में जब पहुंची तो एक युवक झोला में शराब की बोतल लेकर बाइक को तेज रफ्तार में लेकर जा था। शक के आधार पुलिस ने भाग रहे धंधेबाज दीपक कुमार की बाइक रोकी और तलाशी लिया तो उसके झोला से पांच सौ एम एल का दो केन बीयर सात सौ पचास एम एल का रायल स्टेग का सात बोतल व पांच सौ एम एल का स्टर्लिंग स्र्वाइड आठ बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार धंधेबाज डालमिया नगर थाना क्षेत्र के रत्तू बीघा का रहने वाला है जो फिलहाल आरा मशीन रोड में सिंचाई विभाग की जमीन पर घर बना कर शराब बेचने का धंधा करता है। पुलिस का कहना है कि धंधेबाज पूर्व में एक युवक को गोली मारने के आरोप में जेल जा चुका है। वह पूर्व में भी शराब के साथ पकड़े जाने पर जेल जा चुका है।

# आचार संहिता उल्लंघन में दो नेताओं पर प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी मुफसिल थाना में आचार संहिता उल्लंघन आईएनडीआई के दो नेताओं पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है। निर्वाचन पदाधिकारी सह एसडीएम नीलेश कुमार के अनुसार सूअरा हवाई अड्डा मोड़ के पास बिजली के पोल पर कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष डब्लू भईया (यूथ कांग्रेस रोहतास) 212 डिहरी विधानसभा का बैनर दिखाई दिया जिससे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हुआ जिस संबंध में अंचलाधिकारी ने डिहरी मुफस्सिल थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि पहलेजा मोड़ के पश्चिम दिशा में सरकारी पोल पर राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व प्रवक्ता युवा राजद बिहार के अशोक भारद्वाज डिहरी विधानसभा का बैनर दिखाई दिया जिससे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हुआ जिस संबंध में सीओ ने डिहरी मुफस्सिल थाना में सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज किया गया।

## पत्नी की हत्या में पति गिरफ्तार

**कुदरा।** स्थानीय पुलिस ने पत्नी की हत्या के आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जिससे मामले में पूछताछ के बाद बुधवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने बताया कि धराया आरोपी आलोक कुमार पिता सुरेंद्र चौधरी कुदरा थाना क्षेत्र के गोलाउडीह का निवासी है।


बिहार सरकार

बिहार अग्निशमन सेवाएँ

गृह विभाग (आरक्षी शाखा), बिहार पटना

छठ पूजा के अवसर पर अग्नि सुरक्षा हेतु उपाय

क्या करें:-

- पटाखा बिक्रेता भंडारण के स्थल पर कम से कम दो ''वाटर सी0ओ0टू0'' (9 लीटर क्षमता का) तथा दो '' डी0सी0पी0'' (6 के0जी0 क्षमता) प्रोटेबल अग्निशामक यंत्र एवं दो ड्राम पानी अवश्य रखें जिसके संचालन की जानकारी उन्हें तथा उनके कर्मी को भी हो।
- बच्चों द्वारा पटाखा चलाने के समय घर का कोई व्यस्क सदस्य वहाँ अवश्य उपस्थित रहें और अपने निगरानी में पटाखा फोड़वायें।
- बच्चों के अभिभावक अपने बच्चों को तंग गली या घरों के अंदर में पटाखा न छोड़ने दे बल्कि खुले स्थान में इसे छोड़े।
- अतिशबाजी का प्रयोग करने से पूर्व उस पर लिखे अग्नि सुरक्षा संबंधित सावधानियों को ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़े एवं पालन करें।
- अतिशबाजी करते समय आस–पास में एक बाल्टी पानी अवश्य रखें।
- घी एवं तेल के दीपक कभी कपड़े अथवा ज्वलनशील पदार्थ के नजदीक न जलाए। हमेशा ऐसे दीपक को अपने देख–रेख में रखे।
- अग्नि सुरक्षा पर तकनीकी सलाह लेने हेतु अपने नजदीकी अग्निशामालय पदाधिकारी से सम्पर्क कर सकते है बिहार अग्निशमन सेवा सभी जिलों तथा अनुमंडल में कार्यरत है।
- किसी भी प्रकार के अग्नि घटना होने पर अग्निशमन सेवा का आपतकालीन दूरभाष संख्या–101 या पुलिस कन्ट्रोल रूम का आपातकालीन नम्बर–100 या स्थानीय अग्निशामालय का नम्बर जिला नियत्रण कक्ष या अनुमंडल कार्यालय का कन्ट्रोल रूम स्थानीय पुलिस थाना को दूरभाष से सूचित करना चाहिए ताकि स्थानीय अग्निशामालय पदाधिकारी आपकी मदद त्वरित गति से कर सकें।

क्या न करें:-

- घर में अधिक मात्रा में पटाखा का भंडारण न करें।
- घर के अंदर कभी भी पटाखा न जलायें।
- दूकानों में पूजा–पाठ के पश्चात् जलती हुई दीपक, अगरवत्ती अथवा मोमबत्ती जलते हुए छोड़कर कभी न जाऐ।
- पतले बिजली के तारो पर ज्यादा भोल्टेज के बल्ब नही जलाये अथवा उसे ओभरलोड नहीं करें। दो बिजली के तारों को जोड़ते समय उस पर टेप अवश्य लगायें। बिजली के शॉकेट में सीधे तार न घुसायें, इसमें हमेंशा प्लग का व्यवहार करें।
- ढीले या सिन्थेटिक कपड़े पहनकर खुली लौ वाले दीये, मोमबत्ती या पटाखों के पास न जाएँ। आतिशबाजी के समय शरीर के कपड़ों में आग लग जाए तो, ऊनी कंबल या बोरी से लपेट कर एवं जमीन पर लोट कर आग बुझाने का प्रयास करें।
- आसमान तारा कभी–कभी दूसरे के घरों में प्रवेश कर आगजनी का कारण बनती है। अतः यथासंभव इससे परहेज करें।

जिला अग्निशमन पदाधिकारी - 9473191910

अग्निशामालय औरंगाबाद- 06186295101, 7485805920, 7485806112

आग लगने पर 101 डॉयल करें

PR. No. 017254 (Police) 2025-26

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।



**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल

***Name of the Election** : बिहार विधान सभा

**Name of State/UT** : बिहार

(1) Name of Constituency : 47, रानीगंज

Name of the candidate : अविनाश मंगलम

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Criminal antecedents | | |
| | a. | Nature of the offences | नाजायज मजमा बनाकर सूचक को मारपीट कर लूटपाट करना आगजनी करना। |
| | b. | Case no. | अररिया थाना काण्ड सं० - 357/15, धारा - 147/341/323/380/436/34 भा०दी०वि० |
| | c. | Name of the Court | न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, अररिया |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | (1) नहीं |
| | e. | Date of conviction, if any | (1) लागू नहीं |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | (1) लागू नहीं |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है। अपने क्षेत्र में गरीबों के शिक्षा के उत्थान के लिए निरंतर काम करते रहते हैं। शैक्षणिक योग्यता इंटरमिडिएट है। |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | अन्य उम्मीदवारों के तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |

राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित

# मटिहानी में प्रेक्षक ने विभिन्न कोषांगों का किया निरीक्षण

## पारदर्शिता, तत्परता एवं समन्वय के साथ कार्य करने की कही बात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** विधान सभा चुनाव के मद्देनजर 144-मटिहानी विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक शकील उल रहमान, आईएएस द्वारा बुधवार को विभिन्न कोषांगों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में प्रेक्षक ने कम्युनिकेशन कोषांग, मीडिया कोषांग सहित अन्य निर्वाचन संबंधी कोषांगों की कार्यप्रणाली एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पेड न्यूज निगरानी एवं सोशल मीडिया निगरानी से जुड़े कार्यों की गहन समीक्षा की। साथ ही लेखा व्यय कोषांग का भी निरीक्षण किया और निर्वाचन व्यय का अनुवीक्षण से संबंधित निदेश दिए। निरीक्षण के क्रम में प्रेक्षक ने व्यय अनुश्रवण प्रकोष्ठ के कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी दलों एवं अधिकारियों को पारदर्शिता, तत्परता एवं समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।उन्होंने बताया कि निर्वाचन व्यय अनुश्रवण के लिए गठित व्यय अनुश्रवण टीम, स्थैतिक निगरानी दल, फ्लाइंग स्क्वाड टीम, वीडियो निगरानी दल, वीडियो अवलोकन टीम एवं मीडिया प्रमाणीकरण एवं अनुश्रवण समिति को सशक्त रूप से सक्रिय रखते हुए उम्मीदवारों के व्यय पर सतत निगरानी रखी जाए।साथ ही प्रेक्षक महोदय ने निर्देश दिया कि राज्य उत्पाद विभाग, राज्य कर (ईटी एवं जीएसटी), आयकर विभाग, पुलिस, परिवहन, वाणिज्यकर एवं सहकारिता विभाग के साथ बेहतर समन्वय बनाते हुए अवैध नकदी, उपहार, शराब या किसी प्रकार की प्रलोभन सामग्री पर प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनी रहे। इस अवसर पर 144-मटिहानी विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी-सह-डीसीएलआर, बेगूसराय सदर अभिषेक राज, सहायक निर्वाची पदाधिकारी सदय कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मतदान कर्मियों का द्वितीय प्रशिक्षण प्रारम्भ

**बेगूसराय।** विधान सभा चुनाव के मद्देनजर मतदान कर्मियों का द्वितीय प्रशिक्षण गुरुवार से प्रारंभ हो रहा है। जो 31अक्टूबर तक चलेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी तुषार सिंगला ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि द्वितीय चरण में कुल 11256 कर्मियों को एमआरजेडी कॉलेज एवं बीपी प्लस टू स्कूल में प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के लिए 6 दिन 23 अक्टूबर, 24 अक्टूबर, 25 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 30 अक्टूबर निर्धारित किया गया है। साथ ही 31 अक्टूबर को सुरक्षित दिवस के रूप में रखा गया है। जिला पदाधिकारी ने मतदान कार्मियों के प्रशिक्षण को लेकर सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने तथा नगर आयुक्त नगर निगम को दोनों विद्यालयों में साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही उन्होंने सिविल सर्जन बेगूसराय को दोनों प्रशिक्षण स्थलों पर मेडिकल टीम एवं फर्स्ट ऐड बक्स की अनिवार्य व्यवस्था करने हेतु निदेश दिया है ताकि स्थल पर आपातकालीन स्थिति में त्वरित चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

### सड़क दुर्घटना में तीन की मौत

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के शिवचंद्रपुर ढाला के पास बुधवार को एनएच-31 फोरलेन पर सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। बुधवार को लोडेड पिकअप ने सड़क किनारे खड़ी ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि पिकअप का आधा हिस्सा ट्रक के अंदर घुस गया। हादसे में पिकअप ड्राइवर समेत तीनों की मौत मौके पर ही हो गई। मृतकों की पहचान भागलपुर जिले के बीरबन्ना गांव निवासी मो. तनवीर (18), मो. कमाल (45) और मो. नवाब (20) के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार तीनों मृतक बोरिंग गाड़ने का काम करते थे। एक सप्ताह पहले वे काम के सिलसिले में बनारस गए थे। वहां से लौटते वक्त हादसे का शिकार हो गए।हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर वाहन लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही साहेबपुर कमाल थाना अध्यक्ष सिंटू कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

## रिफाइनरी में बिहार केसरी की जयंती मनी

### प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया याद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** रिफाइनरी टाउनशिप स्थित बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डा. श्री कृष्ण सिंह की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर बरौनी रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक सत्य प्रकाश, कार्यकारी निदेशक (परियोजना व कोर ग्रुप) संजय रायजादा, वरिष्ठ प्रबंधन और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने रिफाइनरी टाउनशिप में स्थित श्रीकृष्ण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर उनके जीवन और संघर्षों तथा बिहार के निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को याद किया गया। डा. श्रीकृष्ण सिंह का जन्म 21 अक्टूबर 1887 ई. को वर्तमान नवादा जिला के खनवं ग्राम के एक संभ्रांत एवं धर्मपरायण भूमिहार ब्राह्मण परिवार में हुआ था। आधुनिक बिहार के निर्माता डा. श्री कृष्ण सिंह स्वतंत्रता संग्राम के अग्रगण्य सेनानियों में से हैं। इनका सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र एवं जन-सेवा के लिये समर्पित था। आज का विकासोन्मुख बिहार डा. श्री कृष्ण सिंह जैसे महान शिल्पी की देन है। जिन्होंने अपने कर्मठ एवं कुशल करो द्वारा राज्य की बहुमुखी विकास योजनाओं की आधारशीला रखी थी।

## दिव्यांग मतदाताओं ने निकाली जागरूकता रैली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित**



**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल
***Name of the Election** : बिहार विधान सभा
**Name of State/UT** : बिहार
**(1)** Name of Constituency : **28, सीतामढ़ी**
Name of the candidate : **सुनील कुमार**

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | **Nature of the offences** | (1) साक्ष्य हेतु |
| | b. | Case no. | (1) सी.था.कां. सं. 576/15 डुमरा था. कां. सं.-223/15, अन्दर धारा-143, 117, 283 भा.द.वि. एवं 5/6 इसेंसियल सर्विस मेंटनेस एक्ट, 188 भा.द.वि. एवं श्री डिफेंसमेंन्ट प्रॉपर्टी एक्ट एवं 127 आई.पी.एफ. |
| | c. | Name of the Court | (1) अ.भ.न्यायिक द. प्रथम |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | (1) नहीं |
| | e. | Date of conviction, if any | (1) लागू नहीं |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | (1) लागू नहीं |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications. achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है, इनकी शैक्षणिक योग्यता नन मैट्रिक है। |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | अन्य उम्मीदवारों के तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |

**राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित**



**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : **Rashtriya Janata Dal**
***Name of the Election** : **Bihar Vidhan Sabha**
**Name of State/UT** : **Bihar**
**(1)** Name of Constituency : **155, Kahalgaon**
Name of the candidate : **Rajnish Bharti**

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | **(1) Grievious hurt to Defer public Servant, assault comman intention etc.** |
| | b. | Case no. | **(1)** Godda (M) P.S. Case No.- Motia (O.P.) 210/2024 U/s-121, 132, 3(s) B.N.S. and Representation of the people act 1950 and Section 126 |
| | c. | Name of the Court | **(1)** S.D.J.M. Dumka Godda |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | **(1)** No |
| | e. | Date of conviction, if any | **(1)** Not Applicable |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | **(1)** Not Applicable |
| | g. | Any other information required to be given | Not Applicable |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications. achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | He is very popular in his area and is very active for the development and Welfare of his area. His Educational Qualification is MBA University of Greenwich London Passing Year-2022. No other candidate in Party is as good as him. |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | His probability of winning is hire than other candidates. |

**Published by Rashtriya Janta Dal (Bihar Pradesh)**

# नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के दौरान 24 प्रत्याशियों के नामांकन रद्द

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों में नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के दौरान कुल 21 प्रत्याशियों के नामांकन को रद्द कर दिया गया। जिले के सात विधानसभा क्षेत्र में कुल 115 उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा भरा था। संवीक्षा के क्रम में 24 प्रत्याशियों के नामांकन को रद्द कर दिया गया है। जिससे चुनावी मैदान में अब कुल 91 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं।

जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने बताया कि कटिहार सदर विधानसभा क्षेत्र से कुल 16 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन का पर्चा भरा था। जिसमें चार प्रत्याशियों के नामांकन को रद्द कर दिया गया है। वहीं बरारी विधानसभा क्षेत्र में कुल 21 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन का पर्चा भरा था। जिसमें 06 प्रत्याशियों के नामांकन को रद्द कर दिया गया है। वही कदवा विधानसभा क्षेत्र में कुल 19 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन का पर्चा भरा था। जिसमें दो प्रत्याशियों के नामांकन को रद्द कर दिया गया है। वहीं बलरामपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 20 प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा भरा था। जिसमें दो प्रत्याशियों के नामांकन को रद्द कर दिया गया है। जबकि प्राणपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 21 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन का पर्चा भरा था। जिसमें 07 प्रत्याशियों के नामांकन को रद्द कर दिया गया है। कोढ़ा में आठ उम्मीदवार ने नामांकन किया था। वहा किसी भी प्रत्याशी के पर्चे को रद्द नहीं किया गया। वहीं मनिहारी में संवीक्षा के क्रम में दो महिला उम्मीदवार का नामांकन रद्द किया गया। जबकि आठ उम्मीदवार का उम्मीदवारी सही पाया गया। यहां दो प्रत्याशियों के नामांकन रद्द करने को लेकर जदयू और कांग्रेस के उम्मीदवारों ने शिकायत दर्ज कराया है। जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने बताया कि प्रत्याशियों के द्वारा वैध कागजात और कई प्रकार की त्रुटि रहने के कारण अभी तक 24 प्रत्याशियों के नामांकन को रद्द किया गया है। डीएम ने बताया कि नाम वापसी की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर है। उसके बाद ही पार्टी के लोगों को सिंबल दिया जाएगा।

## वाहन जांच के दौरान 99,900 नगद राशि बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार नगरम।** विधानसभा चुनाव-2025 को लेकर लेकर लागू आदर्श आचार संहिता के



अनुपालन एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो में निरंतर सघन वाहन जाँच किया जा रहा है। इसी क्रम में कोलासी पुलिस शिविर क्षेत्रान्तर्गत एक वाहन से जांच के क्रम मे 99,900 रूपया नगद राशि बरामद किया गया है। बरामद राशि के संबंध में कोई वैध कागजात या प्रमाण प्रस्तुत नही किया गया है और ना ही कोई संतोषजनक उत्तर दिया गया। जिसके बाद बरामद नगद राशि को विधिसम्मत प्रक्रिया के अंतर्गत जब्ती सूची बनाकर जब्त किया गया।

# निर्दलीय प्रत्याशी वंदना सिंह का नामांकन रद्द, पति ने बताया साजिश

## एनडीए प्रत्याशी से मिलीभगत की आशंका जताई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** जिले के मनिहारी विधानसभा से निर्दलीय उम्मीदवार वंदना सिंह का नामांकन संवीक्षा के दौरान रद्द कर दिया गया है। चुनाव अधिकारी के इस फैसले के बाद राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मच गया है।

वंदना सिंह के पति ने सीधे तौर पर एनडीए प्रत्याशी शंभू सुमन से मिलकर पदाधिकारी पर उनके नामांकन को रद्द करने की 'साजिश' रचने का गंभीर आरोप लगाया है। मनिहारी विधानसभा क्षेत्र में नामांकन पत्रों की जांच स्क्रूटनी के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी वंदना सिंह के दस्तावेजों में कथित तौर पर तकनीकी त्रुटियां पाई गई। जिसके आधार पर निर्वाचन पदाधिकारी ने उनका नामांकन पत्र खारिज कर दिया।हालांकि इस फैसले को वंदना सिंह और उनके समर्थकों ने मानने से इनकार कर दिया है। वंदना सिंह के पति ने मीडिया से बात करते हुए कहा,"यह सिर्फ एक साजिश है।एनडीए प्रत्याशी शंभू सुमन की शह पर पदाधिकारी ने जानबूझकर मेरी पत्नी का नामांकन रद्द किया है। सभी दस्तावेज सही थे। इसके बावजूद छोटी-सी गलती का बहाना बनाकर हमारी दावेदारी खत्म कर दी गई। उन्होंने आगे कहा कि उनका उद्देश्य शंभू सुमन को चुनाव में कड़ी टक्कर देना था। जिससे घबराकर यह कदम उठाया गया है।निर्दलीय प्रत्याशी बंदना सिंह ने खुद भी इस कार्रवाई को लोकतंत्र की हत्या बताते हुए इसे बड़ी राजनीतिक साजिश करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रभावशाली राजनीतिक दलों के इशारे पर यह काम किया गया है ताकि विपक्ष को मैदान से हटाया जा सके। वही एनडीए प्रत्याशी शंभू सुमन ने सभी आरोपी को बेबुनियाद बताया है। उन्होने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है।

## जब डॉग कुमार ने दी दस्तक

# बनमनखी में सिस्टम हुआ 'भौंक' से बेखबर!

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बनमनखी/पूर्णिया।** बिहार में कुछ भी हो सकता है — यह कहावत नहीं, अब एक सच्चाई बन चुकी है। यहाँ अब सड़कें नहीं, किस्से बनते हैं। तंत्र चलता नहीं, ठिठकता है। और अब तो नौबत यहाँ तक आ गई कि बनमनखी में इंसानों की लाइन में 'डॉगी' भी सरकारी सुविधा लेने पहुंच गया!जी हाँ, यह कोई मजाक नहीं, बल्कि बिहार के डिजिटल इतिहास की सबसे 'भौंकनीय घटना' है। पूर्णिया जिले के बनमनखी प्रखंड से ऐसा आवेदन सामने आया जिसने सरकारी सर्वर से लेकर दफ्तरों की कुर्सियों तक सबको हिला दिया। आरटीपीएस केंद्र पर निवास प्रमाण पत्र के लिए आवेदन आया— आवेदक का नाम 'डॉग कुमार', पिता का नाम 'कुत्ता कुमार विश्वास', माता 'डॉगी देवी विश्वास' और मोहल्ला 'रमजानी डॉगी टोला, वार्ड नंबर 111' दर्ज था। अब सवाल यह कि जहाँ पूरे प्रखंड में इतने वार्ड ही नहीं हैं, वहाँ 111 नंबर का वार्ड किस बैंक ऑफ इमैजिनेशन से निकला?

कर्मियों ने जब आवेदन खोला तो पहले सोचा किसी ने मजाक किया है, पर जब फॉर्म के साथ डॉगी का फोटो दिखा तो लगा— अब तो डिजिटल बिहार में भी 'पशु नागरिकता योजना' शुरू हो चुकी है। राजस्व अधिकारी बालकृष्ण भारद्वाज ने आवेदन को तुरंत निरस्त कर दिया। फोन नंबर पर संपर्क किया गया तो वह भी बंद— शायद आवेदक किसी हड्डी फेस्टिवल में व्यस्त रहा हो। बनमनखी के लोगों ने जब यह खबर सुनी तो हँसी और हैरत दोनों में थे। एक बुजुर्ग ने व्यंग्य में कहा— 'अब आदमी को नहीं, वफादारी को प्रमाणपत्र मिल रहा है! 'सवाल यह नहीं कि यह किसने किया, बल्कि यह है कि सिस्टम ने इसे पकड़ा क्यों नहीं? क्या अब सरकारी डेटाबेस में सत्यापन का मापदंड 'भौंक पहचान' से तय होगा?

यह घटना बताती है कि हमारा तंत्र तकनीक से आगे बढ़कर तकलीफदेह भरोसे पर चलने लगा है। जहाँ कोई भी नाम, कोई भी फोटो, कोई भी कहानी— अगर सर्वर पर अपलोड कर दो, तो सिस्टम कहता है, 'रसीद तैयार है, अगला फाइल प्लीज।'

बनमनखी की यह घटना प्रशासन के उस चेहरे को उजागर करती है जो दिखने में गंभीर और अंदर से हास्यास्पद है। क्योंकि यह पहला मौका नहीं है — इससे पहले भी किसी ने फिल्म स्टार गोविंदा की तस्वीर लगाकर निवास के लिए आवेदन किया था। अब अगर कल कोई बकरा राशन कार्ड के लिए अप्लाई कर दे, तो शायद उसे 'ग्रीन कार्ड' भी मिल जाए। एसडीओ प्रमोद कुमार ने कहा कि आवेदन को रद्द कर दिया गया है और जांच चल रही है। मगर जनता कहती है— 'हर बार जांच चलती है, पर सिस्टम वहीं का वहीं रहता है। शायद इस बार भी परिणाम वही होगा— फाइल बंद, हँसी जारी।' बनमनखी के इस प्रकरण ने यह साबित कर दिया कि बिहार में डिजिटल युग का मतलब है— डेटा फ्री, ड्रामा फुल! यहाँ सर्वर नहीं गिरते, भरोसे गिरते हैं। और जब प्रशासन के डेटाबेस में 'डॉग कुमार' का नाम उतर जाए, तो यह सिर्फ मजाक नहीं, मशीनों की मूर्खता का प्रमाण है। शायद अब वक्त आ गया है कि सरकार कोई नया पोर्टल लॉन्च करे —

'पशु सेवा केंद्र— जहाँ हर जीव नागरिक बन सकता है!'

क्योंकि बनमनखी ने तो साबित कर दिया है —

यह बिहार है, यहाँ इंसान इंतजार करता है और डॉगी आवेदन कर देता है।

# कटिहार स्टेशन पर गंगा स्नान जा रहे श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** आगामी छठ पर्व को लेकर बुधवार को कटिहार रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। मनिहारी घाट सहित विभिन्न गंगा तटों पर स्नान के लिए जाने वाले श्रद्धालु सुबह से ही कटिहार स्टेशन पर पहुंचने लगे। मनिहारी जाने वाली सभी यात्री ट्रेनों में खचाखच भीड़ रही और प्लेटफॉर्म पर ह्लजय छठी मईयाह्ल के जयघोष गूंजते रहे। रेल प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अतिरिक्त कर्मियों की तैनाती के साथ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। स्टेशन के बाहर होल्डिंग एरिया, अतिरिक्त काउंटर सहित स्टेशन परिसर में साफ-सफाई, पानी व प्रकाश की समुचित व्यवस्था भी की गई है। जबकि रेल प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर स्पेशल ट्रेनों का भी परिचालन के साथ लगातार उद्घोषणा कराई जा रही है। वही आरपीएफ ईस्ट पोस्ट इंस्पेक्टर राकेश कुमार के नेतृत्व में आरपीएफ के टीम द्वारा स्टेशन पर श्रद्धालुओं को शांतिपूर्ण तरीके से ट्रेन में चढ़ाया जा रहा है।

# 74.50 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार नगर।** नगर थाना पुलिस लगातार मादक पदार्थ के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। इसी दौरान मंगलवार की रात्रि नगर थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली की नया टोला में एक व्यक्ति मादक पदार्थो की तस्करी कर रहा हैं।

उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष अपने पुलिस बल के साथ नया टोला ग्राम पहुँच कर छापामारी किया गया तो छापामारी के क्रम में एक व्यक्ति पुलिस बल को देखकर भागने लगा। जिसे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ा गया । पकड़ाए व्यक्ति की पहचान संतोष कुमार मिश्रा (30) पिता श्यामानंद मिश्रा साकिन-द्वाशय, थाना डंडखोरा जिला कटिहार के रूप मे हुई। जबकि उनके पास से कुल- 74.50 ग्राम स्मैक ,03 मोबाईल व एक डिजिटल तराजू बरामद हुआ है । थानाध्यक्ष ने बताया की सभी सामग्री को जप्त करते हुए अभियुक्त खिलाफ थाना मे मामला दर्ज करते हुए अग्रेतर कारवाई की जा रही है।

# मां बमकाली की विदाई पर छलके आंसू, आस्था के समंदर में डूबा रूपौली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रूपौली/ पूर्णिया।** सपाहा गांव स्थित श्री श्री 108 महारानी बमकाली मंदिर इस वर्ष भक्ति और जनश्रद्धा के ऐसे अद्भुत संगम का साक्षी बना, जिसे देख हर मन भावविभोर हो उठा। मेला के समापन दिवस पर जब मां बमकाली की प्रतिमा को पालकी में विराजमान कर विदाई दी गई, तो पूरा वातावरण ह्लजय मां बमकालीह्ल के जयघोष से गूंज उठा। भक्ति का यह प्रवाह भावनाओं के अश्रुधार में परिवर्तित हो गया।

सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ पड़ी थी। दूर-दराज से आए भक्त मां के चरणों में प्रसाद अर्पित कर अपनी-अपनी मन्नतें मांग रहे थे। दिनभर घंटों, डमरू, ढोल-नगाड़ों और शंखध्वनि से गूंजते वातावरण में ऐसा लग रहा था मानो स्वयं मां धरती पर अवतरित होकर भक्तों का आशीर्वाद स्वीकार कर रही हों। जैसे ही संध्या का समय हुआ, मंदिर प्रांगण दीपमालाओं से जगमगाने लगा। मां की विदाई का क्षण आया, और श्रद्धा का सागर उमड़ पड़ा। महिलाएं थाल में दीप लिए आरती उतारती रहीं, जबकि बुजुर्गों की आंखों से भक्ति के आंसू झरते रहे। बच्चों के चेहरों पर भी मां के जाने का विषाद झलक रहा था। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि गांव की हर श्वास ह्लमां फिर जल्दी आनाह्ल की गुहार कर रही हो। इस वर्ष मेला का विस्तार और भव्यता दोनों ही उल्लेखनीय रहे। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश से लेकर नेपाल तक के श्रद्धालु मां के दरबार में पहुंचे। हजारों की संख्या में छागरों की बली दी गई, क्योंकि मान्यता है कि यहां मांगी गई हर मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। पूरे आयोजन की निगरानी प्रशासनिक दृष्टि से सुदृढ़ रही। अनुमंडल पदाधिकारी अनुपम एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप गोल्डी ने लगातार स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्था सुनिश्चित की। बीडीओ अरविंद कुमार, अंचलाधिकारी शिवानी सुरभि, पुलिस निरीक्षक हरिशंकर मिश्रा, टीकापट्टी थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार तथा अपर थानाध्यक्ष प्रियतम कुमार अपनी टीम के साथ सुरक्षा मोर्चे पर डटे रहे। मेला संचालन में अध्यक्ष ध्रुव कुमार मंडल, सचिव देव प्रसाद देव, कोषाध्यक्ष त्रिवेणी संगम, निर्देशक परीक्षण मंडल, मुकेश जायसवाल, प्रभात यादव, दीनदयाल दिवाकर, नीरज कुमार, सुनील चौधरी, पुजारी दुखरी चौधरी, पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों की सक्रिय भूमिका अनुकरणीय रही। रात्रि के अंतिम पहर में जब पालकी आगे बढ़ी, तो चारों ओर से केवल एक ही स्वर गूंज रहा था —'मां बमकाली की जय... फिर जल्दी आना मां!' दीपों की मद्धम लौ और वातावरण में घुली धूप की महक ने उस क्षण को अविस्मरणीय बना दिया। श्रद्धा की यह परंपरा केवल पूजा नहीं, बल्कि लोकसंस्कृति की वह विरासत है जो पीढ़ियों से रूपौली की पहचान बन चुकी है।

# परमान नदी में मिला अज्ञात युवक का शव, इलाके में दहशत का माहौल

**अमौर/पूर्णिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के पलसा पुल के नीचे परमान नदी में बुधवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। नदी में शव तैरते देख ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर सैकड़ों की भीड़ उमड़ पड़ी। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए इसकी सूचना अमौर थाना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दिवा गश्ती दल के पुअनि बाबुद्दीन को पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर भेजा। स्थानीय लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष के बीच अनुमानित है। उसके शरीर पर टी-शर्ट, गंजी और लूंगी थी। चेहरा काफी खराब होने के कारण पहचान कर पाना मुश्किल हो रहा है। प्रथमदृष्टया आशंका जताई जा रही है कि शव कई दिनों से पानी में रहा होगा।थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को थाना परिसर में 72 घंटे तक सुरक्षित रखने का निर्णय लिया है ताकि इस अवधि में यदि कोई परिजन या परिचित पहचान करे तो उसे विधिवत सुपुर्द किया जा सके। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर तरह-तरह की चचार्एं हैं, वहीं पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है कि यह मामला हत्या, हादसा या आत्महत्या का है।

# काली पूजा देख लौट रहे वृद्ध की नदी में डूबने से मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ नाव से पैर फिसलने पर गहरे पानी में जा गिरा तीन घंटे बाद मिला शव

**अमौर/पूर्णिया।** काली पूजा देखकर लौट रहे एक वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई। अमौर थाना क्षेत्र के फकीर टोली वार्ड संख्या 9 निवासी उदय शर्मा (55 वर्ष), पिता लखीपद शर्मा, मंगलवार की संध्या करीब चार बजे नाव से नदी पार कर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान अचानक पैर फिसल जाने से वह संतुलन खो बैठे और गहरे पानी में जा गिरे।घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें बचाने का प्रयास किया, परंतु पानी की गहराई अधिक होने के कारण सफलता नहीं मिली। करीब तीन घंटे की अथक खोजबीन के बाद ग्रामीणों को उनका शव नदी से बरामद हुआ।

सूचना मिलते ही अमौर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

घटना की पुष्टि करते हुए पंच सदस्य संग्राम कुमार शाह ने बताया कि मृतक उदय शर्मा शांत और मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। उन्होंने अंचल प्रशासन से मृतक के आश्रितों को सरकारी मुआवजा देने की मांग की है।

# कटिहार ने जीता श्यामा कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब

## भटोत्तर मैदान में रोमांचक मुकाबले में डीबीडी पूर्णिया को 1-0 से दी मात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बड़हरा कोठी/पूर्णिया।** काली पूजा के शुभ अवसर पर माँ श्यामा स्पोर्टिंग क्लब, भटोत्तर की ओर से आयोजित श्यामा कप फुटबॉल प्रतियोगिता में कटिहार की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत का परचम लहराया। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में कटिहार ने डीबीडी पूर्णिया को 1-0 से पराजित कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।

मैच के एकमात्र गोल के नायक रहे जर्सी नंबर-10 खिलाड़ी रविराज, जिन्होंने अपनी कुशल रणनीति और बेहतरीन खेल कौशल से टीम को जीत दिलाई। उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें ह्लमैन ऑफ द मैचह्ल के खिताब से नवाजा गया।

पुरस्कार वितरण समारोह में उपविजेता टीम डीबीडी पूर्णिया के कप्तान को सेवानिवृत्त शिक्षक श्यामल प्रसाद सिंह ने उपविजेता शील्ड प्रदान की, जबकि मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक जितेंद्र नारायण सिंह ने विजेता टीम कटिहार के कप्तान को विजेता शील्ड देकर सम्मानित किया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री सिंह ने दोनों टीमों की खेल भावना और अनुशासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ह्लऐसे आयोजन युवाओं में टीम स्पिरिट और खेल के प्रति समर्पण को नई दिशा देते हैं।ह्ल उन्होंने माँ श्यामा स्पोर्टिंग क्लब के सभी सदस्यों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

मैदान में दर्शकों की भीड़ ने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर जमकर तालियों की गड़गड़ाहट से उत्साहवर्धन किया। पूरा वातावरण काली पूजा की आस्था और खेल के जोश से सराबोर रहा।

# सड़क किनारे पड़ा मिला लावारिस शव

## कई घंटे तक नहीं पहुंची पुलिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढ़ा /कटिहार।** कोढ़ा थाना क्षेत्र कटिहार गेड़ाबाड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग 81भटवाड़ा के चरखी के पास सड़क किनारे में सुबह से एक लावारिश शव पड़ा हुआ। 5 घंटे के बाद भी नहीं पहुंची कोढा पुलिस।

मामले को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि मृतक व्यक्ति दिमागी स्वास्थ्य को लेकर कमजोर हैं यह व्यक्ति पिछले कुछ दिनों से आसपास मांग कर खाना खाकर वह पानी पीकर गुजारा किया करते थे रात में भी आसपास के लोगों से खाना पीना का मांग खाना खाया वहीं सड़क के किनारे टावर के समीप सो गए सुबह लोगों ने उसे देखा देखने पर उसे जगाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं उठा आसपास के जितने भी लोग हैं सभी दूसरे जिले से आकर मखाना फौरी का कार्य करते हैं जिस कारण सभी अपने काम में व्यस्त हो गए हालांकि ग्रामीण में उनकी सूचना कोढा पुलिस को दी लेकिन सुबह से खबर लिखे जाने तक घटनास्थल पर कोढा पुलिस नहीं पहुंच पाई है।

# आस्था के महापर्व छठ को लेकर विजय स्पोर्टिंग क्लब की बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** औद्योगिक प्रांगण क्षेत्र विजय बाबू के पोखर पर विजय स्पोर्टिंग क्लब के नेतृत्व में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी लोक आस्था का महान छठ पर्व की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष विकास सिंह ने की। बैठक को संबोधित करते हुए विकास सिंह ने बताया कि नगर निगम और विजय स्पोर्टिंग क्लब के संयुक्त तत्वाधान में विजय बाबू पोखर पर साफ सफाई का काम अंतिम चरण में है अध्यक्ष विकास सिंह ने जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, नगर निगम, बिजली विभाग,बियाडा विभाग, स्वयंसेवी संस्थाओं में जीवन ज्योति सेवा संस्थान, लायंस क्लब,सिविल डिफेंस,रेडक्रॉस से विजय बाबू के पोखर पर छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हो इसके लिए सहयोग करने का अनुरोध किया है।



श्री सिंह ने बताया कि विजय बाबू के पोखर पर छठवर्तियों एवं श्रद्धालुओं को निशुल्क गंगाजल, दूध, अगरबत्ती,आम का पल्लव, दतमन ,दवाई,डॉक्टर, डायबिटीज चेकअप, एम्बुलेंस, गोताखोर नाव की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी श्री सिंह ने बताया कि क्लब के एक-एक साथी दुर्गा पूजा के बाद से ही लोक आस्था का महान छठ पर्व की तैयारी को लेकर जोर जोर से लगे हुए हैं श्री सिंह ने सदस्यों एवं उद्यमियों से सहयोग राशि जल्द से जल्द जमा करने का अनुरोध किया है ' बैठक को संबोधित करने वालों में संरक्षक बीके सिंह श्यामल किशोर सिन्हा, बद्री शाह ,आजाद सिंह,, मोहम्मद नौशाद ,असद इकबाल ,सूरज कुमार, मनोज कुमार चुन्नू ,प्रेम कुमार शाह ,गौरव शाह ,विजय चौधरी राजीव कुमार विश्वकर्मा, रमाकांत कुशवाहा राकेश शर्मा दिग्विजय सिंह अधिवक्ता,प्रदीप शाह, प्रहलाद कुशवाहा,ललन सिंह रंजन सिंह, डिंपी मंडल, राजू अग्रवाल ,पिंकू यादव सुनील कुमार सिंह बौआ ,मौसम कुमार सिंह धीरज झा,राजेश कुमार शर्मा, नवीन कुमार दास, विवेक सिंह, राठौड़ अमित कुमार सिंह, करण कुमार ,अजय साह, राजाजी, विक्रम कुमार सिंह , अजय सिन्हा, बच्चू सरकार, कुंदन वर्मा पिंटू यादव, देव कुमार मंडल, सुभाष मंडल,प्रमोद पासवान, मनोवर इस्लाम, मोहम्मद अमीरुल, मोहन बादवानी, भीम वाधवानी, श्रीकांत शर्मा, अविनाश कुमार, गंगुबाधवानी,संजय कुमार शाह, लालमोहन सिंह,सिकंदर मंडल, राजेश चौधरी, बादल साह , विजय साह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# आब्जर्वर ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**डंडखोरा/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र में द्वितीय चरण में होने वाले विधानसभा के चुनाव की प्रशासनिक तैयारी जोरों से चल रहा है। कदवा विधानसभा क्षेत्र के लिए चुनाव आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त आब्जर्वर राहुल कुमार हरिदास ने प्रखंड क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने मतदान कक्ष, शौचालय, पेयजल, रैंप,रौशनी,स्वच्छता आदि की व्यवस्था का जायजा लिया एवं त्रुटियों को चिह्नित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम प्रकाश एवं विद्यालय प्रधान को सुधार करने का निर्देश दिया।इस क्रम में उन्होंने भमरैली, रघैली, नेपड़ा आदि विद्यालयों एवं अन्य भवनों में स्थापित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए मतदान कर्मियों के पहुंचते हीं उनके विश्राम की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया।बीडीओ के साथ चर्चा के दौरान उन्होंने मतदान प्रतिशत बढाने के लिए खासकर महिला एवं अनुसुचित जाति- जनजाति वर्ग के मतदाताओं के बीच मतदान करने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता जताई।मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी संजीत कुमार, पंचायत सचिव अमरदीप कुमार,सेक्टर पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक निखिल कुमार, संजीव कुमार गुप्ता, अनिल कुमार साह सहित कई अन्य मौजूद रहे।

# निर्वाचन कार्य में पारदर्शिता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : डीएम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आम निर्वाचन - 2025 के दृष्टिगत पुलिस प्रेक्षक, सभी विधानसभा क्षेत्रों के सामान्य प्रेक्षकगण, पुलिस प्रेक्षक अवुला रमेश रेड्डी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, पुलिस अधीक्षक अंबरीष राहुल एवं उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह द्वारा संयुक्त रूप से औरंगाबाद स्थित सिन्हा कॉलेज परिसर में निर्मित स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी तंत्र, सीसीटीवी कैमरा की कार्यशीलता, प्रवेश-निकास बिंदुओं की सुरक्षा व्यवस्था एवं अग्नि सुरक्षा उपकरणों की स्थिति का विस्तृत अवलोकन किया गया। साथ ही, संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि स्ट्रॉन्ग रूम परिसर में सुरक्षा व्यवस्था त्रिस्तरीय हो तथा किसी भी स्थिति में निर्वाचन संबंधी सामग्री की सुरक्षा में कोई शिथिलता न बरती जाए। इसके अतिरिक्त, प्रेक्षकगणों द्वारा संपूर्ण व्यवस्था से संतोष प्रकट करते हुए यह निर्देश दिया गया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए एवं सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण की जाएं। स्ट्रॉन्ग रूम परिसर के आसपास 24 घंटे निगरानी हेतु पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति के साथ-साथ अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को नियमित रूप से पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए गए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा यह भी कहा गया कि निर्वाचन कार्य से संबंधित प्रत्येक चरण में पारदर्शिता, सुरक्षा एवं निष्पक्षता सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

# ऑटो से टकराई हाइवा, एक की मौत, चार जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अज्ञात हाइवा ने एक ऑटो को टक्कर मार दिया जिसमें ऑटो सावर पांच लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इलाज़ के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना ओबरा थाना क्षेत्र के महथू मोड़ की है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के खरांटी गांव निवासी लालू यादव के 32 वर्षीय पुत्र हीरालाल यादव के रूप में की गई है। घायलों में ओबरा थाना में पदस्थापित महिला सिपाही का पति सत्यम कुमार, ओबरा थाना क्षेत्र के ही बभनडीहा गांव के रहने वाले 45 वर्षीय अफजल, ओबरा बाजार के रहने वाले 7 साल का इमरार शाह, 55 साल के इबरार आलम और अब्दुल तौहर शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक ऑटो ओबरा से जम्होर की ओर सवारियों को ट्रेन पकड़वाने जा रही थी। इसी क्रम में उस जगह अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी और चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया. इस घटना में ऑटो सवार आठ लोग जख्मी हो गए जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से प्राथमिक इलाज के उपरांत बेहतर इलाज के लिए तीन जख्मियों को सदर अस्पताल भेज दिया गया। यहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत हीरालाल को मृत घोषित कर दिया. जबकि अन्य जख्मी व्यक्ति इलाजरत है। सूचना पर सदर अस्पताल पहुंची नगर थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि वह घर से रफीगंज स्थित अपने साढू के घर जाने के लिए ट्रेन पकड़ने अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन जा रहा था। इस दौरान दुर्घटना का शिकार हो गया। घटना के बाद मृतक के पांच बच्चों के सिर से पिता का साया उठ चुका है। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने मृतक के आश्रितों के लिए मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से ऑटो सवार पांच व्यक्ति जख्मी हो गए जिसमें इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। शेष अन्य जख्मियों का इलाज किया गया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## सोन नदी से 18 घंटे बाद किशोर का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मंगलवार को दाउदनगर थाना क्षेत्र के मेवा बिगहा स्थित सोन नदी में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई थी। घटना के 18 घंटे बाद किशोर का शव अरवल जिले के कलेर से बरामद किया गया है। दरअसल, मेवा बिगहा निवासी रंजित यादव के 15 वर्षीय पुत्र गौतम कुमार का पैर फिसलने से सोन नदी में जा गिरा था। इसके बाद वह नदी की तेज बहाव में लापता हो गया था। सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ टीम की सहायता से लापता किशोर की खोजबीन शुरू की गई। काफी मशक्कत के बाद कलेर से किशोर का शव बरामद किया गया। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। इस घटना से मृतक किशोर के परिजनों में शोक व्याप्त है। ग्रामीणों ने मृतक के आश्रितों के लिए मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि सोन नदी में डूबे किशोर का शव बरामद कर लिया गया है। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# चित्रगुप्त पूजा महोत्सव का आयोजन आज, जोर-शोर से की जा रही तैयारी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद शहर के कर्मा रोड स्थित चित्रगुप्त सभागार सह लोकनायक जयप्रकाश नारायण सांस्कृतिक भवन में गुरुवार को श्री श्री चित्रगुप्त पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस महोत्सव की तैयारी पूरे जोर-शोर से की जा रही है और इसमें जिले भर से कायस्थ परिवार समेत समाज के अन्य वर्गों के लोग शामिल होंगे। इस महोत्सव का आयोजन ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस (जीकेसी) औरंगाबाद के द्वारा किया जा रहा है। ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष कमल किशोर ने बताया कि चित्रगुप्त पूजा की शुरुआत गुरुवार को सुबह 11 बजे से होगी। इसके बाद दोपहर में 1 बजे से प्रसाद वितरण किया जाएगा। संध्या 6 बजे से महाआरती, संध्या 8 :30 बजे से प्रीतिभोज का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव को सफल बनाने में जीकेसी के अजय श्रीवास्तव, अजय वर्मा, ई. बी के श्रीवास्तव, डॉ अनिल कुमार सिन्हा, डॉ शीला वर्मा, श्रीराम अम्बष्ट, महेंद्र प्रसाद, मधुसूदन प्रसाद सिन्हा, राजू रंजन सिन्हा, राजेश सिन्हा, सूर्यकांत, दीपक बलजोरी, सुनील सिन्हा, गणेश प्रसाद लाल बाबू, अमीत कुमार, संजय सिन्हा आदि चित्रांश लगे हुए हैं। सभी के सहयोग से ही हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी यह कार्यक्रम सफल होगा। श्री किशोर ने बताया कि कलम के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त की पूजा कायस्थ परिवार के लोग धूमधाम के साथ करते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, कायस्थ जाति को उत्पन्न करने वाले भगवान चित्रगुप्त का जन्म यम द्वितीया के दिन हुआ। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भगवान चित्रगुप्त की पूजा की जाती है। हिंदू धर्म में चित्रगुप्त जी की पूजा का विशेष महत्व है। चित्रगुप्त कायस्थों के आराध्य देव हैं। भगवान चित्रगुप्त को कलम का देवता माना जाता है। चित्रगुप्त पूजा करने से साहस, शौर्य, बल और ज्ञान की प्राप्ति होती है। भगवान चित्रगुप्त ब्रह्मदेव की संतान हैं। वह ज्ञान के देवता हैं। भगवान चित्रगुप्त को यमराज का सहायक देव माना जाता है। यमलोक के राजा यमराज को कर्मों के आधार पर जीव को दंड या मुक्ति देने में कोई समस्या न हो, इसलिए चित्रगुप्त भगवान हर व्यक्ति के कर्मों का लेखा-जोखा लिखकर, यमदेव के कार्यों में सहायत प्रदान करते हैं। चित्रगुप्त जी का जन्म ब्रह्मदेव के अंश से न होकर संपूर्ण काया से हुआ था इसलिए चित्रगुप्त जी को कायस्थ कहा गया। कायस्थ पूजा के दिन भगवान चित्रगुप्त के साथ ही कलम और बही-खाते की भी पूजा करते हैं क्योंकि ये दोनों ही भगवान चित्रगुप्त को प्रिय हैं। इसके साथ ही अपनी आय-व्यय का ब्योरा और घर परिवार के बच्चों के बारे में पूरी जानकारी लिखकर भगवान चित्रगुप्त को अर्पित की जाती है। एक प्लेन पेपर पर अपनी इच्छा लिखकर पूजा के दौरान भगवान चित्रगुप्त के चरणों में अर्पित करते हैं।

## तीन चरणों में होगी उम्मीदवारों के खर्च की जांच

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** चुनावों के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा किए जानेवाले खर्चे की जांच तीन चरणों में होगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा इसके लिए सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों के लिए निर्वाची पदाधिकारियों की तैनाती की गई है। इन पदाधिकारियों की ओर से 30 अक्तूबर, 5 नवंबर और 9 नवंबर को राज्य कर भवन ब्लॉक मोड औरंगाबाद में दिन के 10 बजे से शाम के 5:00 बजे तक अभ्यर्थियों के खर्चे की जांच की जाएगी। सभी अभ्यर्थियों से उक्त निर्धारित तिथियों पर स्वयं अथवा प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर लेखा पंजी की जांच सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त लेखा जांच से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम 23 अक्टूबर को अपराह्न 4:00 बजे योजना भवन औरंगाबाद में आयोजित किया जाएगा जिसमें अभ्यर्थियों एवं प्रतिनिधियों का अनिवार्य रूप से सम्मिलित होना आवश्यक है। साथ ही, जिलाधिकारी की ओर से जारी निर्देश में कहा गया सभी अभ्यर्थी अपने द्वारा किए जा रहे खर्च, वाहनों के इस्तेमाल, प्रचार खर्च का विवरण संबंधित पदाधिकारी के समक्ष रखेंगे। जांच के उपरांत अगर उसमें कोई गड़बड़ी पाई जाएगी तो अभ्यर्थी को इसके लिए नोटिस जारी किया जाएगा।

# संभावित गड़बड़ी या अफवाह पर तुरंत होगी कार्रवाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** चुनाव आयोग के द्वारा गोह प्रखंड में तैनात सामान्य प्रेक्षक ने प्रखंड अंतर्गत विभिन्न अति संवेदनशील (असुरक्षित) क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के क्रम में प्रेक्षक ने सहायक निर्वाचित पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों के साथ क्षेत्र की निर्वाचन तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था तथा मतदान केंद्रों की भौतिक स्थिति का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान केंद्रों पर आवश्यक सभी सुविधाएं जैसे रैम्प, पेयजल, शौचालय, बिजली एवं छायादार व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रत्येक मतदाता निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। प्रेक्षक ने स्थानीय प्रशासन को यह भी निर्देश दिया कि अति संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्ती को और सघन किया जाए तथा किसी भी प्रकार की संभावित गड़बड़ी या अफवाह पर तुरंत कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण वातावरण सर्वोच्च प्राथमिकता है, और इसके लिए सभी अधिकारी एवं कर्मी अपनी जिम्मेदारियां पूरी निष्ठा से निभाएं।

# निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने पर पुलिस प्रेक्षक का जोर

## उम्मीदवार अधिकतम 40 लाख रूपये खर्च कर सकेंगे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** चुनाव के मद्देनजर मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ स्थाई समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस प्रेक्षक अवुला रमेश रेड्डी, सभी विधानसभा क्षेत्रों के सामान्य प्रेक्षकगण, जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, पुलिस अधीक्षक अंबरीष राहुल एवं उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे। बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखने, आदर्श आचार संहिता के अनुपालन तथा मतदान के दिन शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। राजनीतिक दलों से अपील की गई कि वे निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी नियमों और निर्देशों का पूर्णतः पालन करें, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया निर्बाध और निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सके। प्रेक्षक व्यय कोषांग की ओर से जानकारी दी कि प्रत्येक उम्मीदवार को प्रचार-प्रसार के लिए अधिकतम 40 लाख रुपये तक व्यय करने का अधिकार है। प्रत्येक उम्मीदवार को अपने खर्च का रजिस्टर रखना अनिवार्य होगा और निर्वाचन टीम के पास भी शैडो रजिस्टर होगा, जिसमें खर्च का संपूर्ण आकलन दर्ज किया जाएगा। प्रचार-प्रसार के लिए प्रयुक्त प्रत्येक वाहन का विवरण और उसका व्यय रजिस्टर में दर्ज करना आवश्यक होगा। निर्वाचन टीम द्वारा लगाए गए नाकों पर वाहन तलाशी के दौरान प्रचार सामग्री मिलने पर परमिशन लेटर प्रस्तुत करना अनिवार्य है, और सभी वाहनों पर परमिशन लेटर चिपकाना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, एफएसटी टीम और वीडियोग्राफी टीम द्वारा प्रचार-प्रसार, रैलियों, सामग्री, झंडे, टेंट, भोजन आदि पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और उनका आकलन शैडो रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा। अतः सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध किया गया कि वे अपने खर्चों को रजिस्टर में नियमित रूप से दर्ज करें ताकि दोनों रजिस्टरों में मिलान सुनिश्चित किया जा सके। पुलिस प्रेक्षक ने बताया कि किसी भी उम्मीदवार को सुरक्षा की दृष्टि से अंगरक्षक की आवश्यकता होने पर आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। यदि मतदान के दिन किसी दबंग व्यक्ति द्वारा किसी मतदाता को मतदान से रोका जाता है, तो इसकी सूचना तुरंत दें। प्रेक्षक ने यह भी अवगत कराया कि निर्वाचन संबंधी किसी भी शंका या समस्या के लिए उनका मोबाइल नंबर और मिलने का समय अखबारों में प्रकाशित किया गया है, और राजनीतिक दलों के सदस्य आवश्यकता पड़ने पर उनसे संपर्क कर सकते हैं। बैठक में सभी विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के सदस्य उपस्थित रहे।

# बिहार का विकास केंद्र और राज्य सरकार की जुगलबंदी का परिणाम : त्रिविक्रम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन समर्थित भाजपा प्रत्याशी त्रिविक्रम नारायण सिंह ने बुधवार को देव बाजार में आयोजित गठबंधन की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के विकास को जो गति मिली है, वह केंद्र और राज्य सरकार की समन्वित नीतियों और जुगलबंदी का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बिहार को विकसित राज्यों की कतार में लाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं और अब आवश्यकता केवल राजग को और मजबूत करने की है। बैठक में पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रबंधन में पूरी मजबूती से जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता को बूथ स्तर पर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करानी होगी ताकि गठबंधन को निर्णायक बढ़त मिल सके। बैठक के बाद भाजपा प्रत्याशी त्रिविक्रम नारायण सिंह ने औरंगाबाद प्रखंड के जसोइया गांव, जम्होर और पंडरावा पंचायत के विभिन्न गांवों का दौरा किया। उन्होंने आमलोगों से जनसंपर्क कर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की और विकास, सुशासन एवं स्थिर सरकार के लिए समर्थन मांगा। गांवों में लोगों की भारी उपस्थिति और उत्साह से चुनावी माहौल जीवंत रहा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस बार औरंगाबाद में भाजपा और एनडीए की जीत सुनिश्चित है।

# सामान्य प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आम निर्वाचन के दृष्टिगत बुधवार को विधानसभा क्षेत्र संख्या-221, नबीनगर के सामान्य प्रेक्षक द्वारा गोह, नवीनगर एवं बारुण प्रखंडों के अंतर्गत विभिन्न एसएसटी (स्थैतिक निगरानी दल) चेक पोस्टों तथा मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में प्रेक्षक द्वारा नवीनगर प्रखंड अंतर्गत कोइरीडीह स्थित एसएसटी चेक पोस्ट तथा बारुण प्रखंड अंतर्गत औरंगाबाद-रोहतास जिला सीमा पर स्थित सोन पुल एसएसटी चेक पोस्ट का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर प्रेक्षक ने वहां तैनात दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों से निर्वाचन संबंधी तैयारियों, वाहनों की चेकिंग प्रक्रिया, नगद एवं शराब आदि पर निगरानी व्यवस्था से संबंधित जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इसके अतिरिक्त, प्रेक्षक द्वारा नबीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या - 275, मध्य विद्यालय सुरार का भी स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्र पर उपलब्ध भौतिक सुविधाओं जैसे - रैम्प, पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, छायादार स्थान, दिव्यांगजन हेतु सुविधा आदि का अवलोकन किया तथा सभी आवश्यक सुविधाओं को ससमय सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में प्रेक्षक के साथ सहायक निर्वाचक पदाधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी, संबंधित थाना प्रभारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रेक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन आयोग के सभी निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुचारु मतदान सुनिश्चित कराया जाए। प्रेक्षक ने यह भी कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं की समय-समय पर समीक्षा की जाए एवं मतदाताओं के लिए निर्भय वातावरण में मतदान की सुविधा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

**फार्मेट-सी-1**

**(अभ्यर्थियों के लिए समाचार-पत्रों, टी.वी. में प्रकाशन हेतु)**

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता : **मीरा सिंह,** मीरा नर्सिंग होम, अशोक नगर, पोखरिया, जिला-बेगूसराय, बिहार

राजनैतिक दल का नाम : **आम आदमी पार्टी**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)

निर्वाचन का नाम : **बिहार विधान सभा**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **146 बेगूसराय विधानसभा क्षेत्र**

मैं **मीरा सिंह** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करती हूं।

| (क) | लंबित आपराधिक मामले | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 1 | श्री अजिताभ, न्यायिक दंडाधिकारी | नगर थाना कांड संख्या- 584/2020 | अंडर ट्रायल | 188,171(एफ)आइपीसी 27(ए) आरपी एक्ट |
| 2 | श्रीमती नैंसी कुमारी, न्यायिक दंडाधिकारी | मुफस्सिल थाना कांड संख्या- 261/2020 | अंडर ट्रायल | 341, 323, 427, 504/34 आइपीसी |
| 3 | श्री रोहित कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी | 318सी/2020 | अंडर ट्रायल | 341, 323, 427आइपीसी |
| 4 | श्री ओमप्रकाश, न्यायिक दंडाधिकारी | वीरपुर थाना कांड संख्या- 129/2020 | अंडर ट्रायल | 188,172(एफ)आइपीसी, 3/4 एपिडेमिक एक्ट |
| 5 | स्पेशल जज (एससी/एसटी) | 46/2025 एससी/एसटी कोर्ट | अंडर ट्रायल | 126(2), 351(2), 352(3)(5), बीएनएस और 3 (आइ)(आर)(एस) एससी/एसटी एक्ट |

| (ख) | आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में | | |
|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम एवं आदेश(शों) की तारीख (खें) | अपराध (धों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड |
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

**फार्मेट-सी-1**

**(अभ्यर्थियों के लिए समाचार-पत्रों, टी.वी. में प्रकाशन हेतु)**

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता : **कुंदन कुमार,** कपसिया, वार्ड नंबर-13, पो.-आइओसीएल टाउनशिप, जिला-बेगूसराय, बिहार

राजनैतिक दल का नाम : **भारतीय जनता पार्टी**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)

निर्वाचन का नाम : **बिहार विधान सभा**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **146 बेगूसराय विधानसभा क्षेत्र**

मैं **कुंदन कुमार** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं।

| (क) | लंबित आपराधिक मामले | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 1 | अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम (एमपी/एमएलए कोर्ट), बेगूसराय | नगर थाना कांड संख्या- 583/2020 | आरोप तय 16.05.2025 | 3171सी/188 भा.द.वि. एवं 127ए जनप्रतिनिधित्व अधिनियम आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन |

| (ख) | आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में | | |
|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम एवं आदेश(शों) की तारीख (खें) | अपराध (धों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड |
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

CMYK